सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

माघ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 212




गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं

## न्यूज डायरी

### घाटी में एलओसी के पास धमाका, दो जवान शहीद

**जम्मू ।** अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को हुए शक्तिशाली आइइडी धमाके में सेना के एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गये। सेना ने पुष्टि की और कहा कि हमारे सैनिक क्षेत्र पर हावी हैं और तलाशी जारी है। सैनिक गश्त कर रहे थे, तभी भट्टल क्षेत्र में एक अग्रिम चौकी के पास दोपहर शक्तिशाली विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद ही पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गयी।

### इटखोरी महोत्सव का सीएम करेंगे उद्घाटन

**चतरा।** सीएम हेमंत सोरेन 19 को राजकीय ईटखोरी महोत्सव का उदघाटन करेंगे। ईटखोरी महोत्सव के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही हैं।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 18 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 18 फरवरी को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा सकते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री शामिल होंगे।

### चार्जशीटेड आरोपियों की आज भी होगी सुनवाई

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड सात आरोपियों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। मामले में जेम्स सुरीन, ज्योति कुमारी झा, सुषमा नीलम सोरेन, सीमा सिंह, मोहन लाल मरांडी, कामेश्वर नारायण एवं संतोष कुमार गर्ग की अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गयी है।

### राज्य में संपत्ति कर वसूलना बड़ी चुनौती

**रांची।** राज्य के 47 नगर निगम, नगर पंचायत और नगर परिषद के लिए संपत्ति कर वसूलना बड़ी चुनौती बन गयी है। इन नगर निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 592 करोड़ 90 लाख 516 रुपये टैक्स वसूलने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक सिर्फ 104 करोड़ 91 लाख 89 हजार 455 रुपये की ही वसूली हो पायी है। ऐसे में शेष राशि वसूलना बड़ी चुनौती बन गयी है।

### आज क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा भारत

**अहमदाबाद।** चैंपियंस ट्राफी की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में भारतीय टीम बुधवार को यहां क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी। दो मैच जीत कर भारत सीरीज अपने नाम कर चुका है। 19 को चैंपियंस ट्राफी शुरू होने से पहले खुद को परखने का यह टीम इंडिया के पास अंतिम मौका है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |




## प्रयागराज महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार

# आज माघी पूर्णिमा अमृत स्नान पर बनेगा रिकार्ड

### महाशिवरात्रि अभी बाकी

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभ के मौके पर मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान शिखर पर पहुंच गया है। तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है।

मंगलवार को भी एक करोड़ लोगों ने पवित्र स्नान किया। इसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गयी। बुधवार माघी पूर्णिमा को अमृत स्नान और फिर महाशिवरात्रि पर भी अमृत स्नान में करोड़ों लोगों के आने के अनुमान है। महाकुंभ के समापन (26 फरवरी) में अभी 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

**अगला अमृत स्नान आज :** महाकुंभ का अगला अमृत स्नान बुधवार 12 को माघ पूर्णिमा पर है। आध्यात्मिक महत्व, भव्य अनुष्ठानों और अत्याधुनिक तकनीकी हस्तक्षेपों के मिश्रण के साथ, इस कुंभ मेले ने भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और डिजिटल सुविधा में नए मानक स्थापित किये हैं।

भीड़ प्रबंधन एक प्रमुख फोकस रहा है। माघ पूर्णिमा स्नान के दौरान सुचारू भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने 11 की सुबह से मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया है।

केवल आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं की अनुमति है।कल के अमृत स्नान को लेकर मंगलवार को अधिकारियों और केंद्रीय मंत्रियों ने तैयारियों की समीक्षा की। (शेष पेज 11 पर)



### मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित



माघी पूर्णिमा स्नान के दौरान सुचारू भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने 11 फरवरी, 2025 की सुबह से मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन के रूप में नामित किया है, जिसमें केवल आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं की अनुमति है।

## भू राजस्व, भूमि सुधार की समीक्षा में मंत्री ने चेताया

# अकारण आवेदन रिजेक्ट किया तो कार्रवाई : बिरुआ

- तकनीकी कारण से काम नहीं चलेगा
- सीओ को 50 शब्दों में ठोस कारण बताना होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने पर, चिन्हित सीओ पर अब कार्रवाई होगी। साथ ही अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित मामलों पर आवेदनों की अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीओ को पचास शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य है। मंत्री दीपक बिरुआ मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। श्री बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर, अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं। जिसका भुगतान सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें। (शेष पेज 11 पर)



### मॉडर्न रूम को करें दुरुस्त, परेशानी न हो

मंत्री ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाएं। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपने जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रुम में कैथी और बंगला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने सुविधा देने की आवश्यकता है।

# रिम्स-2 के निर्माण पर ग्रहण लगने की आशंका

### जमीन गयी तो पढ़ाई, शोध, विवि की मान्यता पर भी संकट: कुलपति

सुधीर

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार-3 के गठन के बाद से ही राज्य में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने खुद मोर्चा संभाला है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करने के साथ राजधानी रांची में रिम्स टू के निर्माण की योजना बनायी। रिम्स टू का निर्माण कांके प्रखंड में स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के जमीन पर होना है। अब बीएयू के वीसी डॉ सतीश चंद्र दुबे के बयान से रिम्स टू के निर्माण पर ग्रहण लगता नजर आ रहा है। उनका कहना है कि अगर विवि की जमीन चली गयी तो पठन-पाठन, शोध कार्य और विवि की मन्यता भी खतरे में पड़ सकती है।

**कांके में होना है रिम्स-2 का निर्माण :** रिम्स-2 का निर्माण कांके अंचल क्षेत्र में होना है। सीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बीएयू कैंपस की उस जमीन का स्थलीय निरीक्षण भी कर चुके हैं। निर्माण के लिए सरकार ने 1,074 करोड़ राशि का प्रावधान की है।

### क्या कहा वीसी ने

एग्रोटेक किसान मेला 2025 के समापन के मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार की मौजूदगी में बीएयू के वीसी डॉ सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि रिम्स-टू का निर्माण अगर विवि की जमीन पर हुआ तो विवि की मान्यता खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे पास वही एक बड़ा लैंड है, जिस पर खेती होती है। बीज उत्पादन होता है। पीएचडी के छात्र शोध करते हैं। सीएसआर की तीस परियोजनाएं हमारे यहां चलायी जाती है, जिसके लिए जमीन चाहिए। जमीन नहीं रहने पर परियोजनाएं नहीं चल पायेंगी। वीसी ने कहा कि कृषि विवि के लिए 1000 एकड़ जमीन की जरूरत होती है। हमारे पास सिर्फ 450एकड़ जमीन है। जमीन चली गयी तो निश्चित तौर पर सब कुछ बाधित हो सकता है।

# जीएसटी में बदलाव पर राज्यों से बात करें सांसद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बदलाव के लिए सांसदों को अपने राज्य से बात करनी चाहिए। श्रीमती सीतारमण ने सदन में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि जीएसटी के संबंध में सभी निर्णय जीएसटी परिषद लेती है। इसमें केंद्र तथा सभी राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं।

### संसद में बोलीं वित्त मंत्री



उन्होंने कहा कि यदि किसी राज्य को कोई फैसला लेना है, तो अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जीएसटी परिषद में आना चाहिए। कोई भी मुद्दा उठाने का किसी भी राज्य को पूरा अधिकार है। जीएसटी परिषद में सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी में बदलाव के संबंध में सांसदों को अपने राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद जीएसटी में बदलाव के संबंध में अपने राज्य के मंत्री से बात करें। इसके लिए वित्तमंत्री ने एक वस्तु पर कर की दर का उल्लेख किया जिससे ओडिशा और तेलंगाना में टकराव हो गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में एक समिति का गठन किया जाता है और सर्वसम्मति से फैसला होता है।

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश -नया विज्ञापन जारी करें

## चतुर्थ श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया में हाइकोर्ट का फैसला सही

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार द्वारा आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 2010 की भर्ती प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक घोषित कर दिया है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निरस्त हो गयी है। अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को छह महीने में उक्त पदों के लिए नया विज्ञापन जारी करने और नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। साथ ही कहा कि उम्मीदवारों को उनकी बात सुनने का अवसर दिये बिना बर्खास्त करने का फैसला सही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि असंवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से की गयी नियुक्तियों को संरक्षित नहीं किया जा सकता, भले ही उम्मीदवारों ने वर्षों तक काम किया हो और उनकी नियुक्ति रद्द करने से पहले उनकी बात नहीं सुनी गयी हो। यदि नियुक्ति प्रक्रिया अमान्य है तो नियुक्तियों को रद्द किया जा सकता है, भले ही व्यक्ति सेवा में शामिल हो गया है। दरअसल 29 जुलाई, 2010 के विज्ञापन के तहत अमृत यादव और अन्य कई लोगों की नियुक्ति चतुर्थ पद पर की गयी थी। बाद में नियुक्ति के लिए किया गया विज्ञापन रद्द कर दिया गया। इससे नियुक्त हुए लोगों ने पहले हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। लेकिन वहां भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली।



## अगला एआइ शिखर सम्मेलन भारत में, पीएम ने की पेशकश

# नयी तकनीक से रोजगार कभी घटे नहीं बढ़े ही हैं

### विकासशील, गरीब देशों के हितों पर ध्यान देना जरुरी

**पेरिस (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के रचनात्मक इस्तेमाल के लिए वैश्विक साझीदारी को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल साउथ (विकासशील और गरीब देशों) के हितों के समावेशन पर जोर दिया है। साथ ही पीएम मोदी ने भारत में अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी में करने की भी पेशकश की।

पीएम मोदी ने पेरिस के ग्रांड पैलेस में आयोजित एआइ समिट की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रों के साथ सह अध्यक्षता की। अपने समापन संबोधन में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आज की चर्चाओं ने हितधारकों में दृष्टि में एकता और उद्देश्य में एकता सिद्ध की है। उन्होंने कहा, एआइ की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है। नयी तकनीक से कभी राजगार घटे नहीं हैं, इतिहास गवाह है रोजगार के अवसर बढ़े ही हैं। एआइ पहले से ही हमारी राजनीति, हमारी अर्थव्यवस्था, हमारी सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को फिर से आकार दे रहा है। इस सदी में एआइ मानवता के लिए कोड लिख रहा है, लेकिन, यह मानव इतिहास में अन्य प्रौद्योगिकी मील के पत्थर से बहुत अलग है। यह नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक कल्याण के लिए इसे तैनात करने के बारे में भी है। इसलिए, हमें गहराई से सोचना चाहिए और नवाचार और शासन के बारे में खुलकर चर्चा करनी चाहिए।

(शेष पेज 11 पर)



### नये प्रकार की नौकरियां शुरू होंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि नौकरियों का नुकसान एआइ का सबसे अधिक डर वाला व्यवधान है, लेकिन, इतिहास ने दिखाया है कि प्रौद्योगिकी के कारण रोजगार खत्म नहीं होता है। इसकी प्रकृति में परिवर्तन और नये प्रकार की नौकरियां पैदा होती हैं। हमें एआइ-संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कौशल और फिर से कौशल प्रदान करने में निवेश करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एआइ की उच्च ऊर्जा तीव्रता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने भविष्य को ईंधन देने के लिए हरित शक्ति की आवश्यकता होगी। एआइ मॉडल आकार, डेटा आवश्यकताओं और संसाधन आवश्यकताओं में भी कुशल और टिकाऊ होना चाहिए।

## झारखंड कैडर के आइपीएस अब गृह राज्य महाराष्ट्र में देंगे सेवा

# लाठकर परमाणु ऊर्जा विभाग की सुरक्षा में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कैडर 1995 बैच के आइपीएस अधिकारी संजय आनंद लाठकर को केंद्र ने केंद्रीय परमाणु ऊर्जा विभाग का आइजी (सुरक्षा) नियुक्त किया है। श्री लाठकर अब अपने गृह प्रदेश महाराष्ट्र मुंबई स्थित परमाणु मुख्यालय में योगदान देंगे। केंद्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। झारखंड पुलिस के एडीजी (अभियान) संजय आनंद लाठकर एक तेज तर्रार और ईमानदार पुलिस अधिकारी माने जाते हैं। इससे पहले भी वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए वह झारखंड चैप्टर के आइजी भी रह चुके हैं। अब वह एक बार फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)



# इडी के नाम पर वसूली मामले में 6 मार्च को सुनवाई, पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इडी के अधिकारियों को मैनेज करने के कथित आरोपों की जांच के लिए दाखिल याचिका पर अब हाईकोर्ट 6 मार्च को सुनवाई करेगा। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई स्थगित कर दी गई है। कोर्ट ने इडी के अधिकारियों के विरुद्ध पीडक कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। इससे पहले राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें उसने रांची पुलिस को पंडरा ओपी, सुखदेव नगर थाना, जगन्नाथपुर थाना, अनगडा थाना, मोरहाबादी टीओपी, नामकुम थाना और देवघर थाना के 4 अक्टूबर 2024 से लेकर 17 अक्टूबर 2024 तक की सीसीटीवी को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। दरअसल रांची के पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पहली प्राथमिकी में अधिवक्ता सुजीत कुमार ने रंगदारी की मांग कर अपहरण करने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।


**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**मत्स्य कृषकों के लिए अति अल्पकालीन आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन के लिए प्रकाशित विज्ञापन PR 326566 Fish (24-25) D के द्वारा दिनांक 01.07.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई थी। इस योजना के तहत् प्रति एकड़ जलक्षेत्र के लिए 1875/–रू0 मत्स्य अंगुलिका के लिए अनुदान देय है। परन्तु अभी तक कार्यालय को किन्ही मत्स्य कृषकों के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुए है। उक्त योजना की अवधि विस्तार करते हुए इच्छुक मत्स्य कृषकों से दिनांक 19.02.2025 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

PR 346309 Fish (24-25)_D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-26/2024-25**

**Letter no - 157** **Date:- 10/02/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of 1.2 KM road from Padma Railway Station to Saraiyapar river Via Garukurha, Vill- Padma, Block- padma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 2,49,90,900.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 24.02.2025 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 05.03.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 05.03.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 07.03.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.**
**3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.**

PR 346271 (Minor Irrigation)24-25*D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (पर्यटन शाखा)**

**आम–सूचना**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची की अधिसूचना संख्या–पर्य०/यो०–33/2022–16 दिनांक 19–07–2023 द्वारा पर्यटन एवं यात्रा आधारित व्यवसायों का निबंधन हेतु The Jharkhand Tourist Trade Registration Rules 2023 का गठन किया गया है।

उप निदेशक, पर्यटन के पत्रांक 128/रॉंची दिनांक 31–01–2025 द्वारा Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण कार्य प्रारम्भ होने की सूचना देते हुए जिले के पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े व्यवसायी को निम्न कैटेगरी में Jharkhand Tourist Trade Registration Portal पर पंजीकरण कराने का निदेश प्राप्त है :–

| Sl. No. | Category/Unit | Fee |
|---|---|---|
| 1 | **Accommodation Unit** | |
| Category A | For Accommodation unit having 50 and more than 50 lettable rooms | Rs 50000.00 |
| Category B | For Accommodation unit having more than 30 lettable rooms and less than 50 lettable rooms | Rs 20000.00 |
| Category C | Home stay | Rs 3000.00 |
| Category D | Accommodation units like Tent city/ Tented accommodation, House Boat, Motor Carvan, River/ Lake Cruise. | Rs 500.00 for one month (minimum Rs.1500) |
| 2 | Tour Operator/ Travel Agent/Tourist Transport Operator | Rs 5000.00 |
| 3 | Tourist Guide | Rs 300.00 |
| 4 | Adventure Tourism/ Adventure Sports Operators/Wyater Sports Operators (ASO) | Rs 15000.00 |
| 5 | Boat Operator | Rs 300.00 |
| 6 | Professional Tourist Photographers | Rs 300.00 |
| 7 | Entertainment related Unit | Rs 15000.00 |

पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े सभी व्यवसायियों से अनुरोध है कि अपने अपने व्यवसायों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण नहीं कराने वाले व्यवसायियों के विरूद्ध Jharkhand Tourist Trade Registration Rules 2023 के प्रावधानों के आलोक में कार्रवाई की जाएगी।

पंजीकरण से संबंधित विस्तृत विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.kod.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, कोडरमा

PR 346292 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)24-25*D


## फैक्ट्री को खोलने के लिए सीएम से भी हुई सकारात्मक चर्चा

# 1996 से बंद बेकन फैक्ट्री को किया जायेगा पुनर्जीवित : शिल्पी नेहा

■ कुक्कुट प्रक्षेत्र और बत्तख प्रजनन केंद्र को देख कर मंत्री हुई नाराज



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके में 1996 से बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने की पहल दिखने लगी है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज इस फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि इस बंद फैक्ट्री को रिवाइव करने के लिए सीएम हेमंत सोरेन से भी चर्चा हुई है। एक समय में ये फैक्ट्री एशिया का नंबर फैक्ट्री हुआ करती थी, लेकिन महज 25 हजार रुपए की वजह से ये बंद हो गया। सूकर मांस के विभिन्न प्रकार के रेडी टू इट व्यंजन तैयार कर रैनबेक ब्रांड के नाम से ब्रांडिंग की जाती थी।

**सूकर पालन से जुड़े लोगों को मिलेगा फायदा** : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि इस फैक्ट्री के शुरू होते ही सूकर पालन से जुड़े लोगों को फायदा पहुंचेगा। सूकर पालकों के व्यवसाय में बढ़ोत्तरी होगी। इसके साथ ही मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि ब्यूरोक्रेट्स के भरोसे हर चीज को छोड़ा नहीं जा सकता है। हमें अपनी इच्छाशक्ति से काम करते हुए सकारात्मक परिणाम निकालने का प्रयास करना चाहिये। उन्होंने इसके साथ ही मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत वितरण किए जा रहे पशु अगर विभाग के फॉर्म सेंटर में तैयार पशु हो तो ये ज्यादा बेहतर होगा।

**भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार** : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र और बत्तख प्रजनन प्रक्षेत्र होटवार की स्थिति देख कर काफी नाराज हुई। यहां बनाए गए शेड की गुणवत्ता बेहतर नहीं होने से संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगायी।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट शब्दों में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान (आईएएचपी) और टीका औषधि लैब के बेहतर उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभाग हर स्तर पर सहयोग करने के लिए तैयार है।

# आज से हर हफ्ते अब थाने में होगा भूमि विवादों का होगा समाधान, लगेंगे कैंप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने प्रत्येक बुधवार को थाना स्तर पर भूमि विवाद समाधान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब, हर हफ्ते थानों में भूमि विवादों से संबंधित कैंप लगेगा। यह निर्णय भूमि संबंधी विवादों का समाधान करने और लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान प्रदान करने के लिए लिया गया है। इस दिवस के दौरान, थाना में सीओ और उनकी टीम की उपस्थिति में एक कैंप लगाया जायेगा, जहां शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न 3 बजे तक चलेगा।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भूमि विवाद में मारपीट और हत्या तक की घटनाएं हो जाती हैं। इसके अलावा, भूमि में छोटी-मोटी त्रुटि के निवारण को लेकर लोग अपना आवेदन या शिकायत लेकर कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते हैं। अब भूमि विवाद की छोटी-मोटी समस्याओं का स्थायी समाधान थाना स्तर पर करने की तैयारी है। इस संबंध में सिंहभूम समेत राज्य के सभी डीसी को आदेश दिया गया है। पूर्वी सिंहभूम के डीसी ने सभी सीओ को पत्र भेजकर बुधवार को भूमि विवाद समाधान दिवस मनाने को लेकर जरूरी तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश देने के साथ अंचल प्रशासन की जवाबदेही भी तय कर दी है। डीसी ने सभी सीओ को पत्र भेजते हुए कुल दस कॉलम में भूमि विवाद के प्रत्येक आवेदन को भूमि विवाद समाधान दिवस में इंट्री करने समेत अन्य अभियुक्ति की भी इंट्री करने का निर्देश दिया है।

## गुरुजी शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार हुआ है। वे दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। बताते चलें कि शिबू सोरेन को सांस लेने में तकलीफ के बाद एयर एम्बुलेंस से दिल्ली ले जाया गया था। उनके स्वास्थ्य को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही थीं, जिन्हें पार्टी ने खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन के साथ थे और उनकी देखभाल कर रहे थे। जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय ने लोगों से चिंता न करने की अपील की है।

## कई देशों के रक्षा मंत्रियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से रक्षा राज्य मंत्री की मुलाकात हुई

# मेक फॉर वर्ल्ड के लिए काम कर रहा भारत : मंत्री



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एरो इंडिया शो के दूसरे दिन मंगलवार को बेंगलुरु में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय वायुसेना और डीआरडीओ के सेमिनार को संबोधित किया। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने विभिन्न देशों के रक्षा क्षेत्र से जुड़े मंत्री और प्रतिनिधियों से मुलाकात की और भारतीय रक्षा उद्योग की विशेषताओं और दुनिया में भारत के रक्षा उद्योग से जुड़े कार्यों के बढ़ते प्रभाव से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत का रक्षा मंत्रालय आत्मनिर्भर भारत की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है। विकसित भारत 2047 हर भारतीय का लक्ष्य है। अब भारत मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के लिए भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा जगत की चुनौतियां बहुआयामी बन चुकी हैं। स्वदेशी प्रयासों के माध्यम से भारतीय वायुसेना के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता पर हम सबको गर्व है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भारतीय वायुसेना नेतृत्वकर्ता की भूमिका में है। भविष्य की प्रौद्योगिकी यानि मानव और मानव रहित टीमिंग को साकार करने की दिशा में काम कर रही है। भारतीय वायुसेना जिस मॉडल पर काम कर रही है, उसके तहत भारत आसमानी सुरक्षा के क्षेत्र में आने वाले दिन में और भी मजबूत होगा। वैश्विक स्तर पर हम उद्योगए शिक्षा जगत और सशस्त्र बलों में साझेदारी को और भी बढ़ा रहे हैं।

वहीं, डीआरडीओ की परिचर्चा में संजय सेठ ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के साथ डीआरडीओ मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के लिए काम कर रहा है। भारत एक आयातक की वर्तमान स्थिति से एक प्रमुख रक्षा निर्यातक बनने की राह पर है। मित्र देशों को भारत की अत्याधुनिक रक्षा क्षमताओं से अवगत कराने का यह अच्छा अवसर है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर/दक्षिण पूर्व रेलवे नीचे उल्लिखित निविदा संख्या जिसे **04.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** खोला जाना निर्धारित है, के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या: 1। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-119, दिनांक: 10.02.2025। कार्य का नाम:** गम्हरिया एवं कांड्रा स्टेशनों के बीच बिराजपुर में वर्तमान एलओबी का पीएफ संख्या 01 से नए स्टेशन भवन तक विस्तार। **निविदा मूल्य:** ₹20,19,602.56। **बयाना राशि:** ₹ 40,400। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छः) महीना। **क्रम संख्या: 2। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-128, दिनांक: 10.02.2025। कार्य का नाम:** राउरकेला-झारसुगुड़ा खंड के बीच 13 अदद स्टोन ब्रिज के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 43,12,394.13। **बयाना राशि:** ₹ 86,300। **पूरा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) महीना। **क्रम संख्या: 3। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-129, दिनांक: 10.02.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में आरयूबी का निर्माण करके 02 अदद प्रहरीयुक्त समपार फाटक संख्या आरबीके-63 और आरबीके-51 के उन्मूलन के सम्बन्ध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 95,31,658.63। **बयाना राशि:** ₹ 1,90,600। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जाएंगे। (PR-1122)

**कार्यालय उपायुक्त-सह जिला दण्डाधिकारी, रॉंची (जिला समाज कल्याण शाखा)**

**आवश्यक सूचना**

महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन रॉंची एवं राज्य सरकार कृत संकल्प है। महिलाओं को 24 घंटे सुरक्षा हेतु सहयोग प्रदान किया जा सके इसके लिए महिला हेल्प लाईन कार्यरत है। महिला हेल्प लाईन का टॉल फ्री नo. 181 पर हिंसा से पीड़ित महिला/बालिका अपना शिकायत दर्ज करा सकती है। शिकायत मिलने के बाद अविलम्ब उन्हे सहायता प्रदान की जाएगी, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्कालिक आश्रय वन स्टॉप सेन्टर जो कॉंके रोड रिनपास कैम्पस में संचालित है, के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

ह0/– उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रॉंची। ह0/– जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची।

PR.NO.346273 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D


# केंद्रीय योजनाओं के प्रति राज्य सरकार उदासीन : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं लेकिन, पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। इससे केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। प्रधानमंत्री आवास योजना में केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया। इसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड नीचे के पायदान पर है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया था। इसके कारण सैकड़ों निजी अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड के बदौलत मरीजों का दाखिला लेना बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि हर घर में नल से जल योजना का झारखंड में हेमंत सरकार ने बुरा हाल कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है लेकिन, राज्य सरकार केंद्र के पैसे का हिसाब नहीं देती है। इसके कारण पूरा मामला खटाई में फंस जाता है।



## मंत्री इरफान अंसारी ने याचिका वापस ली

**रांची।** राज्य सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच में इरफान अंसारी की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान उनकी ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। बता दें कि इरफान अंसारी ने झारखड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ संज्ञान लिया था।

## हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में एक मार्च को सुनवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी समन की अवहेलना मामले में एमपी-एलएलए मामले के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख एक मार्च निर्धारित की है। मामले में कोर्ट में उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर समन जारी है। मंगलवार को मामले में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी। उपस्थित नहीं होने पर अगली तारीख निर्धारित की गई है। अदालत ने बीते 23 दिसंबर को उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका को खारिज कर चुकी है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुये याचिकाकर्ता को मामले में व्यक्तिगत रूप से बुलाया है। मालूम हो कि हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया है।

## साहिबगंज के तत्कालीन डीसी रामनिवास पर हाईकोर्ट ने लगाया 50 हजार का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक खनन संचालक के खनन पट्टे को अवैध बताते हुए उसे रद्द करने के लिए साहिबगंज के तत्कालीन डीसी आईएएस रामनिवास यादव पर 50000 (पचास हजार) रुपये का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम.एस. रामचन्द्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने यह आदेश दिया है। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि उपायुक्त के पास याचिकाकर्ता को दिए गए खनन पट्टे को समय से पहले रद्द करने की कोई शक्ति नहीं है। फिर भी उन्होंने खनन पट्टा रद्द कर दिया। अदालत ने आईएएस रामनिवास यादव को 50000 रुपये के जुर्माने देने के अलावा याचिकाकर्ता को 8 सितंबर 2023 से आज तक खनन कार्य करने से रोकने के लिए प्रतिवादियों से नुकसान का दावा करने के लिए सिविल कोर्ट जाने की स्वतंत्रता दी है। इस संबंध में प्रकाश यादव के स्वामित्व वाले मेसर्स हिल मूवमेंट द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी ने बहस की।

## पैनम कोल के खिलाफ पीआइएल में झारखंड सरकार के जवाब से हाईकोर्ट असंतुष्ट

**रांची।** पैनम कोल माइंस द्वारा अवैध खनन किये जाने की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्टि जाहिर करते हुए दुबारा बिंदुवार और स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब हाईकोर्ट 19 फरवरी को इस मामले में सुनवाई करेगा। दरअसल पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था। लेकिन उस पर यह आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस संबंध में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## प्रदीप वर्मा ने पंडित दीनदयाल को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** भाजपा सांसद प्रदीप वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि समर्पण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होंने कहा कि पंडित जी एक कुशल संगठनकर्ता, विचारक एवं राजनेता थे। उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत को प्रतिपादित करते हुये समाज के अंतिम पायदान में खड़े वंचित वर्ग गरीब किसान दलीत पीड़ित शोषित और आदिवासियों के विकास एवं कल्याण की बात कही। पंडित जी का विश्वास था कि जबतक वंचित वर्ग तक विकास की किरण नहीं पहुंचेगी तबतक समाज खुशहाल व देश विकसित नहीं होगा। हम सभी पंडित जी के दिखाये मार्ग में चलने और वंचित वर्ग के कल्याण के प्रति सतत प्रयत्नशील रहे, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ओबीसी का फर्जी सर्वे बंद कराने की मांग

## सर्वेक्षण में अनियमितता को देखते हुए लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने ओबीसी के सर्वेक्षण में अनियमितता व फर्जीवाड़ा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। राजेन्द्र प्रसाद ने लिखा है ओबीसी के सर्वेक्षण में घोर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जो ओबीसी समुदाय के साथ धोखा और उनके अधिकारों से खिलवाड़ है। श्री प्रसाद ने अखबार में प्रकाशित खबरों का हवाला दिया है। उन्होंने पत्र में मुख्यमंत्री को जानकारी दी है कि रघुवर सरकार में ही पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन देने को लेकर प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड रांची ने सभी जिलों को पत्र निर्गत किया था। सभी जिला को पत्र भेज कर पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को भेजने के लिए कहा गया था। श्री प्रसाद ने कहा कि सभी उपायुक्तों से सरकार को जानकारी लेना चाहिये कि उस पत्र के आलोक में पिछड़ी जातियों का जनसंख्या का सर्वेक्षण हुआ है या नहीं? यदि नहीं हुआ है, तो क्यों नहीं हुआ? ओबीसी को लेकर उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## भाजपा मुख्यालय में पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

# पंडित दीनदयाल ने राष्ट्र के लिए जीवन किया समर्पित : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। भाजपाइयों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा के लिये समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का बलिदान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। आज भी उनकी हत्या का रहस्य देश के लिए चुनौती है। दीनदयाल जी के चिंतन में अंत्योदय के साथ एकात्म मानव दर्शन समाहित है। गांव, गरीब, किसान भारत के हैं प्राण। इनकी उन्नति ही अंत्योदय है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, सीमा पासवान, किशुन दास, सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, वरुण साहू, प्रेम मित्तल, शोभा यादव, संदीप वर्मा, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल शामिल थे।

## पंडित दीनदयाल के विचार और अंत्योदय हमसब के लिए प्रेरणा : अर्जुन मुंडा



**रांची।** भाजपाइयों ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और अंत्योदय की प्रेरणा हमें सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे। उनका सपना सबका साथ, सबका विकास को साकार करने का संकल्प हम सभी दोहराते हैं। वरुण साहू ने पंडित दीनदयाल के आदर्शों को याद किया। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, सुबोध सिंह गुड्डु समेत कई भाजपायी थे।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

बुधवार 12.02.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 292

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



### शॉर्टकट से पैसे कमाने और लालच में पड़ने से बचें, नए तरीके अपना कर ठगते हैं साइबर अपराधी

# सावधान और सतर्क होकर करें इंटरनेट का उपयोग : डीसी

**विशेष संवाददाता**




**धनबाद।** उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने आज यहां कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान अवश्य बना दी है। परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह की लालच में पड़कर लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में चली जाती है।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री मिश्र आज यहां समाहरणालय के सभागार में 'सेफ इंटरनेट डे' को लेकर कार्यशाला को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म आदि शामिल है। उन्होंने

कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए साइबर थाना प्रभारी अक्षय कुमार राम ने कहा कि कभी भी डिजिटल अरेस्ट की बात सुनकर भयभीत नहीं होना है। पैसा इन्वेस्ट कर अधिक रिटर्न देने वालों के जाल में नहीं फंसना है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। इसमें देरी करने से गोल्डन आवर खत्म हो जाता है।

कार्यशाला में अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई।

#### ये भी थे उपस्थित

कार्यशाला में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र के अलावा उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, विकास कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, डीआईओ श्रीमती सुनीता तुलस्यान, सीएससी मैनेजर अंजार हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एक नजर में

## आईएसएम के पूर्व छात्र अजीत रंजन बने पश्चिम बंगाल के राज्य सतर्कता आयुक्त



**धनबाद।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) के पूर्व छात्र अजीत रंजन वर्धन पश्चिम बंगाल के सतर्कता आयुक्त बनाए गए हैं। श्री बर्धन, जो आईएसएम के पूर्व छात्र हैं, ने 1986 में अप्लाइड जियोलॉजी में अपनी डिग्री पूरी की और 1987 में मिनरल एक्सप्लोरेशन में एम.टेक किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी थे।उन्हें हाल ही में पश्चिम बंगाल कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस उच्च पद पर नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल पांच वर्षों तक रहेगा। श्री बर्धन का शानदार करियर 1988 में शुरू हुआ जब उन्होंने पहले ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ONGC) में काम किया, उसके बाद 1989 में IAS कैडर में शामिल हुए। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए मई 2023 में अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

## प्रधान लिपिक के निधन पर शोक सभा



धनबाद। समाहरणालय के ट्रांजिट शाखा के प्रधान लिपिक कृष्णेंदु चौधरी के निधन पर मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा की गई। दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। उपायुक्त ने कहा कि वह कर्मठ, अनुशासन प्रिय एवं व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। सभी पदाधिकारी एवं सहकर्मियों के साथ उनका संबंध बहुत ही अच्छा था। ज्ञात हो कि श्री चौधरी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान 9 फरवरी को सीएमसी वेल्लोर में उनका निधन हो गया। शोक सभा में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, रविन्द्र ठाकुर, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के अलावा सभी कार्यालय के प्रधान लिपिक व कर्मचारी मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिशुओं का सुवर्ण प्रशान संस्कार संपन्न



**गिरीडीह।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को शिशुओं का सुवर्ण प्राशन संस्कार संपन्न हुआ। मौके पर प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने शिशुओं को सुवर्ण प्राशन की प्रथम खुराक पिलाई। शिशु वाटिका प्रभारी कल्पना कुमारी के नेतृत्व में सर्वप्रथम बच्चों का अग्निहोत्र कार्यक्रम हुआ, जिसमें छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने हवन की किया। आचार्य सतीश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इस कार्य को संपन्न कराया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि विद्या भारती की योजना के अनुसार संपूर्ण भारत के शिशु मंदिरों में 12 वर्ष तक के बच्चों का सुवर्ण प्राशन संस्कार होता है। यह आयुर्वेदिक दवा शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इसके सेवन से बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास बेहतर होता है। आज विद्यालय परिसर में 97 बच्चों को सुवर्णप्राशन की प्रथम खुराक दी गई। यह एक वर्ष में 13 बार बच्चों को दी जाती है। मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा कि सुवर्ण प्राशन की दो बूंद सामान्य एवं जटिल तथा संक्रामक रोग रोकने में कारगर है। इसमें विटामिन, मिनरल्स के अलावा आंशिक रूप से स्वर्ण धातु मौजूद रहता है।

## धनबाद से 15 फरवरी को दोपहर 12.40 बजे खुलेगी कुंभ स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने धनबाद से टुंडला तक कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन सिर्फ एक फेरे लगायेगी। गाड़ी संख्या 03697 धनबाद-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल 15 फरवरी को धनबाद से दोपहर 12:40 बजे खुलेगी तथा अगले दिन सुबह 9 बजे टुंडला पहुंचेगी। वापसी में 03698 टुंडला-धनबाद कुंभ स्पेशल 16 फरवरी को टुंडला से शाम 4 बजे खुलकर अगले दिन दोपहर 12:40 बजे धनबाद पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन पारसनाथ, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, चुनार, मिजार्पुर, प्रयागराज जंक्शन सहित अन्य स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं ।

## आदिवासी समाज ने बाबा तिलका मांझी का 275वां जन्मोत्सव मनाया



**मैथन।** बाबा तिलका मांझी का 275 वां जन्मोत्सव पं रघुनाथ मुर्मू विद्यालय में मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विद्यालय के अध्यापक एवं बच्चों ने बाबा तिलका मांझी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। साथ ही आसेका के सदस्यों ने भी बाबा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर बाबू राम मुर्मू, वकील टुडू, सुनिल हेम्बरम, बाबुजन हेम्बरम, रघुनाथ सोरेन, ओबी हेम्बरम, पान मुनि सोरेन, राधा किस्कू एवं पंडित रघुनाथ मुर्मू विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

## खरखरी में फायगिं, बमबाजी के अभियुक्त कारू यादव को नही मिली राहत

**धनबाद।** बीसीसीएल की खरखरी कोलियरी में हिलटॉप आउटसोर्सिंग में वर्चस्व को लेकर नौ जनवरी को फायरिंग,बमबाजी,आगजनी और बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह को पत्थर मार कर घायल करने के मामले के मुख्य आरोपी झामुमो नेता कारू यादव उर्फ देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत मे सुनवाई हुई। वरीय अधिवक्ता शाहनवाज की दलील सुनने के बाद पुलिस से कांड की दैनिक डायरी तलब की गई है। छह फरवरी कोप्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आइ जेड खान की अदालत ने कारू की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। उसे पुलिस ने 16 जनवरी 25 को बिहार के जमुई में पकडा था। 17 जनवरी को उसे जेल भेजा गया था। 9 जनवरी को मधुबन थाना क्षेत्र के हिल टॉप आउटसोर्सिंग में रैयत और कंपनी प्रबंधन के गुर्गों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें गोलीबारी, बमबाजी और पथराव की घटनाएं हुई।

### स्पीड न्यूज

## मायुमं ने 177 दिव्यांगों के बीच बांटे कृत्रिम अंग



**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच एवं श्री श्री भगवती जागरण कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में शक्ति मंदिर परिसर में तीन दिवसीय दिव्यांग शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से 177 दिव्यांगों को हाथ, पैर, कैलीपर्स, कान की मशीन, बैसाखी, व्हीलचेयर आदि नि:शुल्क वितरित किया। शिविर में मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, अरुण गुप्ता, अजय तायल, विकास पटवारी, स्थानीय शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, शक्ति मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एसपी सौंधी आदि मौजूद थे।

## श्रमिक कल्याण समिति की बैठक में भ्रष्टाचार पर चर्चा

**मैथन।** निरसा के कंचनडीह स्थित कार्यालय में मंगलवार को श्रमिक कल्याण समिति की बैठक श्रमिक प्रकोष्ठ प्रभारी लालबाबू यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ईसीएल मुगमा एरिया की विभिन्न कोलियरियों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर खास चर्चा की गयी। श्री यादव ने कहा कि कोलियरियों में श्रमिक की जगह कोई और काम करता है। इसके एवज में अधिकारियों की शह पर श्रमिकों से अवैध वसूली की जाती है। रिटायर्ड से एक दो साल पूर्व श्रमिकों को अंडरग्राउंड काम करने भेज दिया जाता है। फिर बाहर काम पर रखने के लिये श्रमिकों से अवैध वसूली की जाती है। समिति महाप्रबंधक से जांच करा इसपर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। बैठक में समिति के सचिव इम्तियाज खान, उपाध्यक्ष सज्जाद अंसारी, प्रभू नोनिया, ललित पासवान, हाबू घोष, शंकर केसरी आदि मौजूद थे।

# अवैध कोयले पर वर्चस्व को लेकर दो गुटों मे हुई मारपीट

**कोयलांचल में निरसा, कतरास, झरिया, बाघमारा आदि क्षेत्रों में अवैध कोयला खनन जारी है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोयले का कारोबार कोयलांचल में हाहाकार मचाता रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जिस तरह कोयले की अवैध तस्करी की सूचना मिल रही है वह कोयलांचल के लिए दुर्भाग्य का कारण बन सकता है। कोयलांचल में कोयले के वर्चस्व को लेकर खूनी संघर्ष तो कही मजदूरों की दबकर मौत होती रही है। अगर प्रशासन सजग नहीं होता है, तो कोयलांचल को काला दिन देखना न पड़ जाए

#### कोयला तस्कर सरकार के राजस्व का कर रहे बंटाधार

धनबाद में अवैध कोयला तस्करी का कारोबार फल फूल रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार के राजस्व का बंटाधार हो रहा है। वही इसमें कई तथाकथित लोग भी शामिल है। मैनेज मैनेज का खेल खेला जाता है, ओर अवैध कोयला दूसरे देशों में भेजा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो कोयलांचल में निरसा, कतरास, झरिया, बाघमारा आदि क्षेत्रों में अवैध कोयला खनन जारी है। वही थाने के सेटिंग गेटिंग से यह कारोबार फल फूल रहा है।

#### लहराया गया पिस्टल



ताजा मामला धनसार थाना क्षेत्र हल्दी पट्टी मे सोमवार को वर्चस्व व रंगदारी को लेकर दो गुटों मे मारपीट की है। यहां दो राउंड फायरिंग हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना पाकर धनसार पुलिस घटनास्थल पहुंची और एक खोखा बरामद किया है। वहीं एक पक्ष के आकाश साव को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि हल्दी पट्टी मे कुछ लोग हाइवा से कोयला उतारकर मोटरसाइकिल व साइकिल से धनबाद ले जाकर बेचते है। इस कारोबार में विकास नामक युवक का वर्चस्व है। दूसरे गुट के लोग भी यहां अपना वर्चस्व जमाना चाहते हैं। इसी मामले पर यहां विवाद बढ़ गया। इधर छोटू ओझा ने धनसार पुलिस को फोन कर बताया कि उन पर लोग झुठा आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कोई गोली नहीं चलाई है।आकाश ने ही पिस्टल चमकाई है। छोटू ओझा पूर्व में भी आर्म्स एक्ट सहित कई मामले का आरोपी रह चुका है। कुछ माह पूर्व ही हथियार के साथ धनसार पुलिस ने उसे पकड़कर जेल भेजा था।

#### मुख्य किरदार पर्दे के पीछे खेलते है खेल

**कोयला चोरी के धंधे के मुख्य किरदार पर्दे के पीछे रहकर सारा खेल खेलते हैं। उनके गुर्गे सेटिंग के जरिये धंधे को संचालित करते हैं। पर्दे के पीछे बैठे इन्हीं धंधेबाजों के इशारे पर सैकड़ों बेरोजगार अपनी जान जोखिम में डालकर खदान से कोयला चोरी करने जाते हैं, इस कोयले को निर्धारित स्थान पर जमा किया जाता है, जिसे फर्जी कागजात के सहारे मंडी व ईट भट्ठों में भेजकर लाखों की कमाई करते हैं। हर तरफ कोयले की लूट में छूट की चर्चा जोरों पर है। मगर धंधा है कि थमता ही नहीं। कभी अवैध उत्खनन में लोगों की जान गंवाने की खबर मिलती है, तो कभी कारोबार में वर्चस्व की जंग।**

## नाबालिग से दुष्कर्म मे दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी कोडरमा चंदावरा निवासी प्रवीण राणा को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख तय की है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर धनबाद थाने में 11 मई 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक प्रवीण पीड़िता के स्कूल में ही पढ़ता था। हमेशा वह उससे छेड़छाड़ करता रहता था। आरोप था कि 9 मई 24 को जब पीड़िता घर के बाहर थी तो प्रवीण ऑटो लेकर आया और उसे बहला फुसला कर धनबाद स्टेशन ले गया और ट्रेन से उसे कोडरमा लेकर चला गया। कोडरमा के एक होटल में प्रवीण ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 9 जुलाई 24 को प्रवीण के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 12 जुलाई 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

# तिलका मांझी की आदमकद प्रतिमा का पूर्व मख्यमंत्री ने किया अनावरण

**▸▸ अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ फूंका था क्रांति का बिगुल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** वीर शहीद तिलका मांझी की 275 वीं जयंती मंगलवार को पूरे कोयलांचल के लिए यादगार बन गई। गोल बिल्डिंग चैराहा पर उनकी आदमकद प्रतिमा का पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अनावरण किया। प्रतिमा को फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी गई।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब देश में कोई साधन नहीं था, तब भी आदिवासी जंगलों में निवास करते हुए अंग्रेजों के शोषण के खिलाफ लड़ने का काम करते थे। उन्हीं में से एक हैं बाबा तिलका मांझी, जिन्होंने 1773 से 1775 तक समाज को एकत्रित कर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अत्याचारी अंग्रेज अफसर लॉर्ड अगस्तस क्लिवलैंड को अपने पारंपरिक हथियार से मार डाला। परिणाम हुआ कि अंग्रेजों के हाथों उन्हें भी शहीद होना पड़ा।

मरांडी ने कहा कि आज भी आदिवासी परिवारों के रहन सहन में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। लेकिन देश के विकास में अपनी सहभागिता निभाने के साथ एकजुट होकर रहने की जरूरत है। इस दौरान आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य के साथ बाबूलाल का स्वागत किया।

#### मौके पर थे मौजूद

मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, तिलका मांझी स्मारक समिति के अध्यक्ष रायमुनी देवी, समिति के संरक्षक वीरेंद्र हांसदा एवं प्रमोद हेम्ब्रम, पूर्व विधायक तारा देवी, गणेश मिश्रा, विकास महतो, रमेश कुमार राही, राजकुमार अग्रवाल, धरमजीत सिंह, परितोष सोरेन, ज्ञान रंजन सिन्हा, डॉ लक्ष्मण सोरेन, सनातन सोरेन, रामकृष्ण सोरेन, प्रवीण हांसदा, चंद्रशेखर सिंह आदि मौजूद थे।

# जोडापोखर थाना क्षेत्र में 50-60 लाख का हर दिन बिकता है लॉटरी टिकट

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**झरिया।** विगत शनिवार समीक्षा बैठक के दौरान एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दनन ने सभी वरीय पदाधिकारियों को आदेश दिया था कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक, मादक पदार्थो की बिक्री व तस्करी के खिलाफ अभियान चलाने के साथ जुआ व लाट्री के अवैध कारोबार पर सख्ती से प्रभावी कार्रवाई की जाए। लेकिन साहब के आदेश को ताक पर रख कर अवैध लॉटरी का धंधा जारी है।

जोडापोखर, भौरा, सुदामडीह थाना क्षेत्र में अवैध लाटरी का गोरखा धंधा परवान पर है। राज्य सरकार द्वारा रोक के बाद भी इकबाल, तनवीर नामक तस्कर द्वारा प्रिंटिंग प्रेस में छपवा कर जाली टिकट बेचने का गोरखा धंधा चलाया जा रहा है। इनके पीछे एक कोयला तस्करी के कई मामले का व एक होटल संचालक का हाथ बताया जाता है। पुलिस के साथ मधुर सबंध होने का फायदा लाटरी संचालक इकबाल व तनवीर खुलेआम उठा रहा है। तस्कर भोले भाले लोगों को रातों रात लखपति बनाने का सपना दिखा मेहनत की गाढी कमाई डकार जाते हैं। पूर्व में भारी मात्रा में नागा लैंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल का प्रतिबंधित लाटरी टिकट बेचने का खुलासा हुआ था, जिसमें दर्जन भर आरोपी जेल जा चुके हैं।

#### अवैध लाटरी तस्कर का बजता है डंका

लॉटरी का अवैध धंधा कर लोगों को बेवकूफ बनाने वाले तस्कर तनवीर का कई थाना क्षेत्र में डंका बजता है। आसपास के लोगों के विरोध के बावजूद लाटरी का गोरखा धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सिंडिकेट में जाली टिकट का मास्टर माइंड कई बार जेल की सलाखों तक पहुच चुका है। अवैध लाटरी का काला धंधा का बेताज कहे जाने वाले इकबाल व तनवीर का तार निरसा से जुडने की चर्चा है। निरसा क्षेत्र के तस्कर द्वारा टिकट का फर्जी प्रिंट कराकर तनवीर व इकबाल के अड्डे पर पहुंचाया जाता है। इसके बाद इकबाल व तनवीर के नेतृत्व में कार्य करने वाले दो दर्जन गुर्गे अपने एजेंट के माध्यम से बेचने का काम कराते हैं।

अवैध लाटरी टिकट बिकने की जानकारी नहीं है। झारखंड में प्रतिबंध है। किसी कीमत पर अवैध धंधा नहीं होने दिया जायेगा। दोषी पर हर हाल में कार्रवाई की जायेगी। दोषी सलाखों के पीछे होंगे।

**आशुतोष कुमार सत्यम**
**डीएसपी, सिंदरी**

#### इन क्षेत्रों में खुलेआम बिकता लॉटरी टिकट

स्थानीय तस्कर तनवीर, मो इकबाल द्वारा झरिया थाना क्षेत्र के उपर कुल्ही, शमशेर नगर, नीचे कुली, शाहनगर, चौथा कुली, शमशेर नगर, बाटामोड, सबजी पट्टी, कोयरीबांध, लोदना, भागा मोड, कतरास मोड एवं तनवीर द्वारा जामडोवा, जोडापोखर, सुदामडीह, डीगवाडी, मोहलबनी, औऔरा सहित अन्य जगहों पर बिक्री कराया जाता है। इस सबंध में पुलिस कुछ भी बोलने से कतराते रही, मामले की जानकारी नहीं होने की बात कह कर जिम्मेदारी निभाई।

# ईसीएल प्रबंधन धैर्य की परीक्षा न ले समस्या का समाधान करे: बाबूलाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** ईसीएल गोपीनाथपुर कोलियरी में भाजपा लगातार संघर्ष कर रही है। प्रबंधन पक्ष हमारे धैर्य की परीक्षा न ले। हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो। उक्त बातें मंगलवार की शाम निरसा हाई स्कूल के समीप भाजपा नेता हर्ष कुमार सिंह के शादी समारोह में पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता में कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव हो गया है। नेता प्रतिपक्ष को लेकर बहुत हड़बड़ी नहीं है। जल्द नेता प्रतिपक्ष की घोषणा भी हो जाएगी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन और सीता सोरेन कहीं नहीं जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई नेतृत्व को देश की जनता पसंद करती है। दिल्ली, महाराष्ट्र हरियाणा इसके उदाहरण हैं। 27 वर्षों के बाद हमारी वापसी दिल्ली में हुई है। इसका असर पूरे देश की राजनीति में दिखेगा। अब हम पश्चिम बंगाल और बिहार भी जीतेंगे।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल, अखिलेश, लालू जैसे नेताओं पर देश की जनता का कोई विश्वास नहीं है। वे देश को गुमराह करने का कोशिश कर रहे हैं, जिनका कभी कोई राजनीतिक विल नहीं है। इंडिया गठबंधन के नाम पर लोगों को भरमाया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 136 करोड रुपये रॉयल्टी के बकाया की बात बोल रहे हैं। इसका पैटर्न क्या है। उनको बताना चाहिए कब का पैसा बाकी है, कहां से बाकी है। हमारे लिए पार्टी देश एवं संविधान ही सब कुछ है। हम संघर्ष करेंगे और झारखंड भी जीतेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आज निरसा में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। कुमार हर्ष की शादी के अवसर पर उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद भाजपा नेता मन्नू तिवारी की मां के निधन पर उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। हाल ही निरसा साहू समाज के अध्यक्ष दिनेश साव एवं भाजपा नेता मुकेश साव के पिता विश्वनाथ साव के निधन पर उनके सिनेमा हॉल मोड़ स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मौके पर भाजपा नेता संजय सिंह, शिव शंकर सिंह, उमाशंकर सिंह, रमाशंकर सिंह, श्रीकांत पांडे, मनोज सिंह, प्रेमजीत सिंह, मधुरेंद्र गोस्वामी, कामेश्वर ओझा, राजेश साव, मुकेश साव, दिनेश साव सहित अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हटिया मोड़ से विवेकानंद चौक तक हटा अतिक्रमण



**धनबाद।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान का कब्जेधारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। निगम के अफसर जितनी तेजी से कार्रवाई करते हैं, उतनी ही तेजी से सड़क किनारे दुकानें पुनः सज जाती हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह निगम की टीम ने हीरापुर हटिया मोड़ से वेवकानंद चौक तक दुकानदारों को बगैर कोई सूचना दिये अभियान चलाया। जेसीबी लगाकर दर्जनों स्थायी दुकानों को हटाया गया। दुकानदार जब अपनी दुकान पर पहुंचे तो निगम की कार्रवाई देखकर भौंचक रह गये। कुछ ने विरोध किया तो कई अपने बिखरे सामान समेटने में जुट गये। इस संबंध में निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि बार बार हिदायत के बाद भी दुकानें लगायी जा रही हैं। इससे सड़क जाम के साथ निगम की सफाई व्यवस्था भी बाधित होती है। इसलिए आज बगैर किसी सूचना के दुकानें हटायी गई हैं। इसके पहले भी दुकानें हटाई गई थी, लेकिन इन लोगों ने दुबारा लगा लिया था। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे स्थायी दुकान नहीं लगायी जा सकती है।

### एचयूआरएल सिंदरी ने की 100 दिवसीय यक्ष्मा शिविर की शुरुआत



**सिंदरी।** एचयूआरएल सिंदरी ने टेक्निकल बिल्डिंग में मंगलवार को 100 दिवसीय यक्ष्मा शिविर की शुरुआत की। उद्घाटन एचयूआरएल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, डॉ बी सुदर्शन एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एचयूआरएल के कर्मचारियों सहित 50 मजदूरों का टीवी स्क्रीनिंग की गई। साथ ही शपथ दिलाई गई कि अपने जीवन काल में टीबी से अपने परिवार, सहकर्मी और पड़ोसी को बचाने के लिए लोगों को खांसने के तरीके का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। देश को टीबी मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ चिकित्सक बी सुदर्शन, डाउट प्लस सुपरवाइजर सह चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कौशलेंद्र कुमार सिंह, एस टी एल एस नौशाद आलम, टी वी एच वी तनवीर आलम, एचयूआरएल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, वी पी गौतम माजी, एच आर सुजीत दुबे, मंशुल जैन, चिकित्सक डॉ जयेश प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## बाइक सवार मजदूर स्कूटी की टक्कर से हुआ जख्मी, जुटी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के लुंबी सर्कुलर रोड पर सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक ने बाइक सवार अजय कुमार दास को टक्कर मार दी, जिसमें वह जख्मी हो गए। वही देखते ही देखते भीड़ उमड़ पड़ी। पीड़ित बाइक सवार ने बताया कि भूदा से मजदूरी कर लौट रहे थे, तभी स्कूटी सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। उसके बाद स्कूटी सवार युवक भागने लगे। एक व्यक्ति उन लड़कों को पकड़ कर लाया। उन्होंने कहा कि चोट लगी है, पैसा दे दीजिए इलाज कराएंगे। यह बात सुन युवक भड़क गए और मारपीट करने लगे और धमकाने लगे कि उनके पापा सरायढेला थाने में हैं। बाद में मौके पर पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया।

## कांको मोड़ में बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर झामुमो ने किया माल्यार्पण

### जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के कई नेताओं ने किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता रतिलाल टूडू की अगुवाई में कांको मोड़ पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी वीर शहीद बाबा तिलका मांझी की जयंती मनाई गई। जिला संयोजक मंडली के सदस्य व आगंतुक सभी लोगों ने कांको मोड़ स्थित तिलका मांझी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर कर उनको नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा तिलका मांझी संथाल समुदाय के पहले आदिवासी नेता थे। उन्हें इतिहास के पन्नों में वह सम्मान नहीं मिला, जो दूसरे स्वतंत्रता सेनानियों को मिला। इस बात को लेकर संथाली समाज के लोग आज भी खुद को छला हुआ महसूस करते हैं। सभा में मौजूद झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, सचिव मन्नू आलम, डॉ नीलम मिश्रा, रमेश टूडू, अल्लाउद्दीन अंसारी, जग्गू महतो, मीणा हेम्ब्रम, रंजीत महतो, मंटू चौहान, अमित महतो, शिवप्रसाद महतो, उमेश ऋषि, राजेन्द्र प्रसाद राजा, मानस टूडू, बाबुजन टूडू आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## जियनपुर के दलित परिवारों की सुधि ले प्रशासन : राजेश यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत अंतर्गत दलित टोला जियनपुर का दौरा किया और वहां की गंभीर समस्याओं की जानकारी लेकर प्रशासन से इसकी सुधि लेने व समाधान की मांग की। लगभग 30 परिवारों वाले जियनपुर में फिलहाल पानी की घोर किल्लत है। कहने को तो यहां 3 सोलर आधारित पानी टंकी का निर्माण किया गया, लेकिन उसमें से 2 पूरी तरह बेकार पडी है। बाकी 1 टंकी से आसपास के 2-4 घरों को ही किसी तरह पानी मिल पा रहा है। लोगों में भारी नाराजगी है।

इन दलित परिवारों के लिए बेहतर सरकारी शिक्षा और अस्पताल भी मयस्सर नहीं। अधिकांश भूमिहीन हैं, लेकिन सरकारी जमीन नहीं मिली। श्री यादव ने कहा कि, दलितों का वोट लेने वालों ने उन्हें उपेक्षित कर रखा है। फाब्ला नेता ने लोगों से 22 फरवरी को गांडेय में किसान-मजदूरों की समस्याओं को लेकर मीटिंग में भाग लेने की अपील भी की।

मौके पर फाब्ला नेता रोहित यादव सहित बीरू तुरी, संजय तुरी, सीताराम तुरी, अशोक तुरी, रंजन कुमार, छोटू तुरी, बालो तुरी, अनिता देवी, कोबिया देवी, जिरवा देवी, कलावती देवी, प्रमिला देवी, ललिता देवी आदि मौजूद थे।

## सिंदरी:अदानी एसीसी सीमेंट प्रबंधन ने दो स्थायी कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**अजय पांडेय कंपनी में फोरमैन मेटेरियल हैंडलिंग और मुकेश पांडेय फोरमैन पद पर कार्यरत थे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** अदानी एसीसी सीमेंट वर्क्स सिंदरी प्रबंधन ने अपने दो स्थायी कर्मचारियों अजय पांडेय और मुकेश पांडेय को बर्खास्त कर दिया है। अजय पांडेय कंपनी में फोरमैन मेटेरियल हैंडलिंग और मुकेश पांडेय फोरमैन सिविल के पद पर कार्यरत थे। सीमेंट प्रबंधन की इस कार्रवाई से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। दोनों कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने नाम पर ट्रक खरीदा हैं और उनके टक अदानी एसीसी सीमेंट वर्क्स में सीमेंट परिवहन का काम करते हैं। प्रबंधन के सूत्रों ने बताया कि दोनों कर्मचारियों को 3 दिसंबर 2024 को पत्र देकर आगाह किया गया था। दोनों ने अपने ट्रक का ऑनरशीप बदलने के लिए दो माह का समय मांगा था। 5 फरवरी को लीगल इन्क्वायरी में दोनों कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त समय की मांग की गई थी। परंतु प्रबंधन ने कड़ा रुख अपनाते हुए कर्मचारी होने के वाबजूद अपने नाम पर व्यवसाय करने के काम कोआपत्तिजनक मानते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया है। दोनों वर्खास्त कर्मचारी मान्यता प्राप्त एसीसी सीमेंट वर्क्स यूनियन के पदाधिकारी हैं। एक उपाध्यक्ष तो दूसरा कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

मुकेश पांडेय ने बताया कि सीमेंट प्रबंधन का यह निर्णय यूनियन को तोडने की साजिश है और प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ वे न्यायालय जा सकते हैं।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सेवा निवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**कतरास।** प्राथमिक शिक्षक संघ कतरास अंचल द्वारा आयोजित सादे समारोह में विभिन्न विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व महासचिव नन्द किशोर सिंह, तापस कुमार ख्वाश, ललीता रानी गुप्ता, कौशल्या देवी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि अंचल कतरास की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम प्रतिमाह सुचारू रूप से संचालित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राममूर्ति ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष संजमय कुमार, जिला महासचिव सियाराम सिंह, सुधीर कुमार, राजकुमार, विनय रंजन तिवारी, मदन मोहन महतो, दिनेश राम, राकेश कुमार, राजकुमार ठाकुर, दिनेश कुमार पांडेय, धीरज कुमार रवानी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## भूली बस्ती में चोरी की बाइक के साथ दो पकड़े गए



**धनबाद।** भूली ओपी परिसर में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि वरीय पदाधिकारी द्वारा वाहन चेकिंग का आदेश प्राप्त हुआ था। आदेश के तहत संध्या गश्ती पदाधिकारी विजय कुमार राय को वाहन चेकिंग करने का जिम्मा दिया गया। उनके आदेश पर बैरिकेडिंग का इस्तेमाल करते हुए भूली बस्ती मोड़ के पास वाहन जांच की जा रही थी। तभी रात्रि लगभग 7 बजे झारखंड मोड़ के दो बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे। गश्ती दल की मदद से पीछा किया गया। पुलिस को देखकर गाड़ी घुमा कर भागने लगा। तभी भूली पुलिस की टीम ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया।

दोनों से बिना नम्बर की ब्लू रंग का हीरो होण्डा स्पलेंडर प्लस के संबंध में पूछताछ की गई तो बताया कि यह गाड़ी उनके दोस्त की है। संदेह होने पर हीरो होण्डा स्पलेंडर प्लस को भूली ओपी लाया तथा दोनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर फरीद खान द्वारा बताया गया कि मोटरसाईकल करीब डेढ महीना पहले मेमको मोड़ के पास से चोरी की थी और नम्बर प्लेट हटाकर निजी काम में इस्तेमाल करते थे। मंगलवार को दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया।

## गिरिडीह में 'साथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए' विषय पर कार्यशाला

# इंटरनेट शक्तिशाली उपकरण, इसमें है सीखने का अवसर : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता




**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में 'साथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य दुनिया में सुरक्षित और बेहतर इंटरनेट सेवा प्रदान करना है। लक्ष्य है कि प्रत्येक इंटरनेट उपभोक्ता अपने डेटा (निजी जानकारी) को उजागर किए बिना भी जिम्मेदारी के साथ इंटरनेट का उपयोग कर सकता है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर क्राइम, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि कहा कि इंटरनेट शक्तिशाली उपकरण है जिसमें सीखने, कौशल बढ़ाने और नई योग्यताएं और ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत सारे अवसर हैं। हालांकि, अवसरों के साथ जोखिम भी आते हैं। इंटरनेट डे का उद्देश्य जागरुकता बढ़ाना है, लेकिन ऑनलाइन बच्चों और युवाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाना भी है। डिजिटल क्षेत्र में, बेहतर ऑनलाइन अनुभव के लिए सहयोग आवश्यक है, खासकर युवा उपयोगकर्ताओं के लिए। सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट की उपयोगिता काफी बढ़ गई है। इस साल सुरक्षित इंटरनेट दिवस की थीम, 'टुगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट' है। इस थीम का चयन इसलिए किया गया, ताकि इससे जुड़े सभी लोग एक साथ आने के लिए प्रोत्साहित हो सके। जिससे वेब को सभी के लिए खासकर बच्चों और युवाओं के लिए के लिए सुरक्षित और बेहतर जगह बनाया जा सके।

## एक नजर में

### मजार की जमीन भी नहीं छोड़ते इलाके के दबंग, डीसी के जनता दरबार में लगाई गुहार



**धनबाद।** सरकारी गैर मजरूआ या गरीबों की जमीन पर जबरन कब्जा की बात तो सुनी कही जाती थी लेकिन आज उपायुक्त के जनता दरबार में मजार की जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत ने सबों को चौंका दिया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न भागों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखीं। इसमें धनबाद रेलवे स्टेशन रोड, हिल कॉलोनी स्थित मजार की देखरेख करने वाली कमेटी के सचिव ने मजार पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत से सबके कान खड़े हो गए। कमजोर कमेटी के सचिव ने डीसी को बताया कि उपरोक्त संपत्ति वक्फ बोर्ड की है। वक्फ बोर्ड ने इसकी देखरेख के लिए वर्ष 2017 में एक कमेटी गठित की है। कमेटी द्वारा देखभाल कर वहां विकास कार्य भी किया जा रहा है। परंतु कुछ दबंगों द्वारा कमिटी को दरकिनार कर वहां जबरन कब्जा कर मनमानी की जाती है। उपायुक्त सुश्री मिश्र ने सभी आवेदनों का निष्पादन करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी उपस्थित थे।

### बीओसीपी माइंस के हाजिरी घर पर कोल कर्मी का शव रख आंदोलन



**कतरास।** कोल कर्मी पारस बेलदार की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हो गयी। परिजनों के साथ श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि शव लेकर ब्लॉक दो क्षेत्र के बीओ सीपी माइंस के 14 नम्बर हाजिरी घर पहुंचे। वहां शव को रख आंदोलन पर उतर आए। मृत पारस के आश्रित पुत्र को शीघ्र नियोजन देने की मांग करने लगे, जिससे पारियोजना का पूरा काम ठप हो गया। प्रबंधकीय टीम ने वार्ता की। 90 दिनों के भीतर उसके आश्रित को नियोजन दिलाने का आश्वासन दिया। लेकिन परिजन और श्रमिक नेतागण मानने को तैयार नही हुए। क्षेत्रीय व मुख्यालय के अधिकारियों से संपर्क करने के बाद प्रबंधन और श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों के बीच सहमति बनी। मृतक के आश्रित पुत्र सूरज को औपबंधिक नियोजन एवं अन्य पावना राशि भुगतान करने का समझौता पत्र बना। स्थायी नियोजन के लिए 60 दिनों के भीतर प्रक्रियाएं पूरी कर आवेदन दाखिल करने को कहा गया। इसके बाद शव को लेकर स्वजन गए और काम चालू हुआ। बता दें कि विगत 5 फरवरी को ड्यूटी से घर लौटने के बाद पारस की तबीयत खराब हो गयी थी। स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ तो 10 फरवरी को केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। वह बीओसीपी माइंस में डोजर ऑपरेटर के पद पर कार्य करते थे।

### एफसीआई सिंदरी के 1164 आवासों को पी पी कोर्ट नोटिस निर्गत

**सिंदरी।** एफसीआई प्रबंधन ने सिंदरी के डोमगढ़, मनोहरटांड़ और एस एल टू के आवासों को खाली कराने के लिए पी पी कोर्ट की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवासों से बेदखली के एफसीआई प्रबंधन के तेवर से लोगों में दहशत है। एफसीआई सिंदरी संपदा और वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि डोमगढ़ स्थित विभिन्न श्रेणी के आवासों पर अनधिकृत कब्जा धारी 924 लोगों के खिलाफ पी पी कोर्ट का नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं एफ सी आई के भूखंडों पर कब्जा करने वाले 240 लोगों के खिलाफ नोटिस दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोटिस तामिल होने के 15 दिनों के बाद इन लोगों को पी पी कोर्ट में हाजिर होकर अपना पक्ष रखना है। मनोहरटांड़ और एस एल टू के संबंध में उन्होंने बताया कि पूर्व में पी पी कोर्ट इविक्शन आदेश पारी कर चुका है। इस बार दुबारा इविक्शन आदेश पारित कर दिया जाएगा।

**15 फरवरी को गेट जाम में शामिल हों सभी सिंदरीवासी: धीरज**

डोमगढ़ बचाओ मोर्चा संयोजक धीरज सिंह ने एफसीआई प्रबंधन की कार्रवाई को भेदभाव पूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सिंदरी वासियों के साथ इस अन्याय के विरोध में सभी सिंदरीवासी एक मंच पर आएं। एफसीआई प्रबंधन की आवास नीति के विरोध में 15 फरवरी को डोमगढ़ बचाओ मोर्चा सिंदरी वासियों के साथ एफसीआई प्रबंधन का चक्का जाम करेगा। उन्होंने सिंदरीवासियों से अपील की है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए 15 फरवरी को सुबह 10 बजे एफसीआई गेट पर एकत्रित हों।

### जेसीआई चिरकुंडा-बराकर चेप्टर की अध्यक्ष चुनी गई प्रिया गड्याण



**मैथन।** प्रिया गड्याण जेसीआई (जूनियर चैंबर इंटरनेशनल) चिरकुंडा-बराकर चेप्टर की अध्यक्ष चुन ली गयी हैं। सोमवार की रात कुमारधुबी क्लब में वार्षिक बैठक हुई, जिसमें ध्वनि मत से श्रीमती गड्याण को अध्यक्ष बनाया गया। पूनम खरकिया सचिव, नेहा तुलस्यान उपाध्यक्ष एवं पंकज अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गये। अजय शर्मा, मुकुल अग्रवाल एवं राहुल खरकिया की अगुवाई में संपन्न चुनाव से पूर्व पिछले दो साल के कार्यों की समीक्षा की गयी। साथ ही चालू वर्ष में कार्य एवं संख्या बल बढ़ाने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष प्रिया गड्याण ने कहा कि इस चेप्टर से महिलाओं को जोड़ने पर विशेष बल दिया जाअगा। टीम भावना से चेप्टर को बुलंदी पर पहुंचाने का काम किया जाएगा। चुनाव अधिकारी अजय शर्मा ने कहा कि 1992 में जेसीआई चिरकुंडा-बराकर चेप्टर का गठन हुआ था। तब से व्यक्तित्व विकास के हर क्षेत्र में संस्था काम कर रही है। मौके पर अभिषेक गोयल, राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, अमित खरकिया, पंकज बंसल, अभिषेक गड्यान, मुकेश अग्रवाल, अभिषेक लोसलका, कुणाल सुल्तानिया, अनुराग गड्यान, अंकित गड्यान, विकास गड्यान, अनिमेश लोसलका, कृति गोयल, नूपुर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आकाश बंसल आदि मौजूद थे।

### 'ये प्रयागराज है' गाना से मशहूर हुए गायक आलोक कुमार पहुंचे धनबाद



**धनबाद।** प्रथम यज्ञ भूखंड धरा पर आर्य का आगाज है, है पावन संगम की धरती, ये प्रयागराज है, गाने से मशहूर हुए भोजपुरी गायक आलोक कुमार मंगलवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने बताया कि निजी कार्य से धनबाद आना हुआ है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले जब ये प्रयागराज है गाना गाया था, तब उम्मीद नहीं थी कि लोग इसे इतना ज्यादा पसंद करेंगे। कुंभ मेले ने इस गाने को हर जुबान पर पहुंचा दिया है। अपने चाहने वालों का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने उम्मीद से ज्यादा प्यार दिया। उन्होंने कहा भोजपुरी चर्चित भाषा है, यह देश ही नहीं विदेशों में भी किसी पहचान की मोहताज नहीं है। लेकिन थोड़े पैसे के लिए भोजपुरी गीतों में आजकल जिस तरह से फूहड़ता परोसी जा रही है, उससे वह दु:खी हैं। उन्होंने सभी गायकों से फूहड़ गाने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा भोजपुरी के अलावा हिंदी, राजस्थानी, गुजराती, साउथ आदि भाषाओं में भी कई गाने गाए हैं जो काफी पंसद किया गया है। ज्ञात हो कि आलोक मूल रूप से बिहार के लख्खीसराय जिले के निवासी हैं।

# पंचतत्व में विलीन हुए पत्रकार आशुतोष, विदाई में उमड़ा आंसुओं का सैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** पत्रकार आशुतोष का असामयिक निधन ने सबको झकझोर दिया। विधाता ने रविवार को उनके अंत की जो पटकथा लिखी थी उसका पूर्णतया अंत आज मंगलवार को अंत्येष्टि के साथ सम्पन्न हो गया। पंचतत्व में विलीन हुए पत्रकार भौतिक रूप से अब हमारे बीच नहीं रहे लेकिन तत्व के रूप में ब्रह्मांड के फिजाओं में हम सब के साथ आज भी विद्यमान हैं और भविष्य में भी रहेंगे। गढ़वा जिला पत्रकार संघ सहित सभी पत्रकारों ने उन्हें भाव पूर्ण श्रद्धांजलि देकर बैकुंठ में उनके वास की कामना परमेश्वर से की।

### किशोरावस्था में ही हो गया था पत्रकारिता का बीजारोपण

आशुतोष रंजन सिन्हा गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के अधौरा गांव के रहने वाले थे। उनके पिता प्रियरंजन सिन्हा विद्यार्थी जीवन में अपने प्रखंड के सर्वाधिक मेधावी छात्र के रूप में विख्यात थे। पत्रकारिता से जुड़ जाने के बाद उनकी लेखनी ने उस क्षेत्र में नई रौशनी का काम किया। कांडी के साथ-साथ पूरे गढ़वा जिले की जुड़ी सूचनाएं देशभर में फैलने लगी। आशुतोष को पिता से ही पत्रकारिता विरासत में मिली थी। किशोरावस्था में ही उन्होंने दैनिक हिन्दुस्तान से जुड़कर पत्रकारिता को धारदार बनाने में भूमिका निभाने लगे। बाद के कालखंड में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहारा समय से जुड़ गए और पलामू एवं गढ़वा जिले में डिस्ट्रिक हेड के रूप में पत्रकारिता को नयापन दिया। मीडिया क्षेत्र की अपार जानकारियों को अपने मन मस्तिष्क में संजोए आशुतोष ने खुद अपना एक चैनल बिंदास न्यूज शुरू किया। उन्होंने बिना किसी दबाव, भय, घृणा, पक्षपात के पत्रकारिता के अनछुए पक्षों से लोगों को रूबरू कराया। सबके चहेते के रूप में सौम्य, शांत, सहनशील और गंभीर आशुतोष ने अपना एक अलग पहचान बना ली। उनके इस पहचान में समय-समय पर बदलते उनके पहनावे ने भी बड़ा रोल अदा किया। लोगों के कमेंट का परवाह किए बिना आशुतोष बिंदास बन कर अपने पत्रकारिता के उत्तरदायित्व को निभाते रहे।

### मां की मौत ने छीन ली जीने की उम्मीदें

मां, पिता और दो बहनों साथ आशुतोष का जीवन किसी राजकुमार की तरह कट रहा था। दोनों बहनों की शादी कर खुशियों से उनकी डोली सजाई, सुख एवं समृद्धि से भरपूर घर बसाया। इसी बीच अपनी भी शादी रचाकर सुखद दांपत्य जीवन का निर्वहन शुरू किया। लेकिन उनके जीवन की शांति तब भंग हो गई जब उनकी मां असमय परलोक गमन कर गईं। मां से अटूट रिश्ता ने आशुतोष को खंड खंड कर दिया। मां से शुरू जीवन की यात्रा लक्ष्य से भटकने लगी। आशुतोष मां की याद में इतने डूब चुके थे कि उन्होंने सोशल मीडिया में कई पोस्ट कर मां से अपने पास बुलाने की विनती भी की थी। जीने की तमन्ना खो देने वाले आशुतोष ने अपने पिता, पत्नी और अपने तीनों संतानों की परवाह किए बिना ही अपने स्वास्थ्य से ध्यानमुक्त हो गए थे। पेट की जटिल बीमारी का तीन-तीन बार बड़े अस्पतालों में इलाज के बाद भी स्वास्थ्य के प्रति उनकी सजगता शून्य ही रही। नौ फरवरी को मौत ने आशुतोष के दरवाजे पर पेट दर्द के रूप में दस्तक दी। स्थानीय अस्पतालों में समाधान ढूंढने का बड़ा प्रयास हुआ लेकिन 10 फरवरी की काली शाम ने आशुतोष को परलोक गमन का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

### अंत्येष्टि में शामिल हुए हजारों शुभचिंतक


गढ़वा जिला मुख्यालय के परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में मृत्यु की पुष्टि होने के बाद आशुतोष का पार्थिव शरीर उनके गांव अधौरा ले जाया गया। दुःख की गगनभेदी दहाड़ से गांव पूरी तरह गमगीन था। उनके सभी शुभचिंतक शोक के अचूक सदमे से मर्माहत थे। दाह संस्कार के माध्यम से आशुतोष का रोम-रोम ईश्वर को समर्पित हो गया। अब आशुतोष इतिहास के रूप में हम सब के बीच प्रेरणा देते रहेंगे। अंत्येष्टि कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह, गढ़वा एसडीएम संजय कुमार पांडेय, जिलेभर के सभी पत्रकार, अन्य जनप्रतिनिधि, शुभचिंतक, ग्रामीण सहित लगभग एक हजार लोग शामिल थे।

## पत्रकार आशुतोष के असामयिक निधन पर डीसी ने जताया शोक

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके परिवार के साथ है। डीसी श्री जमुआर ने कहा कि गढ़वा के वरिष्ठ और समर्पित पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। वे एक मिलनसार, हसमुखी तथा सुलझे हुए पत्रकार थे। आशुतोष का जाना गढ़वा पत्रकारिता जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें।



## बिजली की चपेट में आने 15 वर्षीय किशोर की मौत



**केतार।** केतार में बिजली करंट की चपेट में आने से 15 वर्षीय नीतीश कुमार पाल पिता राकेश पाल की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को नीतीश अपने दरवाजे के पर्दा टांगने वाला स्टील रॉड ठीक कर रहा था। वहीं दरवाजा से ऊपर 11 हजार हाई वोल्टेज तारा उसके दरवाजे से पर होने के कारण तार में रॉड सट गया, और तार में करंट होने के कारण झुलस कर गिर गया। हालांकि तत्काल उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने नीतीश को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा दिया गया है।

## केतार में पहले दिन परीक्षा कदाचार मुक्त

**केतार।** झारखंड अधिविध परिषद रांची के तत्वावधान में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा केतार प्रखंड के इकलौता सेंटर पीएमश्री मध्य विद्यालय केतार में प्रथम दिन कदाचार मुक्त संपन्न हुई। परीक्षा व्यासायिक विषय का हुआ जिसमे कुल 103 विद्यार्थी में से 102 विद्यार्थी उपस्थित हुए। केंद्राधीक्षक मो. मोकारिन ने बताया कि परीक्षा कदाचारमुक्त, भयमुक्त, शांतिपूर्ण माहौल में कराया गया। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरा में 144 लागू रहा। विद्यालय परिसर में किसी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश वर्जित है। परीक्षा हॉल में किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल घड़ी, इयरफोन, मोबाइल, कैलकुलेटर आदि ले जाना वर्जित है। परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र के परिधि में लाउडस्पीकर और कोई भी उस तरह का वाद्ययंत्र का प्रयोग वर्जित है। इसके बावजूद भी अगर लोग परीक्षाकेंद्र का नियम उल्लंघन कर कदाचार करने की कोशिश करेंगे तो, वैसे लोगो को चिन्हित कर उन पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के दौरान दंडाधिकारी घनश्याम गुप्ता, पर्यवेक्षक तेरेखा बखला व एएसआइ वेंकट्श शर्मा पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से तैनात थे। मौके पर उप केंद्राधीक्षक देवेंद्र कुमार, संजय मिश्रा, प्रेम कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी, मनोज दास, दिलीप जायसवाल, राजू सिंह, अजय कुमार, संतोष कुमार उपस्थित थे।


सीएमपीडीआई cmpdi
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कॉक रोड रॉची - 834008, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

-: आम सूचना :-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चुरचू प्रखण्ड अन्तर्गत चरही बाजार से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 के लिए दिनांक 25/02/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 346261 District(24-25).D


## लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत गढ़वा के आरोग्य फार्मेसी एवं नर्सिंग इंस्टीट्यूट में लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चैबे ने वंदना से की। इस दौरान रमाशंकर चैबे ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विधार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं पीएलवी सुधीर चैबे ने सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पीएलवी रविंद्र यादव ने भी अन्य कानूनी जानकारी दी। मौके पर कॉलेज के निदेशक दीपक पांडेय, व्याख्ता प्रियांशु सहित प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन

**रमना।** प्रखंड सिलीदाग पंचायत मे जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए ग्राम छपरदागा में करमबोहवा बांध के समीप मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों ने छपरदागा को विकसित बनाने संबंधित योजनाओ का चयन किया। ग्रामीणों की मांग पर मुखिया अनीता देवी ने 1970 के दशक में बने घाघर नाला, बांध का निरीक्षण किया। उक्त नाला का निर्माण उस वक्त के मुखिया श्याम बिहारी सिंह के प्रयास से हुआ था। उक्त नाला का पानी करमबोहवा बांध में आता था जिससे लोग समय पर खेती करते थे। लेकिन वर्तमान में उक्त नाला जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हो चुका है। मुखिया अनीता देवी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि मेरा प्रयास है कि उक्त नाले की मरम्मती मै हर हाल में कराऊंगी, ताकि छपरदागा वासी पूर्व की भांति समय पर खेती करें, और आपका पैदावार अच्छा रहे। मौके पर पंचायत सचिव राघवेंद्र सिंह, रोजगार सेवक आलोक तिवारी, पंचायत स्वयंसेवक प्रदीप मेहता, वार्ड सदस्य प्रभा देवी, गोखुल परहिया, शिवनाथ परहिया, रामवृक्ष परहिया, महेंद्र यादव, नागेंद्र यादव, अयोध्या यादव, नरेश उरांव, राहुल गुप्ता, सहदेव उरांव, बिशनाथ यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## छह वर्षीय पुत्र कान्हा ने दी पत्रकार आशुतोष को मुखाग्नि

- गढ़वा जिला पत्रकार संघ ने की शोक सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** बिंदास न्यूज के डायरेक्टर युवा पत्रकार आशुतोष रंजन को उनके छह वर्षीय पुत्र कान्हा ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार का समय काफी मर्माहत कर देने वाला था। नन्हे बालक ने बिलखते हुए अपने पिता को मुखाग्नि दी। इस दृश्य को देखकर अंतिम संस्कार में शामिल लोगों की आंखें नम हो गईं। कई अन्य लोग भी रो पड़े।

पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर गढ़वा जिला पत्रकार संघ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। आशुतोष को असमय चले जाने से गढ़वा जिला पत्रकार संघ को अपूरणीय क्षति हुई है। मंगलवार को संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोकसभा का आयोजन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख कर मृतक की आत्मा की शांति प्रदान करने एवं परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में गढ़वा जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, महासचिव धीरेंद्र चौबे, सचिव जितेंद्र सिंह, संजीव कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील चौबे, संगठन सचिव आनंद सिन्हा, प्रिंस धीरज, संजीव पांडेय, संदीप शौर्य, बलराम शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, विनय पांडेय, चंदन कश्यप, रजनीश कुमार, रिशु श्रीवास्तव, सोनू कुमार, संदीप कुमार, धर्मेंद्र चौबे, राधे रमण चौबे, महेंद्र गुप्ता, वरुण शर्मा के नाम शामिल हैं।


अनुसूची–I
झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

विज्ञप्ति संख्या–............ दिनांक............

ग्रामीण विकास विभाग के लिए बाह्य स्रोत से वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना।

वित्त विभाग, झारखंड के संकल्प संख्या 2316/वि. दिनांक 04.10.24 के आलोक में ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड के लिए बाह्य स्रोत से वाहनों की आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं का चयन कर वाहन का दर निर्धारण किया जाना है। अतः ऐसे इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता, जो विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत वाहन उपलब्ध कराने में सहमत है, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 03.03.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक स्वीकार होगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा की भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 04.03.2025 को अपराह्न 04:00 बजे निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जायेगी। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शर्तें तथा अन्य विवरण ग्रामीण विकास विभाग के आधिकारिक वेबसाईट http://rdd.jharkhand.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

नाम : अरूण कुमार सिंह
पदनाम : अपर सचिव
ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड

PR 346250 Rural Development(24-25)#D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi

Very Short e-TENDER NOTICE
Notice No. 213, Dated : 11/02/2025

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of civil works and having sound financial status:

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 15/PR/SAJHA /2024-25 | Construction of 4 Lane 50 Mtr Synthetic Running Track, Out Door LED Screen & Land Scapping work at Birsa Munda Football Stadium, Morahbadi, Ranchi. | 2,86,95,300/- | 2,87,000/- | 10,000/- | 45 Days |

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on Website | 15/02/2025 at 3.00 PM |
| Start Date of Submission of Bids | 15/02/2025 at 5.00 PM |
| Last Date/Time of Submission of Bids | 01/03/2025 at 5.00 PM |
| Date/Time of opening of Bid (Technical Part) | 03/03/2025 at 3.00 PM |
| Date and Time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | Executive Director office, SAJHA, Morabadi, Ranchi |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in.
2. Cost of bidding document for a non-refundable fee & Bid Security (EMD) shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in.
3. Any Changes or any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in.

Sd./- Executive Director
Sports Authority of Jharkhand

PR.NO.346311 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25):D


# कांडी में डबल हत्याकांड से क्षेत्र में फैली सनसनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र के जतरो गांव में सोमवार की रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से मारकर अधेड़ दंपति की हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दंपति हीरा रजवार 65 वर्ष एवं पत्नी कलावती देवी 60 वर्ष प्रत्येक दिन की भांति सोमवार की शाम को भोजन करने के बाद गांव के दक्षिण ओर मलू राम के दक्षिण की ओर टेन बांध के बिछली पर निलगाय से बचाने के लिए खेत पर फसल की देखरेख करने गए थे। वहीं मंगलवार की सुबह जब 10 बजे तक अपने घर पर पति-पत्नी में से कोई घर नहीं लौटे तो मृतक का छोटा पुत्र खेत पर जाकर देखा कि माता व पिता को कोई हत्या कर कंबल से ढक दिया था। उसके बाद वह जोर-जोर से रोने चिल्लाने लगा। घटनास्थल पर पति-पत्नी दोनों एक ही जगह सोए हुए देखे गए और कुछ दूरी पर धारदार हथियार से मारे जाने की भी निशान ग्रामीणों ने देखा और वहां पर दो तौलिया भी पड़े हुए देखे गए। अपराधियों ने घटना को ऐसे अंजाम दिया कि घटनास्थल पर ही दंपति की मौत हो गई। घटनास्थल पर पानी की बोतल, गिलास एवं केन पर खून के छिंटे देखे गए। दोनों के माथे में गहरी चोट के निशान भी देखे गये। लोगों का कहना था कि कुल्हाड़ी जैसे किसी धारदार हथियार से मार कर हत्या की गई है। पुत्र राजकुमार ने बताया कि हमलोगों को किसी से कोई दुश्मनी नहीं है और प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी खेत आए हुए थे। किसने किया यह नहीं बता सकते हैं। इसके बाद इसकी सूचना थाना प्रभारी अविनाश राज को दी गयी। सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अविनाश राज दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। इस तरह वृद्ध दंपति की निर्मम हत्या की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह घटनास्थल पहुंचकर दोषी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। वहीं मझिआंव पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि जिसने भी घटना को अंजाम दिया है वह बहुत गलत किया है उसे किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि एसएफएल टीम एवं अन्य टीम के मदद से घटना की जांच की जा रही है। और टीम गठन कर अपराधियों को धर दबोच लिया जाएगा।

इस संबंध में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि जिसने भी घटना का अंजाम दिया है वह बहुत गलत किया है और पुलिस को इस घटना में सम्मिलित अपराधियों को जड़ गिरफ्तार करे और इसके साथ-साथ मुआवजा भी दिया जाए।

वहीं कांडी पुलिस ने पंचनामा कर दोनों शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा भेज दिया। मौके पर प्रमुख नारायण यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद थे।


कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला– लातेहार

विज्ञापन संख्या– 20/2024–25
संविदा अधारित नियुक्ति

लातेहार नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालय कार्य को ध्यान में रखते हुए लातेहार नगर पंचायत में संविदा के आधार पर कम्प्युटर ऑपरेटर (Computer Operator) के नियोजन हेतु निम्नवत् रूप से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | पदनाम | कुल पद | एकमुश्त मानदेय राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | कम्प्युटर ऑपरेटर (Computer Operator) | 01 (एक) | 12168/- (बारह हजार एक सौ अड़सठ रूपये प्रतिमाह) |

संविदा शर्त्तो के आधार पर उपर्युक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन स्वयं तैयार करते हुये अपना बायोडाटा, जन्म प्रमाण–पत्र, कम्प्युटर दक्षता में एक वर्ष का शैक्षणीक प्रमाण पत्र, सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, सभी अंक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, आवासीय प्रमाण–पत्र, चरीत्र प्रमाण पत्र, नियोजनालय में निबंधन का प्रमाणक, दो पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ एवं Self Addressed Envelope with postage Stamp के साथ आवेदन दिनांक 05.03.2025 के 05:00 बजे तक नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय को निबंधित डाक द्वारा समर्पित कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर कार्यालय द्वारा विचार नही किया जायेगा।

नियोजन/नियुक्ति से संबंधी अहर्त्ता एवं शर्त्त निम्नलिखित है :–

1. संबंधित पद के लिये आवश्यकतानुसार प्राप्त आवेदन पत्रों को योग्यता एवं अनुभव के आधार पर Short Listing की जा सकती है। तदोपरांत योग्य आवेदक को साक्षात्कार एवं कम्प्युटर टाईपींग (न्यूनतम हिन्दी टाईपींग– 25 एवं अग्रेजी –30 शब्द प्रति मिनट) हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
2. आमंत्रित आवेदकों का चयन गठित साक्षात्कार चयन समिति के द्वारा किया जायेगा।
3. यह संविदा आधारित नियोजन 11 माह के लिए की जायगी। भाविश्य में आवश्यकतानुसार दक्षता एवं कार्य क्षमता पर सेवा विस्तारित भी की जा सकती है। संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति के उपरान्त पूर्व से कार्यरत अनुबंध कर्मी की सेवा स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
4. संविदा/मानेदय के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे और सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी भी प्रकार के सुविधा के लिए हकदार नहीं होंगे। साथ ही संविदा/मानेदय के आधार पर नियोजन के बाद सरकारी सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
6. नियोजन के पूर्व नियमानुसार आवेदक को अपना अद्यतन स्वास्थ प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराना होगा जो सक्षम स्तर से निर्गत हो। यदि समय की समाप्ति के पूर्व उसका विस्तार नहीं किया जाता है तो ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
8. इस प्रकार के नियोजन संविदा अवधि समाप्ति के पूर्व उभय पक्षों द्वारा सूचना देकर ही एक माह की संविदा राशि एकमुश्त भुगतान कर समाप्त की जा सकती है। इसके लिए उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. संबंधित पद के लिये 40 वर्श तक की आयु वाले आवेदक ही आवेदन समर्पित कर सकेगें। संबंधित पद के लिये पूर्व में किये गये कार्य वाले आवेदक को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जा सकती है।
10. संबंधित पद के लिये संविदा आधारित नियुक्ति में स्थानीय आवेदक को प्राथमीकता दी जायेगी।
11. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ 1000.00 (एक हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. बिना कारण बताये नियोजन की स्वीकृति/रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।जिन्हे कही चुनौती नही दी जायेगी।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 346256 (Urban Development)24-25*D


# पीड़ितों को सहायता अनुदान राशि देने का निर्णय

- डीसी ने की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम- 1989 के अन्तर्गत जिला स्तरीय बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय के सभाकक्ष में मंगलवार को डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम- 1989 के अन्तर्गत जिला स्तरीय बैठक की गई। जिसमें सांसद एवं विधायक सदस्यों के प्रतिनिधिगण समेत जिला स्तर के पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम- 1989 के अन्तर्गत आहूत जिला स्तरीय इस बैठक में जिले के विभिन्न 20 प्रखंड अंतर्गत कुल 74 मामले प्राप्त हुए जिन पर अनुसंधान उपरांत पीड़ितों को सहायता अनुदान की राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि पीड़ितों को सहायता अनुदान राशि भुगतान के लिए लगभग 32 लाख रुपए की आवश्यकता है। परंतु वर्तमान में कुल लगभग 16 लाख रुपए उपलब्ध है जिनमें स्वीकृति प्राप्त सभी पीड़ितों को स्वीकृत अनुदान राशि देने का निर्णय लिया गया है। बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त पलामू सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चैबे, भवनाथपुर विधायक के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा आदि उपस्थित थे।

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार . 12 फरवरी 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# आत्ममंथन करे कांग्रेस

दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का खाता न खुलना पार्टी के लिये निराशाजनक ही है। वहीं इंडिया गठबंधन के लिये भी यह स्थिति बेहद निराशाजनक है क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसके दो दल आप व कांग्रेस ताल ठोककर उतरे थे। इस चुनाव का एक रोचक पहलू यह भी रहा है कि अब तक मुफ्त की रेवड़ियों वाला आप का जो हथियार उसके विपक्षियों को पस्त करता रहा है, भाजपा ने उसी हथियार को आप के खिलाफ सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। खासकर महिलाओं को नकद राशि देने के भाजपा के वायदे ने गेमचेंजर की भूमिका निभायी। वहीं भाजपा के मजबूत संगठन और सशक्त चुनावी तंत्र ने तसवीर बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। यही वजह है कि जहां भाजपा का खुशियों का कमल खिला, वहीं कांग्रेस की शून्य की हैट्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी को आत्ममंथन को बाध्य कर गई है। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों ने आप को अपने सबसे मुश्किल दौर में पहुंचा दिया है। साथ ही यह भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में वैकल्पिक राजनीति के सपने के टूटने जैसा भी है। इसके अलावा अब आप नेतृत्व को पार्टी को एकजुट बनाये रखने की भी चुनौती होगी। दिल्ली वायु प्रदूषण का संकट दूर करना भी एक चुनौती है। यमुना की बदहाली दूर करने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकताओं के बीच विजय रैली को संबोधित करते हुए लिया है, लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। इसी रैली में उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की सभी सीमाओं पर स्थित सभी राज्यों में पहली बार भाजपा की सरकारें सत्तारूढ़ हैं। उम्मीद है भाजपा इसे दिल्ली व एनसीआर के विकास का स्वर्णिम अवसर बनाएगी। इस चुनाव में कांग्रेस को लगातार तीसरी बार कोई सीट न मिलना कांग्रेस के लिए अच्छे संकेत नहीं है कांग्रेस को आत्ममंथन करना ही होगा।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# बदहाल आप, न गढ़ रहा और न सेनापति

**केजरीवाल** के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए।

दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही। अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था।

अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और





- उमेश चतुर्वेदी

पिछले दो चुनावों तक केजरीवाल नैरेटिव तैयार करते थे और उनके विपक्षी उसका जवाब देते थे। इस बार भी महिलाओं को 21 सौ रूपए महीने देने और उसके लिए उनके फॉर्म भरवाकर नैरेटिव स्थापित कर दिया था। महिलाओं को 2500 रूपए महीने की सम्मान निधि देने और 200 की बजाय 300 यूनिट बिजली फ्री देने जैसे ऐलान किए। इसका असर दिखा।

चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए।

दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फ उनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी।

केजरीवाल ने अपने पहले कार्यकाल में बेशक अच्छे कार्य किए। मोहल्ला क्लीनिक का विचार दिया और उसे लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया, दो सौ यूनिट तक बिजली और एक सीमा तक पानी मुफ्त दिया। महिलाओं को फ्री में बस यात्रा की सहूलियत दी। लेकिन इसके साथ ही दिल्ली में भ्रष्टाचार बढ़ता गया। दो साल पहले के चुनाव में नगर निगम पर भी उनका कब्जा हो गया। इसके पहले दिल्ली की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पर अपना नियंत्रण ना होने का बहाना बनाते रहे थे, लेकिन अब वह बहाना भी नहीं रहा। फिर भी दिल्ली गंदी होती चली। दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली डीटीसी के बेड़े से बसें कम होती चली गईं।

केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए। शुरू में उनकी बहानेबाजी तो चली,लेकिन बाद में लोगों ने समझना शुरू कर दिया कि वे सिर्फ हवा-हवाई दावे करते हैं और बहानेबाजी के जरिए खुद को बचा ले जाते हैं। 2022 में पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने महिलाओं को हजार रूपए महीने देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उन्हें यह रकम नहीं दे पाए। पंजाब रोडवेज की बसों में महिलाओं को फ्री सहूलियत देने के चलते पंजाब रोडवेज घाटे में है। इसकी वजह से महीनों तक कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही। सूचना और संचार क्रांति के दौर में ये सारी बातें दिल्ली की जनता तक पहुंचती रहीं। इसका असर यह हुआ कि केजरीवाल से लोगों का भरोसा खत्म हो गया।

पिछले दो चुनावों तक केजरीवाल नैरेटिव तैयार करते थे और उनके विपक्षी उसका जवाब देते थे। इस बार भी महिलाओं को 21 सौ रूपए महीने देने और उसके लिए उनके फॉर्म भरवाकर नैरेटिव स्थापित कर दिया था। लेकिन बाद में बीजेपी ने उनकी काट शुरू की। उसने अपना पंद्रह सूत्रीय संकल्प पत्र पेश किया। महिलाओं को 2500 रूपए महीने की सम्मान निधि देने और 200 की बजाय 300 यूनिट बिजली फ्री देने जैसे ऐलान किए।

इसका असर वोटरों पर दिखा। इस बीच बीजेपी ने चुनाव प्रबंधन के लिए अपने सारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री उतार दिए। मंडल स्तर तक बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भी सक्रिय हुए। भारतीय जनता पार्टी ने बुनियादी स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया, जिन्हें मनाने की जरूरत थी, उन्हें मनाया, सबके योग्य जिम्मेदारी दी। सभी कार्यकर्ता सक्रिय हुए। उन्होंने जमीनी स्तर तक काम किया। इसका असर चुनावों में दिखा। केजरीवाल की पार्टी पस्त रही। खुद केजरीवाल भी हारे हैं, उनके विश्वस्त मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और राखी बिड़लान जैसे नाम चुनावी जंग में खेत रहे हैं। बीजेपी की जीत में कुछ हिस्सेदारी कांग्रेस भी है। हालांकि उसे पिछले चुनाव की तुलना में महज दो फीसद ज्यादा वोट मिले हैं। कांग्रेस को भले ही समर्थन नहीं मिला। कुछ एक जगहों को छोड़ दें तो उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर भी नहीं रहे। लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार और उनके बड़बोलेपन के खिलाफ माहौल बनाने में योग जरूर दिया। दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने खुलेआम मोर्चा खोल रखा था।

## लेटर टू एडिटर

### लोकलुभावन वादे

विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### गन कल्चर

आजकल बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी।

**- प्रकाश सिंह, रांची**

### एक्स - ट्वीट

दिल्ली का जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं। प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध – दिल्ली की प्रगति और दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगी।

**-राहुल गांधी, सांसद**

# संत रविदास: सनातन धर्म एवं संस्कृति के संवाहक

**डॉ. काना राम रैगर**

जयंती

15वीं सदी में संत रविदास, मलूकदास, दादू दयाल, संतपीपा, पलटूदास, सुंदरदास आदि संतों का उल्लेख भी प्राप्त होता है संत रविदास ने अपनी वाणी के माध्यम से मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी सूक्तियों द्वारा समसामयिक व्यवस्थाओं के विरुद्ध जन जागरण का कार्य कियो इसी वजह से आज भी संत रविदास का स्मरण हम सब आदर पूर्वक करते है।

संत रविदास के जीवन परिचय में उनके माता-पिता, जन्म स्थान, शिक्षा आदि विषय में अनेक मत प्रचलित है, लेकिन जन श्रुतियों एवं अनुमान के आधार पर संत रविदास, कबीर के समकालीन थे। उनका जन्म सन 1388 को उत्तर प्रदेश के बनारस में मांडूर ग्राम में हुआ थो इनके पिता का नाम रघु, माता का नाम कर्मा देवी था। संत रविदास गरीब परिवार में पैदा हुए और गृहस्थ जीवन निर्वाह करते हुए भी उच्च कोटि के संत थे उनकी अपार लोकप्रियता, अद्भुत प्रतिभा और व्यापक प्रभाव के संबंध में अनेक किवदंतियां प्रचलित हैं देश के अनेक भागों में लाखों लोग उनके अनुयाई है। राजपूताना के मेवाड़ की कृष्ण भक्त मीरा ने उनसे दीक्षा प्राप्त की। संत रविदास ही उनके आध्यात्मिक गुरु थे गुरुग्रंथ साहिब में उनके द्वारा रचित सांखियों का उल्लेख भी प्राप्त होता है।

रविदास चर्मकार समाज से थे तत्कालीन समय में ऊंच - नीच, छुआछूत और भेदभाव अपने चरम पर था। रविदास ने अपनी जाति का उल्लेख अपने द्वारा रचित पदों एवं सांखियों में किया है निश्छल प्रेम और समर्पण भाव स्वतः परिलक्षित होता है-

**प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,**
**जांकी अंग-अंग बास समानी`**

धैर्य, शालीनता, संयमता जैसे गुणों से पूर्ण संत रविदास ने अपने आचरण, व्यवहार, विचारों की श्रेष्ठता और गुणों से ईश्वर के भक्ति मार्ग द्वारा यह प्रतिस्थापित कर दिया कि व्यक्ति जन्म से महान नहीं होता बल्कि कर्म से महान होता है।

संत रविदास ने जन समुदाय की पीड़ा को समझा और उसे ही अपनी वाणी द्वारा प्रस्तुत कियो उनके जीवन और काव्य का प्रमुख उद्देश्य जातिगत भेदभाव मिटाना और सामाजिक समरसता, समता, स्वतंत्रता और बंधुता की समाज में स्थापना करना थो जाति उनकी दृष्टि में एक कदली के पेड़ के समान है` जिस तरह केले के पेड़ में एक पत्ते के नीचे फिर पत्ता होता है, वही स्थिति जाति की होती है` उन्होंने कहा कि -

जाति-जाति में जाति है,जो केतन के पातेरैदास मनुष ना जुड़ सके, जब तक जाति न जाते

संत रविदास निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे निर्गुण ब्रह्म ही इस संसार के पोषणकर्ता, आधार स्तंभ, करुणा के सागर एवं कृपालु हैं, जिनके दृष्टिपात से ही अष्टादश सिद्धियां स्वयं उत्पन्न होती है। निर्गुण ब्रह्म का स्वरूप जो बताया उसके विवेचन में शिवरूप स्तुति तथा श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप का समर्थन दिखाई देता है।

उनके निर्गुण ब्रह्म के चरण पाताल, सिर आसमान, नख का स्वेद सुरसरिधारा और शिव , सनकादि तथा ब्रह्मा ने भी उनका परिचय नहीं पा सके हैं सनातन धर्म और संस्कृति में उनकी प्रगाढ़ता बहुत थी वे सबको बिना भेदभाव के मिलकर रहने का संदेश देते थे, लेकिन उनकी प्रतिष्ठा और बढ़ते प्रभाव को देखकर मुगल शासकों ने धर्मांतरण का दबाव बनायो संत रविदास निर्भीक, साहसी, वचनों की प्रतिबद्धता, धार्मिक निष्ठा पर अडिग रहते हुए अनुयायियों को सनातन धर्म और संस्कृति की महत्ता का संदेश दिया, उन्होंने कहा है कि -

वेद वाक्य उत्तम धरम,निर्मल बांका ज्ञानेयह सच्चा मत छोड़कर,मैं क्यों पढ़ू कुरान काशी में रहने वाले रूढ़िवादी धर्मावलंबियों द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को अनेक षड्यंत्रों द्वारा धूमिल करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मंतव्य था की सत्य एक है और वह सनातन है, जो वेदों में निहित है संत रविदास मूर्ति पूजा एवं पाखंड के विरोध में थे लेकिन वेदों की प्रमाणिकता स्वीकार्यता के साथ उनमें निहित ज्ञान के प्रबल समर्थक एवं प्रचारक थे। उन्होंने कहा कि- सत्य सनातन वेद है ज्ञान धर्म मर्यादे जो न जाने वेद को वर्था करें बकवाद`

**(लेखक, इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक हैं।)**

# दिल्ली में भाजपा की जीत और आप की हार के सियासी मायने को ऐसे समझिये

**कमलेश पांडे**

सामयिक

दरअसल, आप एक ऐसी पार्टी के रूप में उभर रही थी, जो भाजपा और कांग्रेस से इतर सभी व्यवहारिक मुद्दों में स्पष्ट नजरिया रख रही थी। लेकिन जब से वह भाजपा के निशाने पर आई, उसकी भी रीति-नीति बदल गई।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के सियासी मायने दिलचस्प हैं। इसके राजनीतिक असर भी दूरगामी होंगे। क्योंकि एक तरफ जहां भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता मजबूत होगी, वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में बिखराव को बढ़ावा मिलेगा।

ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन की अगुवा पार्टी कांग्रेस ने दिल्ली में अपने पूर्व गठबंधन सहयोगी 'आप', जो दिल्ली में लंबे समय से सत्तारूढ़ थी, को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे कांग्रेस ने आप से जहां अपना पुराना सियासी हिसाब-किताब बराबर कर लिया है, वहीं अपनी खोई राजनीतिक जमीन हासिल करने का शिलान्यास भी कर चुकी है। वहीं, अब उसमें इस बात की भी नई उम्मीद जगी है कि 2030 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में जब भाजपा से उसका सीधा मुकाबला होगा तो उसकी स्थिति और मजबूत होगी और उसका खोया जनाधार पुनः वापस लौट जाएगा।

बता दें कि 2010 के दशक के शुरूआती सालों में पूर्व नौकरशाह अरविंद केजरीवाल समेत 'आप' के कतिपय प्रमुख नेताओं के द्वारा लोकप्रिय समाजसेवी अन्ना हजारे को आगे करके 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक एनजीओ के तत्वावधान में कांग्रेस की तत्कालीन डबल इंजन सरकार यानी मनमोहन सिंह सरकार और शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ जो भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाई गई, उससे 2013 में दिल्ली में 15 वर्षों से सत्तारूढ़ शीला दीक्षित सरकार और 2014 में केंद्र में 10 वर्षों से सत्तारूढ़ मनमोहन सिंह सरकार का सफाया हो गया था।

राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि चूंकि इस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का भी गुप्त समर्थन हासिल था, इसलिए यह आंदोलन काफी सफल रहा। हालांकि एनजीओ के बैनर तले शुरू हुए इस आंदोलन की देशव्यापी लोकप्रियता से उत्साहित समाजसेवियों ने जब आम आदमी पार्टी यानी 'आप' का गठन करके दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी भागीदारी जताई तो आरएसएस और भाजपा ने इससे दूरी बना ली। लेकिन तब तक अन्ना हजारे की आड़ में अरविंद केजरीवाल ने अपनी सामाजिक आभा इतनी चमका ली थी कि उनकी नवगठित पार्टी 'आप' ने कांग्रेस की पूरी और बीजेपी की कुछ कुछ राजनीतिक जमीन हड़प ली।

यदि गौर किया जाए तो 2013 में जब आप ने धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीती थी और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। कांग्रेस की इस एक मात्र भूल ने 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका सफाया कर दिया, वहीं आप की ओर मुस्लिम मतदाताओं के बढ़े रुझान से उसे रिकॉर्ड जीत मिली। क्योंकि भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने के नाम पर दलितों, पिछड़ों और सवर्णों के अलावा पूर्वांचलियों और पहाड़ियों के साथ-साथ दिल्ली के पंजाबियों-बनियों ने भी आप का साथ दिया। इससे भाजपा भी भौंचक्की रह गई, क्योंकि 2014 में ही उसने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश फतह किया था। हालांकि, उसके बाद से ही तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह को संतुलित करने की जो भाजपा के गुजराती-मराठी लॉबी की अंदरूनी राजनीति शुरू हुई, उससे पूर्वांचलियों में भाजपा की साख गिरी और आप को मजबूती मिली।

वहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आप की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले काफी ज्यादा रही। इसके बाद जब आप ने पंजाब में कांग्रेस को, दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त दी तो कांग्रेस किंकर्तव्यविमूढ़, लेकिन भाजपा चौकन्नी हो गई। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने यूपी, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए। उन्होंने 2023 में आप को राष्ट्रीय पार्टी का तमगा भी दिलवा दिया। कांग्रेस, भाजपा और जनता पार्टी/जनता दल जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के बाद आप एक ऐसी पहली क्षेत्रीय पार्टी बनी जिसने एक के बाद दूसरे राज्य यानी दिल्ली के बाद पंजाब में भी अपनी पूर्ण बहुमत वाली सरकार बना ली।

इससे दूरदर्शी भाजपा नेतृत्व सजग हो गया और उसने दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से आप सरकार को घेरने की रणनीति बनाई, क्योंकि अरविंद केजरीवाल हर बात में उपराज्यपाल और प्रधानमंत्री को ही निशाना बनाते रहते थे। इस बीच लोकसभा चुनाव'2024 के पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने देशव्यापी इंडिया गठबंधन से जब आप की आंखमिचौली शुरू हुई, तो दिल्ली में कांग्रेस-आप में 4:3 का समझौता हो गया, जबकि पंजाब में दोनों में दोस्ताना मुकाबला हुआ। इसमें कांग्रेस ने आप को धो दिया और पंजाब में आप से दोगुनी सीट जीत ली। तभी यह तय हो गया कि आप को यदि अपनी राजनीतिक जमीन बचानी है तो कांग्रेस से दूर जाना होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह हुआ तो जरूर, लेकिन यहां भी आप का दांव उलटा पड़ गया।

दरअसल, आप एक ऐसी पार्टी के रूप में उभर रही थी, जो भाजपा और कांग्रेस से इतर सभी व्यवहारिक मुद्दों में स्पष्ट नजरिया रख रही थी। लेकिन जब से वह भाजपा के निशाने पर आई, उसकी भी रीति-नीति बदल गई। उससे टक्कर लेने के लिए वह जिन थैलीशाहों की शरण में गई, वही आप को ले डूबे।

## स्पीड न्यूज़

### रामगढ़ उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



रामगढ़। 11 फरवरी 2025 से शुरू हुए झारखंड अधिविध परिषद के वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ रामगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा राधा गोविंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया साथ ही उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरे आदि का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियमावली का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कुमारी नीलम सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री के सचिव रहे स्व. अवध नारायण प्रसाद की धर्मपत्नी का निधन



गोला (रामगढ़)। तत्कालीन बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कृष्ण बल्लभ सहाय के सचिव रहे गोला (प्रधान टोला) निवासी स्व.अवध नारायण प्रसाद की धर्मपत्नी जानकी देवी ( 92 वर्ष) का देहावसान सोमवार सुबह कोलकाता में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को सोमवार देर शाम कोलकाता से गोला लाया गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार घोरघोरा घाट स्थित मुक्ति धाम में कर दिया गया। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र कृष्ण कुमार ने दी। स्व. जानकी देवी अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन से चित्रगुप्त समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी काफी मर्माहत हैं। उनके निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सचिव अमित सिन्हा, गोला चित्रगुप्त समाज के अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा, सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, अरुण कुमार बक्शी, धीरेंद्र नारायण बक्शी, बिपिन बिहारी प्रसाद, साधु प्रसाद बक्शी, प्रीतम सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, सुजीत सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, रजणीश आनंद, बिरेन्द्र सिन्हा बाबू, अमित कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, संदीप बक्शी, शैलेंद्र सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा बाबू तथा वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार मिश्रा, अशोक अग्रवाल, गिरिश बर्मन, महेश महतो(रायपुर) सहित कई लोग शामिल हैं।

### पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में अंबेडकर सम्मान मार्च 12 फरवरी को निकालने का निर्णय



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी द्वारा चलाई जा रही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन 12 फरवरी को होगी। इसकी शुरुआत भुरकुंडा थाना चौक स्थित काली मंदिर से शुरू होकर भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा पेट्रोल टंकी स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंचेगी। यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण की जायेगी। सम्मान मार्च के आयोजन को लेकर सौंदा डी अनिल सिंह के कार्यालय में मंगलवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने की। बैठक में इसकी तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि गया कि देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद कार्यवाही के दौरान बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना अशोभनीय है। भाजपा नेता अमित शाह के इस टिप्पणी से कांग्रेसियों में आक्रोश का माहौल है। बैठक में चमन लाल, इकबाल हुसैन, सुरेंद्र राम, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, लखन मुंडा, युसूफ खान आदि मौजूद थे।

### सौन्दा पब्लिक स्कूल में 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौन्दा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में मंगलवार का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विदाई दी गई। मौके पर प्राचार्य सह सचिव अमित कुमार ने 10वीं के विद्यार्थियों को जीवन में बेहतर करने का आशीर्वचन देते हुए उपहार देकर विदाई दी गई। मौके पर अमित कुमार ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न होता है, इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि जीवन के हर इम्तिहान में सफल होने का संकल्प लेते हुए स्वयं को उसके लिए तैयार करें। मजबूत इच्छा शक्ति सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि अपने व्यक्तित्व और संवाद में हमेशा अच्छे गुणों को स्थान देकर आप आगे बढ़ सकते है। प्राचार्य ने कहा कि अपनी सभ्यता और संस्कृति का साथ कभी न छोड़ें। जीवन में बहुत सी चुनौतियाँ सामने आयेंगी। लेकिन शिक्षक के रूप में हमारे द्वारा दी गयी शिक्षा व संस्कार उन तमाम चुनौतियों को छोटा साबित कर देंगी। अपने लक्ष्य पर हमेशा फोकस रखें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने स्कूली अनुभव को साझा किया। शिक्षकों ने भी बच्चों से जुड़ी बातों को रखी। इसके पूर्व विद्यालय के जुनियर बच्चों द्वारा दसवीं के बच्चों को तिलक लगाकर एवं स्वागत गान के साथ उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। शिक्षकों ने 10वीं के विद्यार्थियों को उपहार देकर विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में अपर्णा, निरज सिन्हा, दिनेश कुमार, रामपूजन ठाकुर, सुमन गुप्ता, चंचला राणा, पल्लवी सिन्हा, जे टेटे, अपराजिता, काजल सिन्हा, प्राची, शालू आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# झारखंड में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार का मुद्दा संसद में गूंजा

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्र सरकार से की कड़ी कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा के बजट सत्र 2025 के दौरान हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड में हिंदुओं पर हो रहे लगातार हमलों और उत्पीड़न के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने रामगढ़ जिले के सोसो कला गांव में सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान महिलाओं और बच्चों पर हुए पथराव की घटना का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल ने संसद में कहा कि झारखंड में हिंदू समाज अपने पर्व-त्योहार भी स्वतंत्र रूप से नहीं मना पा रहा है। उन्होंने सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस पर हुए हमले की निंदा करते हुए बताया कि इस घटना में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई थी, लेकिन राज्य सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय हिंदू समाज के खिलाफ ही काउंटर केस दर्ज कर रही है। उन्होंने बड़कागांव के महुदी गांव का मुद्दा भी उठाया, जहां स्वतंत्रता के बाद से अब तक रामनवमी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने इसे हिंदुओं के धार्मिक अधिकारों का हनन बताया और केंद्र सरकार से इसमें हस्तक्षेप कर रामनवमी जुलूस को सुनिश्चित कराने की मांग की।

- रामगढ़ के सोसो में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस पर हमले और बड़कागांव के महुदी में रामनवमी जुलूस पर रोक का मामला लोकसभा में उठा

**15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो जनांदोलन की चेतावनी :** इससे पहले, सांसद जायसवाल रामगढ़ के गोला प्रखंड स्थित सोसो कला गांव पहुंचे थे और वहां घायल पीड़ितों से



मुलाकात कर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन को 15 दिनों के भीतर दोषियों पर कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया और चेतावनी दी कि अगर न्याय नहीं मिला तो वह उग्र जनांदोलन के लिए मजबूर होंगे। सांसद ने झारखंड सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने के लिए बहुसंख्यक हिंदुओं के अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हिंदू समाज के धार्मिक कार्यक्रमों और जुलूसों पर हमले हो रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा पूछे गए सवाल पर सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट किया कि वह चाहते हैं कि केंद्र सरकार इन घटनाओं पर संज्ञान ले और झारखंड में हिंदू समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने मांग की कि रामगढ़ जिले के सोसो गांव में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस पर हमला करने वालों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई हो और बड़कागांव के महुदी गांव में रामनवमी जुलूस को निकालने की अनुमति दी जाए। अब यह देखना होगा कि सांसद मनीष जायसवाल द्वारा उठाए गए इस गंभीर मुद्दे पर केंद्र सरकार क्या कदम उठाती है। झारखंड में हिंदू समाज के धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा को लेकर यह मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुका है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में गूंजी आम जनता की आवाज

- उपायुक्त नैन्सी सहाय ने समस्याओं के त्वरित समाधान के अधिकारियों को दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिलेभर से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त नैन्सी सहाय के समक्ष रखा। उपायुक्त ने गंभीरता से सभी शिकायतों को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दरबार में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने पीडीएस दुकान, मारपीट की घटनाओं, आवास योजना, दाखिल-खारिज, पेंशन, भूमि अतिक्रमण, दिव्यांगता सहायता और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। फरियादियों ने



आवेदन देकर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

**दिव्यांगता पेंशन की बहाली के लिए गुहार :** कोलघट्टी सदर की जीनत खातून ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि कई महीनों से उनका दिव्यांगता पेंशन बंद है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। चुटियारो के संतोष कुमार ने जनवितरण प्रणाली की बंद दुकान को फिर से चालू कराने की मांग की। रूकसाना खातून, कटकमदाग ने घर में घुसकर मारपीट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की अपील की। टाटीझरिया के प्रभु रविदास ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिलाने का अनुरोध किया। राजू पासवान, चौपारण ने दाखिल-खारिज से संबंधित अपनी शिकायत रखी। जगतपाल महतो, बड़कागांव ने अपनी जमीन की खतियान और रसीद को ऑनलाइन दर्ज करने की मांग की। चलकुशा के दिव्यांग अजय कुमार वर्णवाल ने बैटरी से चलने वाली साइकिल की मांग रखी। पम्मी कुमारी ने सरकारी स्टाम्प बिक्री के लिए जगह उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। सदर के शुभम कुमार खंडेलवाल ने भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की मांग की। रामचंद्र कुमार, केरेडारी ने बिट अनुसार परीक्षा परिणाम जारी करने का अनुरोध किया।

**उपायुक्त ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश :** जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजा गया और अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा कि प्रशासन जनता की परेशानियों के प्रति संवेदनशील है और हर उचित मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस जनता दरबार से आम नागरिकों को उम्मीद की किरण मिली और वे आश्वस्त हुए कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

# हाथियों का कहर जारी : पत्रकार का घर तोड़ा, फसल बर्बाद, वन विभाग मौन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात करीब 20 हाथियों के झुंड ने बभनवय के चेहला गांव में पत्रकार दीपक कुमार का घर तोड़ दिया और उनकी चार एकड़ में लगी टमाटर की फसल को नष्ट कर दिया। यही नहीं, हाथियों ने खेत में बने एक डोभा को भी तहस-नहस कर दिया।

चेहला वन क्षेत्र में बीते तीन महीनों से हाथियों का झुंड सक्रिय है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कुछ दिन पहले ही हाथियों ने एक महिला को कुचलकर मार डाला था। लगातार बढ़ रही घटनाओं से लोगों में डर और आक्रोश दोनों बढ़ रहा है।

ग्रामीणों ने कई बार हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन वे जंगल और आसपास के गांवों में ही घूमते रहे। अब स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि हाथी इंसानों पर हमला करने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी उन्हें देखते ही आक्रामक हो जाते हैं।

**वन विभाग की उदासीनता पर भड़के ग्रामीण :**

इस घटना की जानकारी कई बार वन विभाग की टीम को दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं। स्थिति से तंग आकर अब ग्रामीणों ने सड़क जाम और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि यदि जल्द से जल्द हाथियों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग तत्काल हाथियों को गांव से दूर करने के लिए उचित कदम उठाए और पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# डीएवी कैनरी हिल हजारीबाग में 'परीक्षा पे चर्चा'

- प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने छात्रों को सफलता के मन्त्र सिखाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सीनियर विंग, कैनरी हिल हजारीबाग में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न एवं विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक सत्र का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने किया, जिसमें उन्होंने छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, स्मार्ट स्टडी करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

**परीक्षा में सफलता के लिए सकारात्मक सोच और अनुशासन अनिवार्य :** प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता सिर्फ मेहनत से ही नहीं, बल्कि सही रणनीति और सकारात्मक सोच से



भी मिलती है। परीक्षा का भय तभी खत्म होगा जब हम तैयारी को एक आनंददायक प्रक्रिया बनाएंगे। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, नोट्स बनाने, रिवीजन की तकनीकें, मॉक टेस्ट देने और आत्म-मूल्यांकन करने जैसी प्रभावी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान, छात्रों के करियर संबंधी सवालों के समाधान के लिए विशेष करियर काउंसलिंग भी की गई। प्राचार्य डॉ. कुमार ने कहा कि प्रत्येक छात्र की रुचि और क्षमता अलग होती है, इसलिए उन्हें अपने पसंदीदा क्षेत्र का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय प्रबंधन हमेशा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए तत्पर रहेगा।

**छात्रों में दिखा जबरदस्त उत्साह :** इस विशेष सत्र में छात्रों ने खुलकर अपने सवाल पूछे और प्राचार्य से मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने कहा कि यह सत्र न सिर्फ उनकी परीक्षा की तैयारी को आसान बनाएगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करेगा। विद्यालय प्रशासन ने इस तरह के आयोजन को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया ताकि छात्रों को हर मोड़ पर सही मार्गदर्शन मिलता रहे।

# हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के डायलिसिस यूनिट में लापरवाही, बिना डॉक्टर के हो रहा इलाज

- सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस लापरवाही को उजागर करते हुए सिविल सर्जन से की शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में स्थित डीसीडीसी किडनी केयर डायलिसिस यूनिट में बिना डॉक्टर के डायलिसिस किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पिछले पांच महीनों से महज टेक्नीशियन मरीजों का डायलिसिस कर रहे हैं, जिससे गंभीर स्थिति में मरीजों की जान खतरे में पड़ सकती है।

सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस लापरवाही को उजागर करते हुए सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद



सिंह और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. अजय कुमार सिंह से शिकायत की। उन्होंने इस यूनिट में डॉक्टर की तत्काल बहाली की मांग की और हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय को भी ट्वीट कर मामले में संज्ञान लेने का आग्रह किया।

डायलिसिस यूनिट पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर संचालित है और यहाँ गरीबी रेखा से नीचे के मरीजों को निःशुल्क सुविधा दी जाती है। लेकिन, आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज में भी लापरवाही बरती जा रही है। आयुष्मान मित्र का काउंटर सुबह 10 बजे खुलता है, जबकि मरीजों का डायलिसिस सुबह 7 बजे से शुरू हो जाता है, जिससे उन्हें लो-इनकम सर्टिफिकेट बनवाने की अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीडीसी को पत्र लिखने और सुबह से ही आयुष्मान मित्र की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि इस लापरवाही पर प्रशासन कितनी जल्दी ठोस कार्रवाई करता है।

# लोक कल्याणकारी राज्य के लिए आर्थिक और सामाजिक समानता अनिवार्य : प्रो. एसएन सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में आयोजित संविधान गौरव अभियान के पांचवें दिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. शुभनारायण सिंह ने महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय संविधान और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों पर विस्तृत चर्चा करते

- संविधान गौरव अभियान के तहत गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित

हुए लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा को समझाया। प्रो. एस.एन. सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान में प्रारंभ से ही आर्थिक और सामाजिक समानता को सुनिश्चित करने का प्रावधान है, लेकिन इन्हें धरातल पर लागू करने में उदासीनता बरती गई। उन्होंने



कहा कि यदि देश में समान नागरिक संहिता को संविधान लागू होने के साथ ही प्रभावी कर दिया जाता, तो आज कई अनावश्यक सामाजिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और उदारवाद का मिश्रण है। संविधान निमार्ताओं ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और राज्य की सत्ता को इन्हें बदलने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि, राज्यों को लोकहित और विधि निर्माण में नीति निर्देशक तत्वों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि युवा और आने वाली पीढ़ियों के लिए संविधान का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संविधान के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। प्रो. सिंह ने कहा कि यदि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो भारत एक सशक्त और समानता पर आधारित राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने सभी से संविधान के प्रावधानों को आत्मसात करने और लोककल्याण के लिए कार्य करने की अपील की।

# चोरों ने कुजू पुलिस को एक बार फिर से दी चुनौती

- पुराना बाजार में बंद आवास से चोरों ने करीब 5 लाख मूल्य के आभूषण की चोरी

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित एक बंद आवास में चोरों ने सोमवार की शाम चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी सज्जन कुमार प्रसाद ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है. उन्होंने बताया कि बहन के विवाह के खरीददारी को लेकर परिवार के साथ रांची गया हुआ था। जब घर पहुंचा तो देखा कि गेट का ताला टूटा है। वही इसी समय घर में चोरी कर रहे चोरों को इसकी भनक लगते ही वह सभी घर के पीछे दीवार फांदकर फरार हो गए। वही जब भुक्तभोगी द्वारा कमरे का छानबीन किया गया तो पाया कि अलमीरा से करीब 5 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण गायब है। तत्काल सूचना कुजू पुलिस को दिया। सूचना पाकर ओपी प्रभारी मो नौशाद सदलबल जवानों के साथ आवास पहुंच कर मामले की जांच किया। इधर देखा जाए तो पिछले एक पखवारा के भीतर क्षेत्र में चोरों ने आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस व लोगो के नींद को उड़ा दिया है। हालांकि अभी तक पुलिस चोरों को पकड़ने में असफल साबित हुई। वही लगातार चोरी की घटना से लोगों में चोरों का हड़कंप मचा हुआ है।

# अनमोल बचपन प्ले स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

- बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन, प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के द्वारा मंगलवार को 5जी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह और निधि सिंह द्वारा विधायक रोशन लाल चौधरी को बुके देकर





सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में नर्सरी क्लास के लिए बैलून गेम में बेहतर प्रदर्शन कर प्रज्ञान, प्रथम, वंश द्वितीय और नित्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चेयर गेम में राजदीप प्रथम, सक्षम द्वितीय और पंखुड़ी तृतीय स्थान पर रही। जबकि बोतल गेम में प्रथम शिवम, द्वितीय रोहन और तृतीय वेदांशु, ब्रेड और जैम गेम में प्रथम अंकित, द्वितीय सत्यम और प्रीति व ध्रुव तृतीय स्थान पर रहें। वहीं बाइक पैकिंग गेम में प्रथम गौरव, द्वितीय स्वीटी व तृतीय अभिमन्यु यादव, कॉफी गेम में प्रथम आस्था, द्वितीय रिया व तृतीय किट्ठू, सुई-धागा में प्रथम अंश ठाकुर, द्वितीय संध्या व तृतीय मानवी, जूस गेम में प्रथम अक्षिता, द्वितीय मोहित और शिवम कुमार तृतीय स्थान पर रहें। इसी तरह बिस्किट गेम में अक्षिता, पीयूष, परी, स्पून और काफी गेम में सृष्टि, रिया, मानवी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहें। इधर पैरेंट्स के लिए आयोजित प्रतियोगिता में भूमि प्रथम, अंश द्वितीय और आराध्या कुमारी तृतीय स्थान पाईं। पजल गेम में प्रथम सत्यम, द्वितीय नीतीश और आराध्या कुमारी तृतीय स्थान पर रही। सफल प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी, उपहार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा गया की बहुत ही कम समय में अनमोल बचपन प्ले स्कूल इस क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। देश के भविष्य के रूप में नन्हे-मुन्ने बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना काफी चुनौती भरा कार्य है, जिसे यह विद्यालय बखुबी निभा रहा है। उन्होंने कहा आने वाले समय में यह—स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, इनके सर्वांगीण विकास के निए स्कूल प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। मौके पर निदेशक अवधेश सिंह के पिता हरिवंश सिंह, बड़े भाई प्रमोद सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, अमरेश सिंह, राजन पांडेय, रामकिशन तुरी, आदि मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका भूमि, दिव्या, उर्मिला, नमिता मिश्रा, नैना, तारा, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी, पूर्णिमा, अंजना व संजना का विशेष योगदान रहा।

# टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है : हेमंत सिंह

- तोपा में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बोंगावार टीम हुई विजयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** तोपा बस्ती के मैदान में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीसीएल महाप्रबंधक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी हेमंत सिंह, पूर्व मुखिया अरशद अंसारी, सदर जियारत अंसारी, सेक्रेटरी सफीक अंसारी, इस्लाम अंसारी शामिल हुए। इस दौरान टूनार्मेंट का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व फीता काटकर किया। मौके पर हेमंत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस



तरह के क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन होने से खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इसके लिए उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर ही खिलाड़ी आज राज्य व देश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। उद्धघाटन मैच बोंगावार बनाम चुम्बा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए चुम्बा की टीम ने 10.5 ओवर में 61 रन बनाकर सिमट गई। जवाबी पारी में बोंगावार की टीम ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 4.1 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैच में अंपायर के रूप में कृष्णा गुप्ता ओर तनवीर आलम रहे।

मौके पर मजहर अंसारी, सोनू अंसारी, जाहिद अंसारी, तकबीर अंसारी, सुमित वर्मा, अमन, कलाम, जालीन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा शुरू

- पहले दिन मैट्रिक परीक्षा में 10 और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 15 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार से मैट्रिक और इंटरमीडिएट (तीनों संकाय) शुरू हुई। परीक्षा के पहले दिन शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न हुई, विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मैट्रिक परीक्षा में 1693 के विरुद्ध 1683 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर की परीक्षा में 1354 के विरुद्ध 1339 परीक्षार्थी उपस्थित, जबकि 15 अनुपस्थित रहे। गौरतलब हो कि इस वर्ष वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 13,616 और इंटरमीडिएट परीक्षा में 10,685 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। मैट्रिक की परीक्षा के लिए जिले में 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जबकि इंटर के लिए 13 बनाए गए।

## मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस-टू अकादमी में आशीर्वाद समारोह का आयोजन



**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी में वर्ग दशम एवं बारहवीं के उत्प्रेषित छात्र-छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार ने बच्चों को परीक्षा से सम्बन्धित महत्पूर्ण जानकारियां साझा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित शिक्षाविद रामप्रवेश पाण्डेय ने भी बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने और उनके साथ बिताये गये पलों को सुखमय बताते हुए उन्हें अगली लम्बी पारी खेलने की शुभकामना और आशीर्वाद दिए। वहीं निदेशक रजनीश शर्मा ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, विद्यालय में 11वीं और 12वीं की पढ़ाई भी पिछले 3 वर्षो से जारी है। ये बच्चे जो परीक्षा दे रहे है उनके लिए विद्यालय के दरवाजा खुले हैं। वे कक्षा 11वीं में अपने पसंदीदा संकाय में नामांकन ले सकते हैं। इस अवसर पर कई अभिभावकों ने भी अपने सारगर्भित विचार बच्चों के सामने रखे। इस अवसर पर शिक्षक राजन कुमार, अलख सिंह, कुमुदिनी लकड़ा, प्रीति चैधरी, भालचंद्र पाण्डेय, अंजलि सिंह, सुजाता कुमारी, अमिता रॉय, रिया सिंह, मुस्कान प्रवीण, आर्वी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## कष्ठा स्टेशन पर इंटर लॉकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में किया जाएगा बदलाव

**कोडरमा।** पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में कष्ठा स्टेशन पर इंटर लॉकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जाएगा जिसमें दिनांक 12.02.25 एवं 14.02.25 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12801 पुरीद्दनई दिल्ली एक्सप्रेस को गया स्टेशन पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 17.02.25 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12801 पुरीद्दनई दिल्ली एक्सप्रेस को गोमोहद्दगया खंड में 140 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 18.02.2025, 19.02.2025 एवं 20.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12801 पुरीद्दनई दिल्ली एक्सप्रेस को गया स्टेशन पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 12.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 08418 पुरीद्दकुंभ स्पेशल को पंडित दीन दयाल उपाध्यायद्दडेहरी ऑन सोन खंड में 90 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 15.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 03031 हावड़ाद्दभिण्ड स्पेशल मानपुर स्टेशन पर 150 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 18.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 03309 धनबादद्दजम्मूतवी स्पेशल धनबादद्दगया खंड में 150 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 18.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 13553 आसनसोलद्दवाराणसी मेमू धनबादद्दगया खंड में 90 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 19.02.25, 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 13554 वाराणसी-आसनसोल मेमू पंडित दीन दयाल उपाध्यायद्दपरैया स्टेशन के बीच 120 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 22.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 13554 वाराणसी-आसनसोल मेमू पंडित दीनदयाल उपाध्यायद्दपरैया स्टेशन के बीच 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 18.02.2025, 19.02.2025 एवं 20.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12802 नई दिली-पुरी एक्सप्रेस पंडित दीनदयाल उपाध्यायद्दअनुग्रह नारायण रोड के बीच 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 21.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12802 नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस पंडित दीनदयाल उपाध्यायद्दअनुग्रह नारायण रोड के बीच 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

दिनांक 18.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 13305 धनबादद्दसासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का आंशिक समापन गया स्टेशन पर किया जाएगा।

दिनांक 18.02.2025 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 13306 सासाराम-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस का आंशिक प्रारम्भ गया स्टेशन से किया जाएगा।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर टूगेदर फॉर बेटर इन्टरनेट थीम पर कार्यशाला आयोजित

# इस आधुनिक डिजिटल की दुनिया में सतर्कता बरतें : अविनाश पूर्णेन्दु

- साइबर खतरों से बचने के लिए कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी साझा नहीं करें : सुभाष यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस आधुनिक डिजिटल की दुनिया मे सतर्कता बरतें, सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर अपना पासवर्ड स्ट्रांग रखें, अपने घरों से जुड़ी जानकारियों को सोशल मीडिया पर साझा नही करें, डीआईओ सुभाष यादव ने साइबर खतरों पर विस्तार से जानकारी देते हुए, इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी दी। श्री यादव ने कहा कि साइबर खतरों से बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक आदि की जानकारी साझा नही करें। अज्ञात नम्बरों से आने वाले लिंक को क्लिक न करें, केवाईसीअपडेट के बहाने आने वाले कॉल्स से सावधान रहें, अपने मोबाइल पर एप्प को नियमित रूप से जांच करें, उन्होंने कहा कि सायबर ठगी होने पर अविलंब इसकी सूचना 1930 पर दें। मौके पर शिक्षा विभाग के आईसीटी इंस्पेक्टर, पंचायत प्रतिनिधि, कृषक मित्र, प्रज्ञा केंद्र संचालक, विभिन्न कार्यालयों के प्रधान, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि मौजूद थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य को मिला स्कूल लीडर्स एंड स्कूल कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित सम्मान




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा को शिक्षा जगत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्कूल लीडर्स एंड स्कूल कॉन्क्लेव 2025 में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम एजुकेटर्स इंडिया द्वारा पटना के एक निजी होटल में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आयोजित एजु-कॉन्क्लेव के दौरान एसआरएम यूनिवर्सिटी आंध्र प्रदेश के प्रो. डॉ. जयसीलन मुरुगैयन (एसोसिएट डीन) और प्रो. विष्णुपद (डीन) के साथ एक संवाद हुआ। इस चर्चा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा और शिक्षक फैयाज कैशर ने सक्रिय रूप से भाग लिया और शिक्षा एवं नवाचार पर अपने विचार साझा किए। विद्यालय के लिए यह गर्व का क्षण था, जब प्राचार्य को शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एजु लीडर्स श्रेणी में सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने कहा कि यह सम्मान न केवल मेरा व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि पूरे सेक्रेड हार्ट स्कूल का है। यह हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शिक्षा में नवाचार और ज्ञान का आदान-प्रदान हमारे विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है और हम इसी तरह आगे भी उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करते रहेंगे।

वहीं निदेशक प्रमोद कुमार ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल की ये उपलब्धियां शिक्षा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं और इसे एक अग्रणी शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित करती हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने हार्दिक बधाई दी।

## विद्यालय बंद रहने को लेकर ग्रामीणों ने बीईओ को दिया आवेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय झिंगुइया मनोरथडीह लगातार बन्द रहने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा मंगलवार को बीईओ को आवेदन देकर विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक की शिकायत की है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने विद्यालय के एक मात्र शिक्षक परदेसी रजक पर लापरवाह होने तथा उपस्थिति बनाकर विद्यालय से चले जाने, साथ ही मध्यान भोजन सूची के मुताबिक संचालित नहीं होने की भी बात कही है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा कि, इसकी सूचना पूर्व में भी कई बार दूरभाष व वीडियो भेजकर दी गई है। शिकायत मिलने पर विभाग के द्वारा सत्यता की जांच करने संकुल साधन सेवी संतोष कुमार को भेजा गया। जांच में उन्होंने विद्यालय बंद पाया। जांच के दौरान मुखिया प्रतिनिधि मथुरा प्रसाद यादव, वार्ड सदस्य पंकज कुमार उपस्थित थे। ग्रामीणों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त शिक्षक पर उचित कार्रवाई करते हुए किसी अन्य शिक्षक को पदस्थापित करने की मांग की है। मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त व जिला शिक्षा अधीक्षक कोडरमा को भी आवेदन की प्रतिलिपि दी गयी है। वहीं विद्यालय के उक्त शिक्षक को इस सम्बंध पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरी तबीयत खराब के कारण विद्यालय से अनुपस्थित हैं। आवेदन में अनिता देवी, सीमा देवी, विमली कुमारी, बसंती देवी, करण कुमार, प्रियांशू कुमारी, प्रमोद कुमार, गौरी देवी, गीता देवी, आकाश यादव, कंचन यादव, शंकर यादव, अनीता देवी, धीरज कुमार आदि के हस्ताक्षर हैं।

## डोमचांच थाना प्रभारी के रूप में ओम कुमार ने संभाला पदभार



**डोमचांच।** थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में ओम कुमार ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन-चैन और शांति स्थापित करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जनता में पुलिस के लिए मैत्री भाव पैदा कर क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। इलाके में किसी प्रकार के अवैध कार्यों को फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। वहीं उन्होंने थाना क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की।

## मंदिर की जमीन पर कब्जा के खिलाफ एसडीओ कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

- संत रविदास मंदिर का जमीन कब्जा कर दलितों की भावना को चोट पहुंचाया गया : प्रकाश अंबेडकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** संत रविदास मंदिर के सामने असामाजिक तत्वों के द्वारा झंडा बोर्ड और होर्डिंग्स लगाने व मंदिर के जमीन को कब्जा करने के खिलाफ संत शिरोमणि रविदास समारोह समिति डोमचांच के द्वारा मंगलवार को एसडीओ कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व समिति के बैनर तले अंबेडकर पार्क से जुलूस निकाला गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस समाहरणालय होते हुए एसडीओ कार्यालय पहुंच कर धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। धरना की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने की। धरना को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता सईद नसीम ने कहा कि संविधान हर किसी को धार्मिक स्वतंत्रता, उपासना करने का अधिकार दिया है। प्रशासन की निष्क्रियता से न्याय पसंद अवाम में असंतोष उपजा है। जिला प्रशासन अविलंब पहल कर दोनों पक्षों की भावना को सम्मान करते हुए, समस्या का हल करे। कांग्रेस नेता प्रकाश रजक ने कहा कि रूपनडीह में संत रविदास जी के मंदिर को ढक कर दलितों की भावना को ठेस पहुंचाया गया है, इस मामले को लेकर वहां के दलित समाज के लोग कई बार शासन प्रशासन से कार्रवाई की गुहार लगाया, परन्तु कोई कार्रवाई नही हुई। जिला प्रशासन एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है, हमलोग उनके धर्म को भी सम्मान करते हुए पूजा करते हैं ऐसे में हमारी भावनाओं को ठेस नही पहुंचाया जाए। यदि जिला प्रशासन जल्द कार्रवाई नही करती तो बाध्य होकर आंदोलन को तेज किया जाएगा। बसपा जिलाध्यक्ष श्री अंबेडकर ने कहा कि हमलोग सबों का सम्मान करते हैं, लोगों को जातियों में बांटना नही चाहिये, सभी एक है, ऐसे में हमारी धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए, मंदिर में लगाये गए होर्डिंग्स बोर्ड को अविलंब हटाया जाए।

मौके पर सुनील कुमार, राजू दास, पिंटू दास, सुजित राम, बसंत दास, सिकन्दर दास, संजय दास, राजेन्द्र मेहता, बसंत कु दास, इंद्रदेव दास, अजय दास, अमित अनुराग, नकुल दास, कुमु देवी, मीना देवी, रजनी देवी, सुमित्रा देवी, मंजू देवी आदि मौजूद थे।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव में गूंजेगी संगीत, नृत्य और कविताओं की धुन

- डीसी रमेश घोलप ने प्रेस वार्ता में दी महोत्सव की विस्तृत जानकारी




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र इटखोरी में आयोजित होने वाला राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 इस बार भी भव्यता, आस्था और मनोरंजन का अनूठा संगम होगा। तीन दिवसीय यह महोत्सव 19, 20 और 21 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय, राज्य और बॉलीवुड के नामचीन कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रेस वार्ता के दौरान विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार महोत्सव में लोक संगीत, शास्त्रीय नृत्य, बॉलीवुड गायन, हास्य कवि सम्मेलन, कॉमेडी शो और अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री करेंगे महोत्सव का उद्घाटन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन और महोत्सव के उद्घाटन के साथ इस आयोजन की शुरूआत होगी। इसके बाद विभिन्न पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुतियां दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। इस महोत्सव में देशभर के कई जाने-माने कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिनमें इंडियन आइडल विजेता सलमान अली, बॉलीवुड गायक जॉली मुखर्जी और रवि त्रिपाठी, हास्य कलाकार राजीव निगम, कवि विष्णु सक्सेना, पद्मिनी शर्मा और सर्वेश अस्थाना, भोजपुरी लोक गायिका चंदन तिवारी, झारखंड के उभरते कलाकार अथर्व बक्सी, दिवस कुमार, अभिषेक प्रधान और आर्यन राय शामिल हैं।

### झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को मिलेगा बढ़ावा

यह महोत्सव झारखंड की लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने और स्थानीय कलाकारों को मंच देने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। इस दौरान छऊ नृत्य, नागपुरी लोकगीत, पाईका नृत्य और भक्ति संगीत जैसी प्रस्तुतियां झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शकों तक पहुंचाएंगी।

### आकर्षण का केंद्र होगा इटखोरी महोत्सव

तीन दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव आस्था, संस्कृति और मनोरंजन का अनूठा संगम होगा। स्थानीय लोग, पर्यटक और श्रद्धालु इस आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होकर न केवल झारखंड की संस्कृति का अनुभव करेंगे बल्कि कला, संगीत और भक्ति का भी आनंद उठाएंगे।

### इटखोरी महोत्सव 2025 को लेकर उत्साह चरम पर

महोत्सव को लेकर चतरा जिले के लोगों में जबरदस्त उत्साह है। जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस बार का आयोजन सुरक्षा, सुविधा और भव्यता के लिहाज से पहले से भी अधिक शानदार होगा।

इटखोरी महोत्सव 2025 कला और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है, जहां मनोरंजन, परंपरा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

## जमीन विवाद में दो गुटों के बीच मारपीट, सात लोग घायल

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के जपुआ गांव में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल सात लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल चिंता देवी और एक अन्य को चतरा रेफर किया गया है। घटना के संबंध में नागमणि विश्वकर्मा ने बताया कि वे अपने घर का निर्माण कर रहे थे, तभी अर्जुन दांगी और उनके परिजन वहां पहुंचे और काम बंद करने की बात कहकर झगड़ा करने लगे। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट शुरू हो गई। वहीं, दूसरे पक्ष की चंचला देवी का कहना है कि जिस जमीन पर निर्माण हो रहा था, उसे लेकर पुराना विवाद था। इसी कारण उन्होंने काम बंद करने को कहा, जिसके बाद दोनों गुटों में झड़प हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष ने थाना में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

## एक नजर में

### श्री श्री 108 दुर्गा शतचंडी महायज्ञ पूर्णाहुति में शामिल हुए सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल



**इटखोरी।** प्रखंड के हलमता पंचायत के राजवर गांव में नवनिर्मित देवी मंडप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 108 दुर्गा शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति मंगलवार को हुई। इस अवसर पर सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल भी शामिल हुए और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्णाहुति के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान विधायक कुमार उज्जवल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्यों, ग्रामीणों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विधायक का स्वागत किया। यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर टोनाटांड़ पंचायत मुखिया बद्री यादव, कोनी पंचायत मुखिया रंजय भारती, रंधीर सिंह, भरत साव, हलमता पंचायत मुखिया आरती देवी, अशोक यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### गिद्धौर में शांतिपूर्ण संपन्न हुई इंटर व मैट्रिक परीक्षा

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दो परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में मैट्रिक के 138 परीक्षार्थी, जबकि पीएम श्री मध्य विद्यालय में 99 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, इंटर की परीक्षा में पीएम श्री विद्यालय केंद्र पर 101 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा की सख्ती से निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट रामकुमार सिंह और सचिन दत शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा, प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह और पीएम श्री मध्य विद्यालय के केंद्राधीक्षक रामकुमार यादव समेत अन्य शिक्षक परीक्षा ड्यूटी में तैनात रहे। परीक्षा के दौरान पूरी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही और किसी भी तरह की गड़बड़ी या कदाचार की घटना सामने नहीं आई। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था की सराहना की।

### किसानों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत भवन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार के तहत संचालित कृषि सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024-25 के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रशिक्षक चंदन कुमार और मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों को फसल उत्पादन से लेकर कटाई तक की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक चंदन कुमार ने डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से कृषि तकनीकों और नवीनतम उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बिटीएम प्रभात कुमार, कृषक मित्र प्रसादी पासवान, रजनी देवी, रोहित कुमार दांगी, महेश यादव, तपेश्वर पासवान, अशोक दांगी समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर अनिवार्य, नहीं देना होगा कोई शुल्क : राकेश सिंह



**चतरा।** बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा। यह जानकारी विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राकेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली बिल और खपत से जुड़ी सभी जानकारियां आसानी से मिलती रहेंगी। आरडीएसएस योजना के तहत मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड एजेंसी द्वारा शहरी क्षेत्रों में पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है। इस योजना के तहत सभी नए और पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। स्मार्ट मीटरों का रखरखाव और प्रतिस्थापन 10 वर्षों तक मेसर्स टेक्नो एजेंसी द्वारा किया जाएगा। उपभोक्ताओं को मीटर लगाने या बदलने के लिए कोई राशि नहीं देनी होगी, क्योंकि यह केंद्र सरकार की योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग करने और बिना किसी शुल्क के स्मार्ट मीटर लगवाने की अपील की है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा चंदवारा प्रखंड समिति की बैठक

पी-6



**चंदवारा (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा चंदवारा प्रखंड समिति का बैठक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर भारती की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ नेता अनिल बरनवाल ने किया। बैठक में प्रभारी संजय पांडेय, केंद्रीय कमेटी सदस्य कुदुर अंसारी के देखे रेख में संपन्न हुआ। सम्मेलन में सर्व समिति से प्रखंड अध्यक्ष के लिए कामेश्वर भारती, सचिव बैजनाथ रविदास, उपाध्यक्ष असगर अंसारी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, संगठन सचिव रवि शंकर यादव, उपाध्यक्ष उमेश यादव का सर्वसमित्ति से चयन हुआ। सम्मेलन में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के संयोजक मंडली के संयोजक वीरेंद्र पांडेय, केंद्रीय कमेटी सदस्य गोपाल यादव, केंद्रीय कमेटी सदस्य इस्लाम अंसारी, समसुल अंसारी, वरिष्ठ नेता श्यामदेव यादव, दिनेश्वर गिरी, रफीक अंसारी, प्रकाश चंद्र राय, बद्री पंडित, इनामुल अंसारी, रामचंद्र यादव, बालेश्वर यादव, लखन शर्मा, शमीम अंसारी, सरजू यादव, काली रविदास, राम अवतार भारती, खेरी यादव, सौदागर दास, राहुल रविदास, संजय दास, रुक्मिणी देवी, गुलाब गिरी आदि शामिल हुए।

### नाबालिग के अपहरण के आरोपी ने किया आत्म समर्पण

**कोडरमा।** पुलिस के दबिश और सक्रियता के कारण नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी चिगलाबर निवासी कृष्णा कु दास पिता गुलाब दास ने मंगलवार को अपहृत लड़की के साथ कोडरमा थाना में आत्म समर्पण कर दिया, बताते चले कि नाबालिग के पिता ने बीते 10 फरवरी को अपने नाबालिग पुत्री का अपहरण करने का आरोप चिगलाबर निवासी कृष्णा कु दास, सरिता देवी, आरोपी के पिता गुलाब दास, शिवम कुमार और राजन कुमार पर लगाते हुए कोडरमा थाना कांड संख्या 21/25 में मामला दर्ज कराया था। मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने नाबालिग लड़की के बरामदगी को लेकर थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया, टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, संदिग्ध जगहों पर लगातार छापामारी किया जाने लगा, जिससे आरोपी ने अपहृत लड़की के साथ मंगलवार को थाना में आत्म समर्पण कर दिया।

### जांच शिविर का आयोजन 15 को

**डोमचांच (कोडरमा)।** महिला विकास समिति के तत्वावधान में 15 फरवरी को सीएम प्लस टू हाई स्कूल मैदान में कटे हुए होंठ एवं तालू के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के वैसे लाभार्थियों की जांच की जाएगी, जिनके जन्म से होंठ कटे हों या तालु में कोई गड़बड़ी होगी। जांच शिविर में अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा नि:शुल्क किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी संस्था के सचिव मनीषा झा ने दी।

## गिद्धौर में बिना बच्चों के संचालित हो रहा आंगनबाड़ी, प्रशासन मौन



मुकेश कुमार

**गिद्धौर।** झारखंड सरकार जहां बच्चों के शिक्षा और पोषण को लेकर लगातार कार्य कर रही है, वहीं गिद्धौर प्रखंड के मंझगवा पंचायत अंतर्गत सिंदवारी खुर्द स्थित आंगनबाड़ी केंद्र (कोड-140) पर सरकारी योजनाओं की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यह आंगनबाड़ी लगभग एक साल से बिना बच्चों के संचालित हो रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।आंगनबाड़ी की सेविका संगीता का कहना है कि ग्रामीण अपने बच्चों को इस केंद्र में भेजने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि बच्चों के भविष्य और पोषण के लिए चलाए जा रहे सरकारी कार्यक्रमों का लाभ आखिर कौन उठा रहा है? ग्रामीणों का कहना है कि यह आंगनबाड़ी इतिहास रच रहा है, जहां बिना बच्चों के ही संचालन हो रहा है। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से हस्तक्षेप करने और बच्चों के हित में उचित कार्रवाई की मांग की है। झारखंड सरकार की शिक्षा और पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन पर यह एक बड़ा सवाल है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस लापरवाही पर कब तक संज्ञान लेता है और उचित कदम उठाता है।


ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ

# आकाशियन्स का जेईई मेन 2025 जनवरी सत्र में आदित्य प्रकाश को 99.20 परसेंटाइल

## आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टिट्यूट के छात्रों ने जेईई मेन 2025 की परीक्षा में एक बार फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जमशेदपुर और पूरे राज्य का गौरव बढ़ाया है। आज घोषित हुए परीक्षा परिणामों में संस्थान के छात्र आदित्य सहाय ने 99.20 पर्सेंटाइल प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है।

आकाश इंस्टिट्यूट के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक योजना, समर्पित शिक्षकों का मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत का योगदान है। छात्रों के नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाया है।

इस अवसर पर निदेशक श्री राजेश प्रसाद, सह-निदेशक श्री रमन प्रसाद और शिक्षकों ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, ह्ययह सफलता आकाश इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों की मेहनत और हमारी विशेष शिक्षण पद्धति का परिणाम है ह्व उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

इस शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। आकाश इंस्टिट्यूट जमशेदपुर की शाखा के 47% छात्रों ने जेईई मेन में सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध किया है कि संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रेरणा प्रदान करने में अग्रणी है। आकाश इंस्टिट्यूट अपनी इस सफलता से प्रेरित होकर छात्रों को और भी उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



बेहतर परीक्षा परिणाम के बाद प्रसन्न मुद्रा में आकाश इंस्टिट्यूट के विद्यार्थी और शिक्षक।

### शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र

- आदित्य सहाय: 99.20 पर्सेंटाइल
- अभिजीत मिश्रा: 98.96 पर्सेंटाइल
- प्रत्युष जैस्वाल: 96.40 पर्सेंटाइल
- यश कारन: 97.30 पर्सेंटाइल
- सुभेच्छा दत्ता: 96.26 पर्सेंटाइल
- खुशाल अग्रवाल: 95.52 पर्सेंटाइल
- विद्या सत्संगी: 95.50 पर्सेंटाइल
- ऋषि चौबे: 94.46 पर्सेंटाइल
- शीला महतो: 93.66 पर्सेंटाइल
- स्नेहा दास: 93.66 पर्सेंटाइल
- सश्मित श्रीवास्तव: 93.00 पर्सेंटाइल
- स्वस्ति पाण्डेय: 92.62 पर्सेंटाइल
- तन्वी राज: 91.39 पर्सेंटाइल
- देबरघ्या घोष: 91.34 पर्सेंटाइल
- सृष्टि मिश्रा: 90.01 पर्सेंटाइल

# टेल्को थीम पार्क से पिस्टल और गोली के साथ एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के द्वारा अपराधकर्मियों के विरुद्ध सघन छापामारी व विशेष गश्ती करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। प्राप्त निर्देश के आलोक में विशेष गश्ती टेल्को थाना के द्वारा निकाली गयी थी। विशेष गश्ती के क्रम में दिनांक 10.02.25 को रात्रि करीब 08.50 बजे गश्ती हुडको से थिम पार्क की ओर जा रहीथी तभी एक व्यक्ति पुलिस गाड़ी को देखकर भागने लगा।

पुलिस बल की सहायता से उसे पकड़ा गया। पकड़ाये गये व्यक्ति से नाम व पता पुछने पर अपना नाम करम मानकी उर्फ करण मांझी उम्र 38 वर्ष पे० शिबू मानकी पता घाटीडुबा (बकसोल टोला) थाना घाटशिला जिला पूर्वी सिंहभूम बताया जो अपनी पीठ पर एक बैग लटकाये हुये था। व्यक्ति की तलाशी लेने से उसके कमर से अवैध देशी सिक्सर एवं जिन्स के पैकेट से दो जिन्दा गोली बरामद किया गया। उसके बैग की तलाशी ली गयी तो अलग अलग दो प्लास्टिक में गांजा पाया गया।

जिसकी कुल वजन 1. 865 किग्रा है। बरामद सामानो का विधिवत्त पुलिस उपाधीक्षक, नगर जमशेदपुर के उपस्थिति में जप्त किया गया एवं अभियुक्त को करमु मानकी उर्फ करण मांझी गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


गिरफ्तार करम मांझी के साथ एसएसपी और सिटी एसपी।

### ऑनलाइन पहचान सुरक्षित रखने, अनजाने लिंक, कॉल से बचने की सलाह

**जमशेदपुर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मितल के निर्देशानुसार सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन करीम सिटी कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यशाला में प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी के अलावा कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें शामिल हुए। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, प्राचार्य करीम सिटी कॉलेज समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के तत्वधान में आयोजित कार्यशाला में इंटरनेट का उपयोग, साइबर क्राइम से बचने के तरीके, साइबर क्राइम के विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया आदि को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कायाशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है।

## स्पीड न्यूज

### टाटा स्टील के राजू, मनोज, शाहनवाज और प्रीतिश ने दिया एसडीपी

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रक्त एवं रक्त अवयव (कम्पोनेन्ट) की जरुरतमंदों को पूर्ति के लिए लगातार चलाये जा रहे रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत 10 एवं 11 फरवरी को रेड क्रॉस के आह्वान पर चार रक्तदाताओं ने जरुरतमंद मरीजों के लिए ब्लड के महत्वपूर्ण घटक प्लेटलेट्स का दान एसडीपी डोनेशन के रूप में किया। इस क्रम में टाटा स्टील कर्मी राजू कुमार ने 35वां एसडीपी डोनेशन कर नियमित 17 रक्तदान के साथ अपना 52वां रक्तदान पूरा किया, वहीं मनोज कुमार संह ने अपना दूसरा एसडीपी दान करने के साथ ही 3 प्लाज्मा व 68 नियमित रक्तदान के साथ अपना 73 रक्तदान पूरा किया। वहीं टाटा स्टील कर्मी शाहनवाज आलम ने 12वां एसडीपी तथा एक नियमित रक्तदान के साथ अपना 13वां रक्तदान पूरा किया। सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतिश जैन ने 13वां एसडीपी व 20 नियमित रक्तदान के साथ अपना 33 रक्तदान पूरा किया।

### सोना देवी की स्मृति में रेडक्रॉस का शिविर 15 से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 759वां नेत्र शिविर सोना देवी एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट एवं सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के सहयोग से स्व. सोना देवी की स्मृति में 15 से 17 फरवरी तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित किया जायेगा।

### जनता दल (यू) उलीडीह मंडल अध्यक्ष बने प्रवीण

**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने संगठन का विस्तार करते हुए उलीडीह रिपीट कॉलोनी निवासी प्रवीण सिंह को जनता दल (यूनाइटेड) उलीडीह मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मंगलवार संध्या जद (यू) की टीम ने प्रवीण सिंह के रिपीट कॉलोनी स्तिथ आवास पर पहुंचकर इस मनोयन की घोषणा की ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## दिशा का आठवां दीक्षांत समारोह संपन्न

- झारखंड और ओडिशा की 545 महिलाएं समारोह में सम्मानित
- संघर्षशीलता और समानता की ओर बढ़ते कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन के दिशा कार्यक्रम के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन 8 फरवरी को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें 545 महिलाओं ने सफलता का जश्न मनाया। महिलाओं के नेतृत्व को सशक्त बनाने और हाशिए पर मौजूद समुदायों के उत्थान के संकल्प के साथ, दिशा समाज में समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक 7000 से अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम से जुड़कर अपनी क्षमता को निखारा है, जिनमें से झारखंड और ओडिशा की 5342 महिलाएं प्रशिक्षण पूरा कर सशक्त भविष्य की ओर बढ़ रही हैं। इस दीक्षांत समारोह की थीम




प्रबुद्ध समतामूलक समाज थी, जिसमें ग्रामीण महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया–कैसे वे जागरूकता और समानता की नींव पर एक नये समाज का निर्माण कर रही हैं। दिशा का नेतृत्व प्रशिक्षण इस बदलाव में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जहां महिलाओं को संचार, निर्णय लेने और रणनीतिक सोच जैसे कौशलों से सशक्त बनाया जा रहा है।

## केपीएस कदमा के छात्रों ने जननी दिवस पर माता-पिता की आरती की, लिया आशीर्वाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केपीएस कदमा के कक्षा 3 से 9 तक के विद्यार्थियों ने मंगलवार, 11 फरवरी 2025 को जननी दिवस मनाया। समारोह की शुरूआत माता-पिता के स्वागत के साथ हुई, उसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ विद्यार्थियों ने स्॑ागत गीत प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षा श्रीमती मनोरमा नायर ने यह कहकर सभा को संबोधित किया कि माता-पिता भगवान के सर्वोत्तम उपहारों में से एक हैं। इस शुभ दिन पर, व्यक्तियों को अपने माताओं (जननी) और माता-पिता की निरंतर बलिदान,



भावनात्मक समर्थन और उनके द्वारा दिए गए अमूल्य ज्ञान की सराहना करने के लिए समय निकालने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह सभी उम्र के बच्चों के लिए स्नेह के इशारों के माध्यम से कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन था, जैसे हार्दिक संदेश साझा करना, सार्थक टोकन उपहार में देना और अपने माता-पिता के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना।

पंजाबी भजन जो गाया गया वह बहुत आध्यात्मिक था और भक्ति और शांति की भावना को जगाता था। शिक्षकों द्वारा की गई बहु-विश्वास प्रार्थना समावेशिता और एकता से भरी हुई थी, जिसमें शांति, प्रेम, करुणा और समझ जैसे साझा मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करते ह७ुए विश्वासों की विविधता को अपनाया गया था। छात्रों ने अपने माता-पिता की पूजा की और उन्हें तिलक लगाकर, माला पहनाकर और फूल बरसाकर, आरती करके और अपने माता-पिता के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करके उनका आशीर्वाद लिया। माहौल बेहद भावुक था, क्योंकि उनकी आंखों से आंसू बहने लगे थे।

## आशीष डे की 72वीं जयंती पर धेनगाम के 60 आदिवासी सबर परिवारों को दिया गया राशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बहुचर्चित एक सफल व्यवसाई सह समाजसेवी रहे साकची श्रीलेदर्स के स्वर्गीय आशीष डे जी के 72 वें जन्मदिन पर, 11 फरवरी को स्वर्गीय आशीष डे जी के जन्मदिन के अवसर पर, सुदुरवर्ती गांव धेनगाम कोवाली पोटका के, जहां रह रहे लगभग 60 आदिवासी एवं सबर परिवारों के बीच एक महीने का राशन वितरित कियाग या। प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के पहल पर साकची श्रीलेदर्स परिवार की श्रीमती दोलन डे ने 60 परिवारों के लिए 1 महीने का राशन के रुप में चावल, मसूर दाल, चना दाल, सरसों तेल, सोयाबीन, लाल चना, नमक, चीनी, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, मैच बक्स पैकेट, चाय पत्ती, मिल्क पाउडर, चूड़ा, गुड़, साबुन, आटा, सूजी, वेशन, बिस्किट, अंडा, टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, केंडल आदि वितरित किया। साथ ही साथ वहां निवास कर रहे लोगों के लिए गमछा एवं प्राथमिक सहायता हेतु जरुरत के वक्त ड्रेसिंग हो पाए ( सेबलोन, बैंडेज, गौज, बेटाडिन, लाल दवाई एवं साफ सफाई रखने हेतु फिनाइल ) एवं साथ ही साथ अन्य जरुरत के सामग्री के रुप में ब्रेड, चाकलेट, बिस्किट,भुजिया प्रदान किया गया।

प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निखिल मंडल ने यहां निवास कर रहे परिवारों का जीवन यापन को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया है एवं महत्वपूर्ण कई औद्योगिक घराने के सहयोग से यहां का कायाकल्प करने का भी संकल्प आज प्रतिक संघर्ष फाउंडेशन ने लिया।

## टाटा स्टील यूआईएसएल लाइसेंसधारी की टैरिफ याचिका पर सार्वजनिक सुनवाई संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को को झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर ऑडिटोरियम, आदित्यपुर में सरायकेला खरसावां के लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र के लिए सुबह 11:30 बजे सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की गई। सार्वजनिक सुनवाई वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ट्रू-अप, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक परफॉरमेंस रिव्यू और एआरआर और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए टैरिफ निर्धारण की




प्रक्रिया के रूप में आयोजित की गई थी। सार्वजनिक सुनवाई की अध्यक्षता झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य विधि श्री महेंद्र प्रसाद और सदस्य तकनीकी श्री अतुल कुमार ने की। सार्वजनिक सुनवाई में कई घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं ने भाग लिया।

## भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनायी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

- विभिन्न मंडलों में भी श्रद्धाभाव से मनायी गयी पुण्यतिथि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया। मंगलवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे एवं भारत माता की जय से कार्यालय परिसर गुंजायमान रखा। इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित जी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता थे। समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहे। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के कल्याण हेतु दर्जनों




हितग्राही मूलक योजनाएं चला रही हैं। वहीं उपस्थित कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन और समाज के उत्थान में सतत कार्य का संकल्प लिया।

**विभिन्न मंडलों में मना समर्पण दिवस :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा महानगर अंतर्गत सभी 28 मंडलों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, डॉ राजीव कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, रमेश हांसदा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, संजीव कुमार, बिनोद सिंह, उज्वल सिंह, अप्पा राव, धर्मेंद्र प्रसाद, नीतीश कुशवाहा, सागर राय, रमेश बास्के, बिनोद राय, पवन सिंह, अमित मिश्रा, कमलेश सिंह, रमेश नाग, अजय सिंह, रॉकी सिंह, राहुल तिवारी, प्रकाश दुबे, दीपक तिवारी समेत कई अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## एक नजर में

### तिलकागढ़ में 30 लोंगो ने रक्तदान किया



**जमशेदपुर।** भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिवीर बाबा तिलका माझी के 275वी जयंती को समर्पित महारक्तदान शिविर में कुल 30 लोगों ने रक्तदान किया। जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सौजन्य से सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इसका आयोजन पूर्वी हलुदबनी ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर और मार्डी ब्रदर्स इनिशिएटिव के सयुक्त तत्वाधान में किया गया था। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि वीवीडीए के उपाध्यक्ष चंदेश्वर खां, झामुमो नेता सागेन पूर्ति आदि उपस्थित थे। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में पानो मुर्मू, मार्डी ब्रदर्स इनिशिएटिव के अध्यक्ष आशीष एस मार्डी, स्वपन बेरा (पंचायत समिति), शकुंतला हांसदा, रूबी टोपनो, सीता माझी, रुकमनी हेंब्रम, ममता मार्डी, पूजा मार्डी (वार्ड सदस्य), जमुना सरदार (वार्ड सदस्य), रिंकू सरकार (वार्ड सदस्य) देवाशीष मार्डी आदि का योगदान रहा।

### डांडबूस के शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान



**जमशेदपुर।** पारसी सिंग चांदो पं० रघुनाथ मुर्मू महाल माडवा एवं सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के संयुक्त प्रयास से पहली बार माघ बोंगा गुरु हिरि (गुरु दर्शन) के अवसर पर रायरंगपुर के डांडबूस में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दो महिला रक्तदाता समेत कुल 30 लोगों ने स्वेच्छा से आकर रक्तदान किया। सभी रक्तदाता अपनी अपनी पारंपरिक परिधान में रक्तदान करने पहुंचे थे। जमशेदपुर की देवघर निवासी तुलसी सोरेन और अशरिता मार्डी ने पहली बार शिविर में रक्तदान कर महिलाओं के लिए एक मिसाल बनी हैं। 76 बार रक्तदान कर चुके जमशेदपुर के प्रसिद्ध ट्राइबल ब्लड मैन राजेश मार्डी इस शिविर में सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते नजर आए। सभी रक्तदाताओं को पं० रघुनाथ मुर्मू के पौत्र भीमवार मुर्मू ने अंग वस्त्र, संताली कैलेंडर एवं प्रशस्ति सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से माडवा के सचिव विमल मुर्मू, कोषाध्यक्ष दासमात माझी, राजेश मार्डी, सरला मुर्मू, नरेंद्र मार्डी, गणेश टुडू, संजय सोरेन, लोकेश्वर टुडू आदि का योगदान रहा।

### पुरूष टीम में टाटा टाइटंस और महिला टीम में जुबली क्वींस बना विजेता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी द्वारा ट्यूब मेकर्स क्लब, टेल्को में जेसीएपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 100 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया, जिसमें 6 पुरुष और 2 महिला टीमें शामिल थीं। महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो टीमों ने पहली बार टूर्नामेंट में भाग लिया, जिसमें जुबली क्वींस विजेता बनी। टीम की कप्तान सीए नेहा अग्रवाल थी। फाइनल मुकाबला टाटा टाइटंस और डिमना डक्स के बीच हुआ, जिसमें टाटा टाइटंस ने 38 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। टीम के कप्तान सीए पंकज शिंगारी थे। इस विजेता टीम के मालिक सीए रमाकांत गुप्ता और सीए संजय गोयल थे। डिमना डक्स उपविजेता रही, जबकि जमशेदपुर जुबिलीयंट्स तीसरे स्थान पर रही। मैन ऑफ द मैच सीए सत्यम तिलवानी, मैन ऑफ द सीरीज सीए शयन शाह, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सीए सूरज कुमार, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सीए विनोद खेमका, सर्वश्रेष्ठ फील्डर सीए दया शंकर, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर सीए अनिल अग्रवाल रहे। इस आयोजन के शीर्ष प्रायोजक कुलदीप संस ज्वेलर्स और जबकि ट्रैस्टार मोटर्स पावर्ड बाय प्रायोजक थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रोग्राम के संयोजक सीए सुगम सरायवाला, सीए रमाकांत गुप्ता, सीए जगदीश खंडेलवाल, सीए अनिल अग्रवाल, सीए सुशील खोवाला, सीए अजय गुप्ता, सीए बिनोद अग्रवाल, सीए बिनोद सरायवाला, सीए दिलीप गोलछा, सीए दया शंकर, सीए नरेंद्र जैन, सीए रवि गुप्ता, सीए विनीत मेहता, सीए पंकज शिंगारी, सीए धीरज प्रसाद, सीए राकेश रोशन झा का योगदान रहा।

### नारायण आइटीआई में याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी



**जमशेदपुर।** आज नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में स्वतंत्रता सेनानी तिलक मांझी की जयंती मनाई गई। इस शुभ अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि जबरा पहाड़िया (तिलका मांझी) भारत में ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देने वाले पहाड़िया समुदाय के वीर आदिवासी थे। सिंगारसी पहाड़, पाकुड़ के जबरा पहाड़िया उर्फ तिलका मांझी के बारे में कहा जाता है कि उनका जन्म 11 फरवरी 1750 ई. में हुआ था। 1771 से 1784 तक उन्होंने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध लंबी और कभी न समर्पण करने वाली लड़ाई लड़ी और स्थानीय महाजनों–सामंतों व अंग्रेजी शासक की नींद उड़ाए रखा। पहाड़िया लड़ाकों में सरदार रमना अहाड़ी और अमड़ापाड़ा प्रखंड (पाकुड़, संताल परगना) के आमगाछी पहाड़ निवासी करिया पुजहर और सिंगारसी पहाड़ निवासी जबरा पहाड़िया भारत के आदिविद्रोही हैं। इन्होंने 1778 ई. में पहाड़िया सरदारों से मिलकर रामगढ़ कैंप पर कब्जा करने वाले अंग्रेजों को खदेड़ कर कैंप को मुक्त कराया। 1784 में जबरा ने क्लीवलैंड को मार डाला। बाद में आयरकुट के नेतृत्व में जबरा की गुरिल्ला सेना पर जबरदस्त हमला हुआ जिसमें कई लड़ाके मारे गए और जबरा को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्यक्रम में इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद रहे एडवोकेट निखिल कुमार, जयदीप पांडे, बलराम महतो (भाजपा ),भगत लाल तेली, प्रकाश महतो, कृष्णपद महतो, सासी प्रकाश महतो,गौरव महतो ,अजय मंडल,पवन महतो, संजीत महतो आदि उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### विजय अध्यक्ष व अनिल बने उपाध्यक्ष



विश्रामपुर (पलामू)। नगर परिषद के वार्ड 16 में मंगलवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता यदुनी राम व संचालन पार्षद पूनम देवी ने किया। जिसमें संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जायेगी। इसे लेकर एक कमेटी भी बनी। जिसके अध्यक्ष विजय कुमार रवि को चुना गया। अनिल कुमार उपाध्यक्ष, विजय राम पेंटर को सचिव, संजय राम को उप सचिव, सतेंद्र रवि को कोषाध्यक्ष, बिट्टू कुमार को उप कोषाध्यक्ष, रामचंद्र राम को सूचना मंत्री व सुदामा राम उप सूचना मंत्री बनाये गये। मौके पर कमेटी के संरक्षक यदुनी राम, महाबीर राम, कृष्णा राम, बिनोद राम, हरिशंकर राम, रामनाथ राम, रामजी राम, नारायण राम व संजय राम भी मौजूद रहे।

### राजीव रंजन का आमरण अनशन 17 से



हरिहरगंज पलामू। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन पांच सूत्री मांग को लेकर 17 फरवरी से प्रखंड कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन करेंगे। उन्होंने मंगलवार को छतरपुर एसडीओ को ज्ञापन देकर बताया कि क्षेत्र की जनता विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है। कई बार संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद समस्याओं का निदान नहीं हो पाया है। विवश होकर आमरण अनशन करने का निश्चय किया गया है।

### ट्रैक्टर से गिरकर चालक की मौत



हरिहरगंज पलामू। थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव के समीप एनएच 139 पर मंगलवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाला पर चढ़ते हुए चहारदीवारी में जा टकराया। जिससे चालक उछलकर नीचे जा गिरा, हादसे में उसकी मौत हो गयी। मृतक कटैया पंचायत के बांसों निवासी कृष्णा राम के पुत्र राजू राम (35) के रूप में हुई है। वह सीमेंट लाद कर कौआखोह की ओर जा रहा था।

### एनपीयू के समक्ष किया पुतला दहन



मेदिनीनगर (अजीत दूबे)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के समक्ष राज्य सरकार का पुतला दहन किया। इसकी अध्यक्षता विवि संयोजक मंजुल शुक्ला व संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव ने किया। ज्ञात हो कि विवि की स्थापना काल के बाद पहली बार विगत दस दिनों तक विवि में कुलपति का नहीं होना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे छात्रों के बीच असमंजस की स्थिति है। मौके पर प्रदेश छात्रावास संपर्क प्रमुख रामाशंकर पासवान, नितीश दुबे, राजन कश्यप, रजनीकांत मिश्रा, हिमांशु कौशल सोनी, उत्कर्ष तिवारी, अमन गुप्ता, शुभम तिवारी आदि थे।

### पांकी पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग



पांकी पलामू। थाना क्षेत्र के इमली चौक पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चला, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गयी। यह अभियान थाना प्रभारी के निर्देश पर मृत्युंजय महतो के नेतृत्व में चला। जिसका मुख्य उद्देश्य बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, ट्रिपल राइडिंग, नशे में वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाना था। मृत्युंजय महतो ने मीडिया को बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक था।

### तरहसी में मैट्रिक के चार, इंटर का एक केंद्र

तरहसी पलामू। तरहसी प्रखंड में चार परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं जिसमें 1656 परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा देंगे जबकि इंटर का मात्र एक परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें 400 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे एस्ट्रोनॉट उवि सेलारी में उवि गुरहा एवं उवि 10+2 तरहसी का परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां 301 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सीएस अजय दुबे दंडाधिकारी राम जीत रवि होंगे। परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उवि तरहसी में मनातू के डुमरी, करेला, कार्तिक उवि और तरहसी के नवगढ़ विद्यालय के में 398 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सीएस अरविंद कुमार दंडाधिकारी जय योगेंद्र मंडल होंगे।

### सीएचसी में मना परिवार कल्याण दिवस



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार कल्याण दिवस मना। मौके पर सीएचसी सभागार में कई कार्यक्रम हुए। जिसकी अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संचालन एमपीडबलू मिथलेश दुबे ने किया। कार्यक्रम में लोगों को परियार नियोजन का फायदा बताया गया। साथ ही परिवार नियोजन की विधि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि छोटा परिवार ही सुखी परिवार का मूल मंत्र है। मौके पर बीपीएम पंकज पांडेय, बैम मृगेंद्र सिंह, बीडीएम रविरंजन कुमार, परिवार नियोजन बीटीटी संगीता देवी आदि भी मौजूद थे।

### गांधी मैदान में जेटेट शिक्षक संघ की बैठक



मेदिनीनगर/ पंडवा। जिले के जेटेट शिक्षक संघ की बैठक गांधी मैदान बेलवाटिकर में की हुई। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में यथाशीघ्र रिजल्ट प्रकाशित कर बहाली करने पर विशेष रूप से निर्णय लिया गया। पलामू जिलाध्यक्ष जावेद महताब ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है, उसके आलोक में झारखंड सरकार को यथाशीघ्र जेटेट पास शिक्षकों के द्वारा सहायक आचार्य की जो परीक्षा ली गई है उसका परीक्षाफल अविलंब प्रकाशित कर शिक्षकों को सरकार बहाल करे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को झारखंड सरकार अमल नहीं कर रही है, जिससे हम सबको अहम बैठक बुलाकर झारखंड सरकार पर दबाव बनाकर यथाशीघ्र रिजल्ट देकर शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने पर जोर देने की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष परिमल सर के निर्देश के आलोक में हम सभी जेटेट पास अभ्यर्थी एकता का परिचय देते हुए आने वाले निकट भविष्य में जिला मुख्यालय, मुख्यमंत्री एवं राजभवन का घेराव करेंगे।

# एकजुट रहेंगे, तो आगे बढ़ेंगे : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

- समाज की बेहतरी और उत्थान के लिए शिक्षा आवश्यक : चमरा लिंडा
- कलचर आदिवासियों की पहचान, इसे बढ़ायें आगे
- लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण

मिन्हाज /जीवन

मेदिनीनगर/ सतबरवा। वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि समाज का हर वर्ग आगे बढ़े। आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज का भी उत्थान हो। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। झारखंड में आदिवासी समाज का साक्षरता दर 52% है, जो राष्ट्रीय औसत से नीचे है। ऐसे में शिक्षा सबके लिए जरूरी है। शिक्षित होने से आदिवासियों के बच्चे विधानसभा एवं लोकसभा के सदस्य बनेंगे। इससे गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने हर वर्ग-समुदाय की शिक्षा पर जोर दिया। कहा कि एकजुट रहेंगे, तो आगे बढ़ेंगे। मंत्री पलामू के दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मेला स्थल पर मंत्रियों समेत अतिथियों ने राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला पलामू जिला प्रशासन व मेला आयोजन समिति के समन्वय से प्रतिवर्ष 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होता है।

## दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू, मंत्री ने किया शिरकत





दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य और कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

**विभिन्न विभागों के स्टॉल से लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी**

राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाये गये हैं। मंत्री सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने स्टॉल का भ्रमण कर निरीक्षण भी किया। स्टॉल के माध्यम से लोगों को दी जानेवाली जानकारी एवं गतिविधियों से अवगत होते हुए उसकी सराहना की। साथ ही स्टॉल पर ही संबंधित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मेला में जिला ग्रामीण विकास शाखा के स्टॉल पर अबुआ आवास, मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप, बीर शहीद पोटो हो खेल आदि की योजनाओं की जानकारी लोगों ओ दी जा रही है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही एलईडी स्क्रीन पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**मेला को भव्यता प्रदान करें : रामचंद्र सिंह :** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मेला को और भव्यता देने की बातें कही। कहा कि मेला राज्य स्तर पर हो, और इसके माध्यम से और अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाये।

**चेरो राजवंश को याद दिलाता है मेला : त्रिपाठी :** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि दो दशकों से लगातार मेला लगता है, जो चेरो राजवंश को याद दिलाता है। राजा मेदिनीराय की याद में आयोजित इस मेले में सरकार के विभागों के स्टॉल लगते हैं। योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जाता है। मेला में योजना की जानकारी मिलती है। यहां मंईयां सम्मान योजना संचालित है, जिसे दूसरे राज्य भी अपना रहे हैं।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीओ सुलोचना मीना, जिला कल्याण सह जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहू, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, हृदयानंद सिंह, उमेश सिंह, भर्दुल कुमार सिंह, अवधेश सिंह चेरो, रविन्द्र सिंह चेरो, हरेराम सिंह आदि सदस्य सक्रिय थे।

उपायुक्त सभागार में मना सुरक्षित इंटरनेट दिवस, सेमिनार में साइबर फ्रॉड पर चर्चा

# मानव जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है इंटरनेट : शशि रंजन

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते पलामू डीसी व अन्य।

मेदिनीनगर। एनआईसी द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर उपायुक्त सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन उपायुक्त शशिरंजन व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य यह है कि इंटरनेट सेवा का लोग सदुपयोग करें। साथ ही साथ इंटरनेट के माध्यम से दी जानेवाली जानकारी सभी सत्य नहीं होते हैं। उसे समझ बुझकर ही लोग उसका उपयोग करें। साथ ही जहां एक इंटरनेट सेवा आम जन जीवन के लिए लाभदायक है वहीं इसका दुरूपयोग लोग कर दूसरों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इससे सुरक्षित प्रयोग करें। मुख्य अतिथि उपायुक्त ने कहा कि इंटरनेट मानव जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है लेकिन इसका सुरक्षित प्रयोग कर बेहतर सामाजिक माहौल तैयार किया जा सकता है। साथ ही इंटरनेट द्वारा किये गये कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

**खास बातें :** इससे साईबर क्राइम में काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि माइक्रोफोन लोगों की मानसिकता को रीड कर उसी अनुरूप उसे प्रसारित करता है लेकिन उसमें भी हमें सावधानी बरतने की जरूरत है। वर्तमान युग में इंटरनेट के माध्यम से किसी भी व्यक्ति के विषय में पता लगाया जा सकता है। आज नेट के माध्यम से ऑन लाईन पढ़ाई से लेकर महत्वपूर्ण कार्यो का निष्पादन लोग कर रहे हैं। लेकिन साईबर अपराधी भी इसी नेट का प्रयोग कर लोगों को ठगी का शिकार कर रहे हैं ऐसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इवीएम इंडिपेंडेंट होता है जिसे नेट की जरूरत नहीं होती है। इसे न हैक किया जा सकता है और न ही इसमें किसी प्रकार का छेड़छाड़ किया जा सकता है।

ऑक्सफोर्ड स्कूल में फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन

# सभी के लिए निरपेक्षता और एकता की भावना आवश्यक : प्राचार्य डॉ एके सिंह

- सर्वोत्तम कक्षा कप्तान की घोषणा के साथ प्रमाण पत्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरा उपस्थित विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी।

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में सत्र 2024-25 की समाप्ति पर फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के उपरान्त सर्वोत्तम कक्षा कप्तान की घोषणा के साथ प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सर्वोत्तम कक्षा मॉनिटर हेतु कक्षा चतुर्थ से सार्थक, परीक्षित कक्षा पंचम से शाश्वत आनन्द, अक्सा नाज कक्षा षष्टम से प्रत्युषा सिन्हा, विश्वजीत, सोफिया परवीन कक्षा सप्तम् से अन्वेषा पांडे, पल्लवी रानी कक्षा नवम से जिया चन्द्रा, अंकित कुमार, सौम्या श्रुति एवं कक्षा ग्यारहवीं से ऐश्वर्या को पुरस्कार दिया गया। उसके बाद सर्वोत्तम कक्षा के रुप में कक्षा चतुर्थ स, पांचवीं अ और द, छटवीं अ, ब, स, सातवीं ब, नवमी ब एवं ग्यारहवीं द को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु कक्षा चतुर्थ से रिया कुमारी, अभिमन्यु प्रताप, गौरव कुमार सिंह, कक्षा पंचम से संजीव सिंह, कुमार राज, गुनगुन सिंह, कक्षा षष्ठम से मनिका कुमारी, दिव्यराज सिंह, माही गुप्ता, कक्षा सप्तम् से पीहु सोनी, नवनीत जायसवाल, ज्योति गुप्ता, वंशराज, कक्षा अष्टम् से वेद प्रकाश रंजन एवं कक्षा नवम से लेख राज वर्मा को मेडल व प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक गतिविधियों के आधार पर चारों सदनों में विभाजित कर कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं।

## महाकुंभ जाने-आनेवाले तीर्थयात्रियों के हवाले ट्रेन, अन्य यात्री हैं हलकान

गजेंद्र कुमार

- तीर्थयात्रियों ने ट्रेन के सभी बोगी का गेट कर दिया बंद, प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों ने काटा बवाल
- डालटनगंज स्टेशन पर हो रहे बवाल में रेल प्रशासन साधी चुप्पी
- आरक्षित व जेनरल टिकट लेनेवाले यात्री नहीं चढ़ सके, बैरंग लौटे वापस



मेदिनीनगर। प्रयागराज महाकुंभ में देश भर के श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने को व्याकुल हैं। सोमवार की रात डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस पहुंची कि यात्रियों के बीच चढ़ने को लेकर अफरा तफरी मच गयी। सभी एक बोगी से दूसरी बोगी की ओर भागते नजर आ रहे थे। लेकिन उसमें पूर्व से सवार यात्रियों ने बोगी के मेन गेट को दोनों तरफ से लॉक कर दिया था। इसकी सूचना डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलकर्मी ने माइक से प्रसारित कर रहे थे कि यात्रीगण ध्यान दें। झारखंड स्वर्ण जयंती ट्रेन पूर्व से ही पूरी तरह पैक आ रही है आप सभी दूसरी सुविधा का लाभ लेकर प्रयाग जायें। लेकिन प्लेटफार्म पर जो यात्री कोसो दूर से चलकर पहुंचे थे वे ट्रेन में सवार होने के लिए आतुर थे।

## हृदयगति रुकने से युवक की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत उरसुला गांव के एक युवक अनिल राम (25) की मौत सोमवार की रात हृदयगति रुक जाने से हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अनिल की मौत के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मंगलवार को गांव के ही श्मशान घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया। वहीं नौडीहवा गांव निवासी सोनू भुइयां (75) की भी मौत मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद हो गयी। उनका भी दाह संस्कार आज ही किया गया। दोनों मृतक के दाह संस्कार के लिये लकड़ी की व्यवस्था जिला योजना समिति सदस्य सह पार्षद संजय बैठा ने किया। दाह संस्कार में मनोज राम, राकेश राम, संतोष राम, बबलू कुमार, शशि राम, विनोद कुमार, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, नितेश कुमार, अंकित राम, सुदामा राम, बबन बैठा सहित कई लोग शामिल थे।

### पत्रकार के निधन पर बिश्रामपुर में शोक सभा



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर डाक बंगला परिसर में स्थानीय पत्रकारों ने शोक सभा की, जिसमें न्यूज चैनल के पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस दौरान दिवंगत पत्रकार की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोकसभा में वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र शर्मा, ब्रजेश दुबे, नरेंद्र सिंह, जयकांत शुक्ला, रघुवीर पांडेय, महेंद्र प्रजापति, कौशल कुमार, शशि तिवारी, आलोक पांडेय, रामनिवास तिवारी, योगेंद्र मिश्रा, दीपक पांडेय सहित कई पत्रकार शामिल थे।

### पाटन पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा



पाटन पलामू। पाटन पुलिस बैदा कला से गुप्त सूचना पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले आयी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पाल्हे की ओर से जा रहा था। ट्रैक्टर मायापुर का बताया जा रहा है।

## बलमुआ में कादरी हॉस्पिटल के स्वास्थ्य शिविर में 250 मरीजों की निःशुल्क जांच

शिवशंकर पासवान

- गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है : डॉ मोदसीर अंसारी



पांकी पलामू। प्रखंड के केल्हवा पंचायत के बलमुआ में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर लगाया गया। जिसमें 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें निःशुल्क दवा दी गयी। संयोजक डॉ मोदसीर अंसारी ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए निरंतर ग्राम स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा कर मरीजों को निःशुल्क दवा दिया जाता है। इसी के तहत केल्हवा पंचायत के बलमुआ में पांकी पावर सब स्टेशन के समीप स्थित कादरी हास्पिटल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें 250 मरीजों की रक्त जांच, दांत, बीपी, शुगर, बच्चा एवं जनरल सहित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### ससुरालवालों पर मृतका के पिता ने कराया मामला दर्ज

पाटन पलामू। हैदनगर पंसा के धनंजय सिंह ने अपनी पुत्री मीनाक्षी की हत्या संबंधी प्राथमिकी पाटन थाना में दर्ज कराया है। उन्होंने हत्या का आरोप ससुराल वाले पर लगाया है। धनंजय ने पाटन थाना में आवेदन देकर कहा है कि मिनाक्षी की शादी पिछले वर्ष अप्रैल में पाटन थाना के नवडीहा निवासी मनीष सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर मेरी पुत्री को परेशान करते रहते थे। रविवार की शाम मिनाक्षी के पति मनीष सिंह एवं सास ससुर ने मिलकर मेरी बेटी की हत्या कर दी।

## बच्चे देश के भविष्य, इनका सम्मान हम सबका परम कर्त्तव्य : जेपी शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

- स्कूली बच्चों को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



हुसैनाबाद पलामू। थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में सम्मान समारोह मनाया गया। इसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रभा देवी एवं संचालन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जयप्रकाश शर्मा ने किया। इस समारोह में गणतंत्र दिवस 2025 एवं सरस्वती पूजा महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी निभाकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को कॉपी कलम प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर विद्यालय के प्रभारी जयप्रकाश ने सम्मानित किया। नृत्य के मेडल पाने वालों में रिया, रागिनी, अर्चना, पुष्पा, मधुबाला, चंचली, नाटक में प्रियांशु, चांदनी, काजल, पीयूष, रोशन, रवि किशन गुप्ता, प्रियांशु कुमार, अनमोल कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं सम्मानित हुए।

### खेल से होता है शारीरिक और मानसिक विकास इस क्षेत्र में भी बेहतर करियर : अमलेश चौरसिया



चैनपुर (पलामू)। प्रखंड के बसरिया में सोमवार को पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल सुवा और चांदो टीम के बीच खेला गया। चांदो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुआ टीम को हराकर फाइनल जीत लिया। जिसके मुख्य अतिथि अमलेश चौरसिया थे। मैच के बाद श्री चौरसिया ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर हौसला आफजाई की। अमलेश चौरसिया ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास बढ़ता है। युवा वर्ग खेल में भी भविष्य तलाश कर सकते हैं। अब पढ़ाई के साथ-साथ खेल अनिवार्य हो गया है। ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है निखार लाने की। शैलेंद्र चंद्रवंशी ने भी खिलाड़ियों के हौसला अफजाई की। मौके पर शैलेंद्र चंद्रवंशी, नीतीश सिंह, शैलेंद्र चौरसिया, दिनेश यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बीडीसी की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं और व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

- बैठक में उपस्थित नहीं होने वालों पर कारण बताओ नोटिस
- गांव पंचायत में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले नहीं तो संबंधित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : प्रखंड प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल पदाधिकारी व उपस्थित अन्य।

हुसैनाबाद पलामू। प्रखंड कार्यालय के मुख्य सदन सभागार में बीडीसी की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की जबकि संचालन बीडीओ सुनील वर्मा ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रही शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजलापूर्ति, मनरेगा समेत, राशन आपूर्ति, किसानों के सिंचाई, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, आंगनबाड़ी, भवन निर्माण में राजस्व कर्मचारियों के द्वारा जनता को परेशान करने समेत कई जनकल्याण कारी योजनाओं पर विधिवत चर्चा किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने सदन में बारी बारी से जनसमस्याएं बतायी। जिसपर अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों से इससे संबंधित जानकारी लिया। उन्होंने सभी को आस्वस्त कराया कि सभी विभागों के संबंधित अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाये एवं पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा बैठक में उठाये गए मामलों को गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन करें नही तो कार्रवाई करने के लिए मैं उनके खिलाफ विभाग व सरकार को अवगत कराते हुए लिखूंगी। आगे उन्होंने बैठक में नही आने वाले सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश जारी की हैं। बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान,बीपीओ रंजना भारती को सभी स्कूलों में मध्यांहन भोजन की चावल जल्द उपलब्ध कराने एवं स्कूलों में लंबित साईकल वितरण को जल्द वितरण करने एवं उसमें पंचायत क्षेत्र के सम्बंधित प्रतिनिधियों के उपस्थिति में वितरण कराने का निर्देश दिया है।

# प्रेमिका कुमारी और विकास मेहता बने डाला कलां पंचायत के पंचायत सहायक



ग्राम पंचायत डालाकला में आयोजित आम सभा में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

पांडू पलामू। प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां पंचायत सचिवालय में बीडीओ के निर्देश पर आम सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता डाला कलां पंचायत के मुखिया राम कुमार यादव ने की। आम सभा में पंचायती राज्य झारखंड के निर्देशन में पूर्व से कार्यरत पंचायत स्वयं सेवक प्रेमिका कुमारी देवी पति मिथलेश रजक एवं विकास मेहता पिता अंबिका महतो को पंचायत सहायक के पद पर चयन किया गया। जिसमें पंचायत पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सर्वसम्मति एवं ग्रामीण जनता के द्वारा आम सहमति दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी, ललिता देवी, सुनील बैठा, राजमुनि राम, शंभूशरण सिंह, बैजनाथ सिंह, प्रदीप यादव, रणजीत सिंह, अरविंद सिंह, सतीश सिंह, सतेंद्र यादव, मल्लू राम, प्रणव कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसकेएमयू शिक्षकेत्तर कर्मी संघ का आंदोलन समाप्त

● नियुक्ति वर्ष 2016 से शिक्षकेतर कर्मियों को मिलेगा एसीपी-एमएसीपी का अगले तीन माह के अंदर लाभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई। अब विश्वविद्यालय में सभी शैक्षणिक कार्य पूर्व की भांति सुचारू रूप से चलेंगे। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व ही कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्त करने के संबंध में विवि को पत्र सौंपा था। जिसमें संघ ने विवि को विनोबा भावे विवि, हजारीबाग के तर्ज पर एसीपी-एमएसीपी बहाल करने की मांग की थी। जिसको लेकर मंगलवार को कुलपति सभागार कक्ष में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघ प्रतिनिधिमंडल की बैठक आहूत हुई। जिसमें सहमति बनी कि 1 जनवरी 2016 के पूर्व नियुक्त शिक्षकेतर कर्मचारियों को पूर्व की भांति एसीपी-एमएसीपी का लाभ मिलता रहेगा। समझौता तिथि से अगले तीन माह तक आंतरिक स्त्रोत से एसीपी-एमएसीपी का भुगतान होगा। वर्ष 2012 में नियुक्त कर्मचारियों को एसीपी-एमएसीपी का लाभ देने के संबंध में निर्णय आगामी परिषद की बैठक में निर्णय लिया जायेगा। वहीं 01 जनवरी 2016 के बाद नियुक्त गैर-शिक्षण कर्मचारियों को सरकार को निर्धारित कर भेजा गया सातवें वेतनमान के अंतर्गत निर्धारित वेतन के आधार पर माह नवंबर से वेतन का भुगतान होगा। हड़ताल अवधि के कुल 77 दिनों को अर्जित अवकाश से समायोजित करने पर भी सहमति बनी। कर्मचारियों को उपरोक्त समस्त भुगतान के लिए बंधेज पत्र जमा करना होगा। समझौता बैठक में कुलसचिवव डॉ राजीव कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, वित्त पदाधिकारी डॉ विजय कुमार, सीसीडीसी डॉ अब्दुस सतार, ओएसडी (विधि) डॉ राजीव रंजन सिन्हा, ब्रजनंदन ठाकुर, दीपक दास, महासंघ अध्यक्ष परिमल कुन्दन, महासचिव नेतलाल मिर्धा, देव नारायण बेसरा, वीरेन्द्र प्रसाद साह, अंजू मुर्मू, सीमा मुर्मू आदि शामिल थे।

# बोकारो डीसी ने पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** नगर के कैंप टू स्थित टाउन हॉल सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले में मैट्रिक-इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षा पदाधिकारी सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों बीडीओ/सीओ सह पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट आदि के साथ बैठक की। बैठक में एसपी मनोज स्वर्गियारी एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ डीईओ जगरनाथ लोहरा आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त जाधव ने कहा कि जहां प्रश्न पत्र रहेगा वहां किसी तरह की कोई कोताही नहीं हो। सभी जगह सीसीटीवी की निगरानी में प्रश्न एवं उत्तर पुस्तिका रहेंगे इसे सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली/पर्याप्त रोशनी/ शौचालय/ पेयजल आदि की व्यवस्था हो ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी/पुलिस बल समय पर अपने प्रखंड के स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र/उत्तर पुस्तिका लेंगे और परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने बीडीओ/सीओ को सभी परीक्षा केंद्रों का स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेने का निर्देश दिया और कहा कि जो कमी है उसे तुरंत ठीक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीईओ को भी अपने स्तर से सभी बीईईओ-केंद्राधीक्षक को परीक्षा केंद्रों में व्यवस्था शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जैक से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप ही परीक्षा का संचालन करना है।

किसी भी तरह की कोई चूक नहीं हो। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने बताया कि जिले में मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 25910 है। जबकि इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 23436 है।

## एक नजर में

### महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

दुमका। समाहरणालय सभागार में महाशिवरात्रि तैयारी को लेकर बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी ए दोड्डे ने किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा 26 फरवरी को रात्रि में शिव बारात निकलेगी। इसे ध्यान में रखते हुए बारात गुजरने वाले पथ को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखा जाये। आगामी 25 एवं 26 फरवरी को किसी भी तरह की श्रृंगार पूजा नहीं होगा। इस दौरान शीघ्र दर्शनम की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि विधुत साज-सज्जा की बेहतर व्यवस्था की जाये। मंदिर के रंग-रोगन का कार्य बेहतर ढंग से की जाये। पार्किंग स्थल चिन्हित कर लिया जाये। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। शिवगंगा की बेहतर ढंग से साफ-सफाई की जाये। पेयजल, शौचालय की बेहतर व्यवस्था रहे। सीसीटीवी, चिकित्सा दल एवं अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था मंदिर क्षेत्र में रहे इसे सुनिश्चित करें। महाशिवरात्रि पर बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो इसका ध्यान रखें। आवश्यक तैयारी समय पर पूरी कर लें। जिससे श्रद्धालु आसानी से पूजा-अर्चना कर सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया।

### मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा शुरू

**हंसडीहा।** झारखंड अधिविद्य परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को सरैयाहाट प्रखंड के आठ परीक्षाई केन्द्रों पर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा का पहला दिन कदाचार मुक्त और शांति पूर्वक रहा। मंगलवार को प्रथम पाली में मैट्रिक के आईआईटी और द्वितीय पाली में इंटर के इएएच व आईटीएस की परीक्षा हुई। राजकीयकृत उच्च विद्यालय हंसडीहा परीक्षा केन्द्र में हुए मैट्रिक के आईआईटी की परीक्षा में 61 और इंटर की परीक्षा में 104 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों पालियों की परीक्षा में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए सरैयाहाट प्रखंड में राजकीय कृत उच्च विद्यालय हंसडीहा, संत फ्रांसिस मिशन हंसडीहा, सेवा मंडल मध्य विद्यालय, रानी सोनावती बालिका उच्च विद्यालय हंसडीहा, मध्य विद्यालय कुरमाहाट, सहित सरैयाहाट में दो और ककनी व दिग्गी में एक एक विद्यालय में परीक्षा केन्द्र बनाया गया।

### जनता दरबार लगा अधिकारियों ने सुनी समस्या

शिकारीपाड़ा। दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में डीसी के निदेर्शानुसार मंगलवार को आमजनों की समस्याओं के समाधान को लेकर जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में बीडीओ मो एजाज आलम, सीओ कपिल देव ठाकुर एवं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित लकड़ा ने संयुक्त रूप से लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में प्रखंड कार्यालय से संबंधित कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि अंचल कार्यालय से संबंधित एक भी आवेदन नहीं प्राप्त हुआ। बताते चलें कि यह पहला मौका था।

## स्पीड न्यूज

### बबीता देवी ने नि:शुल्क शौचालय भवन का किया उदघाटन



बेरमो/ललपनिया। सोमवार को पेयजल, स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो की धर्मपत्नी सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने आईईएल गोमिया प्रखंड कार्यालय समीप एवं महुआटांड़ बाजारटांड़ में नि:शुल्क शौचालय भवन का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। इस शौचालय भवन की व्यवस्था का संचालन समाजिक संस्था श्री फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। वर्षो से यह शौचालय बन कर शुरू होने की बाट जोह रहा था। माननीय पूर्व विधायक महोदया ने मौके पर कहा कि इन शौचालय भवनों के चालू होने से ग्रामीणों, राहगीरों को सहूलियत मिलेगी। काफी दिनों से लोग इन शौचालय भवनों के चालू होने का इंतजार कर रहे थे। यहां मंत्री ने इस ओर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया और आज ये भवन चालू करा लिए गए हैं। इस दौरान फाउंडेशन के लोगों ने बुके भेंटकर बतौर मुख्य अतिथि माननीय पूर्व विधायक बबीता देवी का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पिछरी ओंकार पीठ आश्रम में गुरु जयंती सह वार्षिकोत्सव मनाया गया



बेरमो। बोकारो जिले अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के पिछरी बस्ती स्थित ओंकार पीठ आश्रम में श्री श्री स्वामी स्वरूपानंद परमहंस देव जी महाराज व श्रीमत नित्य सुंदर ब्रह्मचारी का जन्म महोत्सव सह चरित्र गठन आंदोलन सभा वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं मंगलवार की सुबह उषा कीर्तन व ग्रामीणों के साथ नगर भ्रमण किया गया। उसके उपरांत ओंकार पीठ भगवान एवं गुरु महाराज की संपूर्ण उपासना की गई। इस दौरान जामगड़िया से आए ब्रह्मचारी प्रियव्रत अखंड व ब्रह्मचारिणी संघमित्रा, गुरु भ्राता पालतूराम महतो, गोकुलचंद महतो, नकुल मिश्रा, आनंद मिश्रा, अनंत मिश्रा, देवीलाल मिश्रा, लालजी मिश्रा, नागेन्द्र मिश्रा, गणेश पाल, निक्कू मिश्रा, जयनाथ साव, राजू पोद्दार, कैलाश महतो, बासु दिगार, आलोक रजवार, साधना देवी, रजनी देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विवाद में दंपत्ति ने खाया जहर, पत्नी की हुई मौत

दुमका। जिले के जामा थाना क्षेत्र के टेंगधोवा पंचायत के नयाडीह गांव में सोमवार के शाम पति पत्नी के जहर खाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें 25 वर्षीय पत्नी आलामुनि कुमारी की मौत हो गई। लेकिन पति अमृत पुजहर खतरे से बाहर बताया जाता है। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मृतका के शव को कब्जे में लेकर थाना ले आयी। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि छोटी मोटी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया था। इसके उपरांत दोनों ने गुस्से में जहर खा लिया था। मृतका की हालत बिगड़ने पर परिजनों को पता चला कि दोनों ने जहर खा लिया है। तब तक देर हो चुकी थी। विवाहिता की कुछ ही देर में मौत हो गई। जबकि पति जिंदा बच गया है। दोनों से 3 वर्ष का लड़का है। विवाहिता के मायके पक्ष के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

# भारतीय संविधान देश की आत्मा और सर्वोच्च विधान है : मंत्री योगेन्द्र प्रसाद

उन्होंने कहा कि हम सभी को एकता, समानता और अधिकारों के सूत्र में बांधने वाला हमारा संविधान हमारा मान व सम्मान और स्वाभिमान है

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ललपनिया।** सोमवार को पेयजल स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद गोमिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने गोमिया के ललपनिया स्थित कला संस्कृति भवन में आयोजित सम्मान समारोह सह संविधान रक्षा चिंतन शिविर में उन्होंने शामिल हुए। यहां मौके पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारे संविधान की रक्षा और उसकी महत्ताको रेखांकित करता है, बल्कि हमें इसके मूल सिद्धांतों न्याय, स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व को आत्मसात करने की प्रेरणा भी देता है। हम सभी को एकता, समानता और अधिकारों के सूत्र में बांधने वाला हमारा संविधान हमारा मान व सम्मान और स्वाभिमान है। भारतीय संविधान भारत की आत्मा और सर्वोच्च विधान है। इसका अक्षरशः पालन करना हमसभी का कर्तव्य है। इसके अलावा उन्होंने होसिर हाई स्कूल के शासी निकाय की बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान मंत्री ने विद्यालय में शिक्षण गुणवत्ता सुधार और आधारभूत संरचना के विस्तार और छात्रों के सर्वांगीण विकाससे जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकोंका समावेश आवश्यक है, जिससे छात्र प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में आगे बढ़ सकें।

विद्यालय प्रशासन ने मंत्री को स्कूल की वर्तमान स्थिति और आवश्यक सुधार की जानकारी दी। मौकेपर उन्होंने स्कूल में नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी जोर दिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मध्य विद्यालय होसिर में क्लास रूम निर्माण कार्य भूमि पूजन में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहायता प्रदान करेगी, ताकि छात्रों को ओर बेहतर अवसर मिल सकें। क्षेत्र के विद्यार्थियों को हर सुविधा उपलब्ध करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जारहे हैं। इसके बाद उन्होंने प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय, स्वांग में क्लास रूम निर्माण कार्य के भूमिपूजन में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा विद्यालय और छात्रों की हर आवश्यकता को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। सभी बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमें मिले यह हमारा प्रमुख ध्येय है। कहा की अच्छी शिक्षा के बिना उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं की जासकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को समय से बिना किसी त्रुटि के पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान माननीय मंत्री विद्यालय विद्यार्थियों से भी रूबरू हुए। वही उन्होंने ललपनिया में आयोजित माघही मेलाका विधिवत उद्घाटन किया। मौके उन्होंने पूजा अर्चना कर सभी क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। इस दौरान उन्होंने कहाकि यह मेला हमारी संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सामूहिकता की भावना और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देते हैं। इसके बाद उन्होंने शैक्षणिक भ्रमण पर ओडिशा के मयूरभंज जा रहे संताली ओल चिकी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के समूह को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रमो में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# संताल परगना स्टूडेंट यू. ने सीएम के नाम जामा विधायक को सौंपा मांग पत्र

>> संताली भाषा के लिए देवनागरी लिपि का उपयोग यथावत जारी रखने का किया मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के संताल परगना स्टूडेंट यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने झामुमों जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी से उनके आवास पर मुलाकात किया। मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांगों में संताली भाषा के लिए देवनागरी लिपि का उपयोग ही यथावत जारी रखने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन अध्यक्ष विमल मुर्मू कर रहे थे। अध्यक्ष मुर्मू ने कहा कि संताली भाषा प्राचीन भाषाओं में से एक है। उसका अपना मानक और स्टैंडर्ड रूप है। लेकिन कुछ लोग सुनियोजित तरीके से इस भाषा के मानक रूप को बर्बाद करने एवं आदिवासियों को आपस में लड़ाने के उद्देश्य से किसी विशेष लिपि के आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रही हैं। उड़ीसा प्रायोजित लोग यहां के लोगों को गुमराह करने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भाषा के शुद्धता और अस्मिता पर किसी की भी प्रकार की आंच नहीं आने देंगे। इसका उपयोग सन 1940 के पूर्व से ही होता आया है। अब तक इसे एक समृद्ध और विशाल साहित्य की रचना हो चुकी है। संताली भाषा का इतिहास संताल परगना से शुरू होती है। यहां की मानक रूप देवनागरी लिपि पर केंद्रित हैं। सीएम से संताली भाषा के विकास के लिए देवनागरी लिपि को उपयोग में जारी रखा जाये। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विनोद हांसदा, दिलिप टुडू, आनंद हेम्ब्रम, कुलदीप सोरेन, राजेश पौरिया, सचिन सोरेन, अंथोनी हांसदा, सुरेश बेसरा, संतोष हेम्ब्रम आदि छात्र उपस्थित थे।

# दुमका सुपर 30 के संस्थापक आंनद ने शिक्षक डॉ सपन कुमार को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रयागराज में ज्ञान महाकुंभ का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**दुमका।** जिला के शिक्षक डॉ सपन कुमार को ज्ञान महाकुंभ सम्मेलन में सम्मानित किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित भारतीय शिक्षा राष्ट्रीय संकल्पना विषय पर देश भर के उत्कृष्ट आचार्य का राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 8 में किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में शिक्षक डॉ सपन कुमार को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। एक राष्ट्र एक नाम, हरित महाकुंभ एवं भारतीय शिक्षा पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय शिक्षा सम्मेलन में बिहार के प्रसिद्ध सुपर 30 के निदेशक आनंद कुमार, शिक्षा संस्कृति उत्थान के सचिव अतुल कोठारी, दिल्ली के शिक्षाविद अनीता शर्मा, नीति आयोग के शशांक सहित कई राज्यों के शिक्षा सचिव, कुलपति, कुलसचिव एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया। डॉ सपन कुमार पत्रलेख ने कहा कि महाकुंभ के पवित्र स्थल में ज्ञान महाकुंभ का आयोजन होना देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि गरीबी को समाप्त करने का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। शिक्षा ही ऐसा हथियार है, जिससे हर क्षेत्र की समस्या का निदान किया जा सकता है। महाकुंभ में एक और जहां भक्ति की अविरल धारा बह रही है। वहीं इसी महाकुंभ में ज्ञान महाकुंभ का आयोजन देश की शिक्षा को नई दिशा देने का काम करेगा। डॉ सपन ने आदिवासी बहुत क्षेत्र दुमका के गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि कोविड जैसे कठिन परिस्थिति में भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधन का प्रयोग करते हुए ब्लैकबोर्ड मॉडल से उन्होंने शिक्षा जारी रखी थी। जिसका लाभ आज भी गांव के असाक्षर लोगों को शिक्षित करने में किया जा रहा है। सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार ने डॉ सपन के प्रयास की काफी सराहना करते हुए कहा कि डॉ सपन के ब्लैकबोर्ड मॉडल को पढ़ा था एवं सोशल मीडिया में देखा था आज हुए स्वयं मिलकर काफी खुश है। उन्होंने कहा कि सपन जैसे लोग देश में जो कार्य कर रहे हैं। वह भारत को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही प्रयास से भारत एक दिन पुनः शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरु बनेगा।

# जिला योगासना खेल संघ का डीपीएस बोकारो में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के आह्वान पर बोकारो जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों के लिए सूर्य नमस्कार का विशेष सत्र आयोजित किया गया। 12 फरवरी को गुरु रविदास जयंती तक संगठन की ओर से चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट के तहत संगठन की बोकारो इकाई एवं डीपीएस बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का गहन अभ्यास किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे बोकारो जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य मुख्य रूप से स्वस्थ युवा एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है इसलिए युवा दिवस से इसकी शुरूआत की गई है। लोगों को मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना मुख्य ध्येय है जिससे कि एक स्वस्थ समाज एवं मजबूत भारत का निर्माण हो सके। संगठन के सचिव एवं विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम झारखंड के सभी जिलों में महासचिव विपिन कुमार पांडेय के निदेर्शानुसार आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर संगठन की बोकारो इकाई के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के उप प्राचार्य अंजनी भूषण संघ के कोषाध्यक्ष राजन कुमार सिंह सहित विद्यालय के कई वरीय शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बेरमो : नगदी और गहनों समेत बीस लाख की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में पिछले कई महीनो से डीवीसी चंद्रपुरा के आवासीय क्वार्टरों में चोरों द्वारा अनगिनत चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चका है। जो निरंतर जारी है। बताते चले की गृह स्वामी सरयु रविदास पेशे से एक शिक्षक है जो डीवीसी फर्स्ट मिडिल स्कूल का हेड मास्टर के तौर पर कार्यरत हैं। जो अपने बड़े पुत्र समीर कुमार के तिलक में सपरिवार गिरिडीह गए हुए थे। तिलक से लौटनें के उपरांत इन्होंने देखा कि क्वार्टर संख्या ई/सी2 जो इनका निवास स्थान है उसका ताला टूटा हुआ हैं। और अंदर से बंद है तभी उन्होंने पीछे के दरवाजे पर गए जो दरवाजा खुला हुआ था। इसकी जानकारी तत्काल इन्होंने स्थानीय थाना को दिया। चंद्रपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की जिससे स्पष्ट हुआ कि चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए करीब आठ लाख रुपये नगदी तथा तथा 10 से 12 लख रुपए के ज्वेलरी समेत कुल लगभग 20 लाख रुपए मूल्य की चोरी चोरो के द्वारा की गई हैं। चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में चोरों के द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है आम लोगों की बातें छोड़ दें तो इससे पहले डीवीसी अधिकारियों एवं पत्रकारों की घरों को भी निशाना बनाया जा चुका है।

## पेज एक का शेष

### आज माघी पूर्णिमा...

**रोज करीब एक करोड़ पहुंच रहे हैं :** देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही उम्मीद जतायी थी कि कि इस बार 45 करोड़ श्रद्धालु आ सकते है। उनकी उम्मीद महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गयी। एक दिन में 8 करोड़ स्नान का रिकार्ड

अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था। 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किय। 30 जनवरी व एक फरवरी को 2-2 करोड़ से ज्यादा और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगायी। बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगायी थी।

### अकारण आवेदन रिजेक्ट ...

**ग्रामीण सड़कों का ध्यान रखें :** एनएचएआई कार्य परियोजना को लेकर मंत्री ने दो टूक कहा कि जहां तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानियां होती है। उन्होंने लैंड एक्वीजेशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। कहा कि एनएचएआई की जिम्मेवारी है कि पदाधिकारी लैंड एकयूजेशन संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

**कैंप की निगरानी करेंगे अधिकारी :** विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण का वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जायें। कमजोर प्रदर्शन करनेवाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने एलआरडीसी और एसी को अंचलों में लगनेवाले कैंप की विशेष निगरानी करने का खास निर्देश दिया। मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ससमय सभी कार्यों के निष्पादन के लिए समन्वय स्थापित कर काम करें। बैठक मंत्री दीपक बिरुआ के अलावे सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलेभर से आए एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

### नयी तकनीक से ...

**लक्ष्य की यात्रा और आसान होगी :** 'एआई एक्शन समिट' में मोदी ने इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर बना कर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खास तौर पर ग्लोबल साउथ में एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। 'एआई एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाये।

**ओपन-सोर्स सिस्टम जरूरी :** श्री मोदी ने कहा हमें ओपन-सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाते हैं। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्ता वाले डेटा सेट का निर्माण करना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और जन-केंद्रित अनुप्रयोग बनाना चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, दुष्प्रचार और गहरी नकली से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए। और, हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र में निहित है ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो।

**भारत अग्रणी है :** उन्होंने कहा कि भारत ने बहुत कम लागत पर एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सफलतापूर्वक बनाया है। यह एक खुले और सुलभ नेटवर्क के आसपास बनाया गया है। हमने डिजिटल वाणिज्य को लोकतांत्रिक और सभी के लिए सुलभ बनाया है। यह विजन भारत के राष्ट्रीय एआई मिशन की नींव है। यही कारण है कि, हमारे जी 20 अध्यक्षीय काल के दौरान, हमने एआई को जिम्मेदारी से, अच्छे के लिए और सभी के लिए उपयोग करने पर आम सहमति बनाई। आज, भारत एआई को अपनाने और डेटा गोपनीयता पर तकनीकी-कानूनी समाधानों में अग्रणी है। हमारे पास दुनिया के सबसे बड़े एआई प्रतिभा पूल में से एक है। भारत अपनी विविधता को देखते हुए अपना विशाल भाषा मॉडल बना रहा है।

### लाठकर परमाणु ऊर्जा ...

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने संजय लाठकर को एडीजी स्तर और वेतन पर परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आइजी सुरक्षा के पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। संजय आनंद महाराष्ट्र के रहने वाले हैं, इसलिए उन्हें एक बार फिर अपने ही राज्य में रहने या यूं कहें कि रिटायरमेंट तक का मौका मिला है।

**झारखंड में एडीजी रैंक के अफशर गटे :** संजय आनंद के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद झारखंड में एडीजी रैंक के अधिकारियों की कमी हो जायेगी। वह फिलहाल एडीजी अभियान के पद पर थे। इससे पहले झारखंड पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण विभाग माना जाने वाला स्पेशल ब्रांच भी एडीजी के बिना ही चल रहा है। राज्य में अभी भी कई महत्वपूर्ण विभागों में एडीजी रैंक के अधिकारी नहीं हैं।

# समावेशी विकास सुनिश्चित करना बजट का लक्ष्य : वित्तमंत्री

## बड़े उद्योगपतियों के लक्ष्य को साध कर बना है बजटः विपक्ष



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2025-26 पर लोकसभा में हुई आम चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को जवाब दिया। उन्होंने पश्चिम एशिया से लेकर यूक्रेन तक जारी युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी अनिश्चितताओं के वातावरण में तैयार इस बजट में ह्यट्रांसफॉर्मिंग इंडियाह्ल को ह्यविकसित भारतह्ल बनाने की चुनौतियों को साधने की कोशिश की गई है। बजट का उद्देश्य समावेशी विकास के साथ ही अन्नदाता, गरीब, नारी और युवाओं पर फोकस करना था। वित्त मंत्री ने कहा, यह बजट ऐसे समय में आया है जब काफी अनिश्चितताएं हैं और वैश्विक आर्थिक परिवेश में बदलाव ने इसे चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इसलिए यदि ऐसी चुनौतियां हैं, जिनके कारण बजट तैयार करना और भी अधिक अनिश्चितताओं वाला हो गया है, तो मुझे कम से कम सदन के समक्ष यह बात रखनी होगी कि ऐसे मुद्दे हैं जो वैश्विक चिंता का विषय हैं और जिनका हमारे बजट निर्माण पर भी प्रभाव पड़ता है।

**गरीबों, युवाओं, अन्नदाता और महिलाओं पर फोकस :** उन्होंने कहा, बजट राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं को राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलित करता है। वित्त मंत्री ने बजट के चार मुख्य लक्ष्य बताए जिनमें जीडीपी विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र के निवेश को एकीकृत करना और घरेलू निवेश को बढ़ावा देना शामिल है। सीतारमण ने आगे कहा कि बजट का फोकस गरीबों, युवाओं, अन्नदाता और महिलाओं पर है।

इसका उद्देश्य कृषि, एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं और सुधारों को सामने लाना है, जो विकास और ग्रामीण समृद्धि और लचीलेपन के साथ-साथ विकास के इंजन के रूप में काम करेंगे।

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने बजट को बड़े उद्योगपतियों के हित साधने के लक्ष्य वाला बजट करार देते हुए कहा है कि इसमें आम जनता की समस्याओं के निदान के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

लोकसभा में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने बजट पर तीसरे दिन की चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि बजट 2025-26 को लक्ष्य बनाकर तैयार किया गया और कहा कि यह बजट बड़े लोगों, बड़े उद्योगपतियों के हित में है। इसमें विकास का लक्ष्य नहीं है। सरकार ने 2047 तक देश को विकसित करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन इस बजट में इस लक्ष्य को हासिल करने के कोई प्रयास नहीं हुए हैं। सफल बजट कुछ ही लोगों को फायदा देने के लिए नहीं बनाया जाना चाहिए बल्कि इसमें सबका हित निहित होना चाहिए।

श्री यादव ने कहा कि बजट में किसान की आय दोगुनी करने का कोई रोड मैप नहीं रखा गया है। किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी नहीं मिल रही है, जबकि इस लड़ाई को लड़ते हुए कई किसान अपनी जान गंवा चुके हैं। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर सरकार सिर्फ दावे करती हे लेकिन इसे क्रियान्वित नहीं करती है। फल और सब्जी के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। कृषि क्षेत्र में शोध के लिए व्यवस्था नहीं की गई है। फसल बीमा योजना को लेकर सरकार ने खूब प्रचार किया, लेकिन जब दावों को पूरा करने की बात आती है तो किसान को कुछ नहीं दिया जाता है। सरकार बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करती है, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया जाता है। उनका कहना था कि किसानों के उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी नहीं होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोगों को दिक्कत हो रही है वहां हर आदमी जाम में फंसा है जबकि पूरा प्रशासन जाम खोलने में लगा हुआ है। सरकार चांद पर पहुंचने की बात करती है, लेकिन चांद पर पहुंचने का क्या फायदा जब जमीन की बात नहीं दिखती हो। डिजिटल कुंभ की बात की जा रही है, लेकिन वहां भगदड़ में मारे गये लोगों की संख्या अब तक सामने नहीं आई है। डिजिटल एरेस्ट की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार सिर्फ डिजिटल इंडिया की ही बात करती रह गई है।

सपा नेता ने कहा कि सरकार ने एसएमएसई के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं की है जबकि यह 11 करोड़ लोगों को एसएमएसई रोजगार देता है। इसमें देश में सबसे ज्यादा रोजगार होता है, लेकिन ऐसे लोगों के लिए कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया है। एमएसएमई को सरकार की तरफ से कोई फायदा नहीं हो रहा है, लेकिन उन्हें विश्वास है कि सरकार एसएमएसई के लिए जरूरी कदम उठाएगी। बजट में जो प्रावधान सभी लोगों के विकास के लिए होने चाहिए लेकिन इस बजट में कुछ भी व्यवस्था नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश में सरकार आवारा पशुओं से लोगों का मुक्ति नहीं दिला पा रही है जबकि इसके कारण आए दिन घटनाएं हो रही है। सरकार आसमान छूती महंगाई नहीं रोक पा रही है और कंपनियों से उगाही की जा रही है।

भाजपा की हेमा मालिनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिलाओं के उत्थान के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारण अपना आठवां बजट पेश कर रही हैं। सरकार तेजी गति से काम कर रही है और वह भी अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को बढावा दे रही हैं। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि देश के आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। सभी सरकारी स्कूलों में ब्राडबैंड की कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार के काम की तारीफ की और कहा कि हर जिस मुख्यालय में कैंसर सेंटर खोलने का असाधरण फैसला है। आयकर में अब तक सबसे बड़ी कटौती करने की घोषणा की गई है और इस घोषणा का मध्यम वर्ग पर अत्यधिक सकारात्मक असर पड़ा है।

उन्होंने महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभार किया।

### बीमा धारकों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**नयी दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि वह बीमा धारकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई स्तर पर नियामक और नियंत्रक तैनात किये गये हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सरकार ने बीमाधारकों की सुरक्षा के लिए नियम – प्रावधान तय किये, जो इरडा की निगरानी में लागू किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बीमा कंपनी किन्ही कारणों से संकट में आती है तो बीमाधारकों को अन्य बीमा कंपनी के साथ जोड़ दिया जाता है। इसलिए देश में किसी भी बीमाधारक को कंपनी बंद होने के कारण संकट का सामना नहीं करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बीमाधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए इरडा और बीमा कंपनियों में तंत्र बनाया गया है। किसी की भुगतान के बारे में इरडा का फैसला आने के बाद बीमा कंपनी को 30 दिन के भीतर भुगतान करना होगा और इसमें विफल रहने पर 5000 रुपए प्रतिदिन का जुमार्ना देना होगा।

## स्पीड न्यूज

### इंडोनेशिया में स्पीडबोट पलटने से चार लोगों की मौत, तीन लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी कालीमंतन प्रांत में 51 यात्रियों को ले जा रही एक स्पीडबोट के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हो गये। एक वरिष्ठ बचावकर्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय में परिचालन इकाइयों के प्रमुख डेडे हरियाना के अनुसार, सोमवार को बुलुंगन रीजेंसी के क्षेत्र से गुजरते समय स्पीडबोट इक्सा एक्सप्रेस ऊंची लहरों की चपेट में आ गई और पलट गई।

### अमेरिका में दो विमान टकराए, एक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सोमवार को दो निजी विमानों की टक्कर में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्कॉट्सडेल हवाई अड्डे के प्रवक्ता केली कुएस्टर ने कहा कि ऑस्टिन से आने वाला एक लियरजेट 35ए रन-वे में पहले से खड़े एक जेट से टकरा गया। ऐसा प्रतीत होता है कि लियरजेट का बायां मुख्य गियर लैंडिंग के समय विफल हो गया। स्कॉट्सडेल हवाई अड्डा फीनिक्स से लगभग 22 मील उत्तर पूर्व में स्थित है। यूएसए टुडे के अनुसार, सोमवार दोपहर को स्कॉट्सडेल अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता कैप्टन डेव फोलियो ने हादसे में एक व्यक्ति के मरने और चार अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर है।

### पाकिस्तान में विरोध के बीच सुप्रीम कोर्ट में सात जजों की नियुक्ति

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान न्यायिक आयोग ने विरोध के बीच अपनी बहुप्रतीक्षित बैठक में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट में सात जजों की नियुक्ति पर मुहर लगा दी। इनमें बलूचिस्तान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद हाशिम खान काकर, सिंध हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद शफी सिद्दीकी, सिंध हाई कोर्ट के जस्टिस सलाहुद्दीन पंहवार, पेशावर हाई कोर्ट के जस्टिस शकील अहमद, इस्लामाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस आमेर फारूक और पेशावर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस इश्तियाक इब्राहिम शामिल हैं।

### गाजा पट्टी में फिर छिड़ सकता है युद्ध

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और आतंकवादी समूह हमास के बीच फिर लड़ाई छिड़ने के आसार हैं। हमास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हालिया रणनीतिक मुलाकात के बाद कड़ा संदेश दिया है। हमास ने सोमवार को कहा कि वह शनिवार को होने वाली बंधकों की रिहाई को फिलहाल स्थगित कर रहा है। द टाइम्स ऑफ इजराइल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, हमास के सैन्य विंग के प्रवक्ता हुदैफा काहलौत उर्फ अबू ओबेदा ने कहा कि इजराइल ने तीन हफ्तों में समझौते के तहत अपने दायित्वों को पूरा नहीं किया है। इजराइल के रक्षा बल गाजा में मानवीय सहायता के प्रवाह में बाधा डाल रहे हैं। ओबेदा ने चेतावनी दी है कि फिलहाल 73 बंधकों की रिहाई अगली सूचना तक स्थगित की जा रही है।

# भारत के साथ मिलकर उन्नत रक्षा प्रणालियों का विकास करें वैश्विक समुदाय : राजनाथ

एजेंसी

**बेंगलुरु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में भागीदारी और सहयोग के महत्व पर बल देते हुए वैश्विक समुदाय से उन्नत प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन में भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया है। श्री सिंह मंगलवार को यहां 15वें एयरो इंडिया के हिस्से के रूप में आयोजित रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 स्थायी सचिव और 17 सेवा प्रमुख शामिल थे। रक्षा मंत्री ने कहा,ह्लसंघर्षों की बढ़ती संख्या, नई शक्ति के खेल, नए हथियार और सरकार से इतर तत्वों की बढ़ती भूमिका और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के उद्भव ने विश्व व्यवस्था को और अधिक नाजुक बना दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये साइबरस्पेस और बाह्य अंतरिक्ष संप्रभुता की स्थापित परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, हाइपरसोनिक और निर्देशित ऊर्जा जैसी विध्वंसकारी प्रौद्योगिकियां युद्ध के चरित्र को बदल रही हैं और नई कमजोरियां पैदा कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन परिवर्तनों का भविष्य के युद्ध पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक क्षमताओं का पुनर्मूल्यांकन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। रक्षा मंत्री ने बताया कि कमजोर स्थिति से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और शांति सुनिश्चित नहीं की जा सकती है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार रक्षा क्षमताओं को बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा,ह्लहमने एक अनुकूल नीति व्यवस्था लागू की है जो आधुनिक भूमि, समुद्री और वायु प्रणालियों की एक पूरी श्रृंखला के निवेश और उत्पादन को प्रोत्साहित करती है। रक्षा में अनुसंधान और विकास और नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में भारत का उभरना हमारी क्षमताओं और आकांक्षाओं का प्रमाण है। श्री सिंह ने कहा कि भारत के पास एक जीवंत रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसमें दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने भारतीय एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए जाने वाले सहयोग के अद्वितीय अवसरों पर प्रकाश डाला, जो एक महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास आधार और उद्यमशीलता की भावना द्वारा समर्थित हैं। उन्होंने रक्षा मंत्रियों और अन्य विदेशी प्रतिनिधियों से कहा,ह्लहमारा कौशल आधार हमें अत्यधिक प्रतिस्पर्धी लागतों पर उत्पादन करने में सक्षम बनाता है। भारत अपने मित्रों और भागीदारों के साथ अत्याधुनिक रक्षा उपकरण, हार्डवेयर, सेवाएँ और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री ने शांति, सुरक्षा और विकास के भारत के दृष्टिकोण को रखा, जो समावेशी और सहयोगात्मक है।



## नौ साल पहले की फ्लॉप फिल्म 'सनम तेरी कसम' अब हिट



**फिल्म** 'सनम तेरी कसम' 9 साल पहले रिलीज हुई थी। यह फिल्म उस समय फ्लॉप हो गई थी, अब पुनः रिलीज होने से लेकर चर्चा में है। वर्ष 2016 में रिलीज हुई हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' शुक्रवार 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हो गई है। इस फिल्म को अब वह लोकप्रियता मिल रही है, जो 9 साल पहले नहीं मिल सकी थी।

फिल्म 'सनम तेरी कसम' को दोबारा रिलीज करने का निमार्ताओं का निर्णय सही लग रहा है। हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर सनसनी मचा दी है। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। इसने अब तक मूल रिलीज से अधिक कमाई कर चुकी है। फिल्म ने दर्शकों को आकर्षित किया है। इस फिल्म ने अपने पहले वीक में बड़ा मुनाफा कमाया। फिल्म को चौथे दिन भी दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इस फिल्म ने हिमेश रेशमिया की फिल्म और जुनैद-खुशी की 'लवायपा' को पीछे छोड़ दिया है। 'सनम तेरी कसम' ने दोबारा रिलीज होने के बाद शुक्रवार को पहले दिन 5.14 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने अपने पहले हप्ते में 18 करोड़ रुपये कमाए। नौ साल पहले फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन सिर्फ नौ करोड़ रुपये था। पुनः रिलीज होने के बाद इसने अपनी पुरानी कमाई को पार कर लिया। दूसरे दिन 'सनम तेरी कसम' ने 6.22 करोड़ रुपये और रविवार को 7.21 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म का पहले हप्ते का कुल कलेक्शन 18.57 करोड़ हो गया। फिल्म ने अपने चौथे दिन यानी सोमवार को भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

## पंजाब को एक मॉडल राज्य बनायेंगे: मान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब का चहुंओर विकास करके देश के सामने इसे एक मॉडल राज्य बनायेंगे। श्री भगवंत मान ने मंगलवार को यहां पंजाब से आए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों की पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक के बाद कहा कि पंजाब को ऐसा मॉडल बनाएंगे कि पूरा देश देखेगा। हमें उम्मीद है कि हमारे जो वॉलेंटियर्स हैं, वह बिना किसी लालच के मेहनत से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमने स्कूल और अस्पतालों का कायाकल्प किया। दिल्ली में जिन लोगों ने काम किया है, उनके अनुभव का इस्तेमाल पंजाब में करेंगे। श्री मान ने कहा, हमारी पार्टी काम के नाम से जानी जाती है। हमारी पार्टी धर्म,पैसे बांटने और गुंडागर्दी का काम नहीं करती है। हम पंजाब में व्यापारियों का विश्वास जीतने में कामयाब हुए हैं। पंजाब में बड़ी-बड़ी कंपनियां निवेश कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के दावे पर कहा कि प्रताप सिंह बाजवा पौने तीन साल से यही कह रहे हैं। उन्हें कहने दें, हमारे विधायकों की गिनती नहीं करें, पहले अपने विधायक दिल्ली में गिन लें। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता बाजवा ने दावा किया था कि आप के 25 से 30 विधायक उनके संपर्क में हैं।



### प्रधानमंत्री डिग्री विवाद पर डीयू ने कोर्ट में कहा- आरटीआई दाखिल करना आजकल पेशा बना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिग्री विवाद के मामले पर केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) ने हाईकोर्ट से कहा कि आरटीआई दाखिल करना आजकल एक पेशा बन गया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आरटीआई दाखिल करने के लिए सिर्फ जिज्ञासा ही जरूरी नहीं है। यहां सवाल यह है कि क्या कोई भी आरटीआई दाखिल कर दूसरों की डिग्री मांग कर सकता है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि कोई तीसरा पक्ष यह नहीं कह सकता कि उसे किसी की निजी जानकारी सिर्फ इसलिए चाहिए क्योंकि वह जिज्ञासु है। उन्होंने कहा कि किसी की डिग्री निजी जानकारी है। हाईकोर्ट ने सभी पक्षकारों को इस मामले में लिखित नोट दाखिल करने की अनुमति देते हुए मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को तय कर दी। इसके पहले भी सुनवाई के दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी ने कहा था कि किसी तीसरे पक्ष की उत्सुकता को शांत करने के लिए आरटीआई का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। दिल्ली यूनिवर्सिटी ने कहा था कि किसी छात्र की सूचना किसी भी अन्य तीसरे पक्ष को कानून में देने का प्रावधान नहीं है।




# 15 हजार शंखध्वनि के महासुर में बही सनातन संस्कृति की दिव्यता

### भक्तिभाव में झूम उठीं संगम की लहरें

**महाकुम्भ नगर ।** वसुधैव कुटुम्बकम की लौ प्रकाशित कर रहा दुनिया का सबसे बड़ा महाकुम्भ मंगलवार को सांझ बेला में विश्व शांति के लिए जब एक साथ 15 हजार शंखध्वनि से गूंज उठा तो वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया, संगम की लहरें भक्तिभाव में झूम उठीं और पूरी सनातनी दुनिया अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गई।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-8 में श्रीजीयर स्वामीजी महाराज के दिव्य मंगलानुशासन में संचालित शिविर में अन्तरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन के अवसर पर मंगलवार को 15 हजार मातृशक्तियां, बटुकों एवं श्रद्धालुओं ने एक साथ शंखनाद किया, इस ध्वनि से पूरा संगम क्षेत्र गूंज उठा। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि सनातन परंपरा का विश्व स्तरीय प्रदर्शन, जिसने भारत की आध्यात्मिक शक्ति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित कर दिया। हजारों संतों, श्रद्धालुओं और भक्तों की उपस्थिति में श्रीत्रिदण्डी स्वामीजी महाराज सेवा शिविर बक्सर बिहार के इस महायज्ञ ने एक नई आध्यात्मिक चेतना को जन्म दिया। शंखों की गूंज सिर्फ प्रयागराज तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सनातन धर्म की अमिट धरोहर बनकर पूरे विश्व में गूंजी। गंगा तट पर गूंजती शंखध्वनि ने मानो सनातन धर्म की दिव्यता और शक्ति का भव्य प्रदर्शन किया। 144 वर्षों बाद आई शुभ घड़ी में इस महासंयोग ने इतिहास रच दिया।



धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व स्वामी श्रीजियर जी महाराज ने बताया कि शंखनाद को सनातन धर्म में सकारात्मक ऊर्जा और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस आयोजन के माध्यम से सनातन परंपरा का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पुनः स्थापित हुआ। शंखध्वनि से वातावरण की शुद्धि होती है और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। वैज्ञानिक रूप से शंख बजाने से फेफड़ों की शक्ति बढ़ती है और शरीर में ऑक्सीजन संचार बेहतर होता है। यह दिव्य शंखनाद सनातन संस्कृति के गौरवशाली इतिहास को विश्व पटल पर उजागर करने का माध्यम बनेगा।

उन्होंने बताया कि भाष्याकार श्री रामानुज स्वामी जी की सहस्त्राब्दी जयंती पर 15 हजार भक्तों ने एक साथ शंखनाद किया। इस मौके पर भारत के सभी राज्यों से काफी संख्या में संत-महात्मा एवं पीठाधीश्वर जुटे हुए थे। दक्षिण भारत से आए संतों ने कहा कि जो काम रामानुज स्वामी हजारों वर्ष पहले दक्षिण भारत में किए थे, वहीं कार्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज उत्तर भारत में कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं में उत्साह, संतों ने दिया आशीर्वाद इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने इसे एक अद्भुत और अलौकिक अनुभव बताया। पूज्य संतों ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह आयोजन सनातन धर्म की अखंडता और भारतीय संस्कृति की महानता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धर्म के बिना मानव जीवन संभव नहीं है, धर्म रहेगा तभी हम रहेंगे।